लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 16 | अंकः 111 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | रविवार | 02 फरवरी, 2025

## आम बजट : 2025




### मध्यम वर्ग के लिए ऐलान

- अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिक्शन के साथ टैक्स लिमिट 12.75 लाख।
- बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गई।
- टीडीएस की सीमा 10 लाख रुपए की गई।
- 4 साल तक अपडेटेड आईटीआर भर सकेंगे।
- किराया आमदनी पर टीडीएस छूट 6 लाख रुपए की गई।
- मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी।
- ईवी और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी।
- एलईडी-एलसीडी टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5 प्रतिशत की गई।
- देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा।
- 1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा।
- शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी।
- एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे।
- हर घर नल से जल पहुंचाने जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।

### महिलाओं के लिए 2 ऐलान

- एससी-एसटी की एमएसएमई महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना।
- पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा।

### 200 डे-केयर कैसर सेंटर बनेंगे

- मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगीं।
- 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5 प्रतिशत घटाई।
- 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर।

### इस बजट से बड़ा बदलाव आएगा : मोदी

निर्मला सीतारमण के बजट में इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिली है। अब नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12.75 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट 2025 पेश किया। इसमें कई तरह की घोषणाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के लिए निर्मला सीतारमण को बधाई दी। पीएम ने कहा, %हर कोई आपकी प्रशंसा कर रहा है, बजट बहुत अच्छा है।% प्रधानमंत्री ने कहा- यह बजट सामान्य नागरिक, विकसित भारत के मिशन को पूरा करने वाला है। ये बजट इन्वेस्टमेंट, कन्जम्प्शन को बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री और उनकी टीम को जनता का बजट बनाने के लिए बधाई देता हूं।

### 36 जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल सस्ते होंगे

सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। अगले फाइनेंशियल इयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे। सरकार का फोकस बिहार पर भी दिखा, जहां इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीतारमण ने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना करने का ऐलान किया। राज्य में आईआईटी का विस्तार होगा। मखाना बोर्ड और 3 नए एयरपोर्ट भी बनाए जाएंगे।

# मध्यवर्ग गदगद

## अब 12 लाख की सालाना कमाई पर कोई भी टैक्स देने की आवश्यकता नहीं

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के मध्यवर्ग को लुभाते हुए मनभावन बजट पेश किया
- सबसे बड़ा ऐलान नए टैक्स स्लैब को लेकर रहा, जिसे बढ़ाकर 12 लाख कर दिया
- वित्त मंत्री ने किसानों, मरीजों के साथ ही सभी वर्गों का भी विशेष ध्यान रखा




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के मध्यवर्ग को लुभाते हुए मनभावन बजट पेश किया। सबसे बड़ा ऐलान नए टैक्स स्लैब को लेकर रहा, जिसे बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है। सीतारमण ने ऐलान करते हुए कहा कि अब 12 लाख की सालाना कमाई पर कोई भी टैक्स देने की आवश्यकता नहीं है। यह बदलाव न्यू टैक्स व्यवस्था के तहत किया गया है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने किसानों, मरीजों के साथ ही सभी वर्गों का भी विशेष ध्यान रखा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2025-2026 के लिए शनिवार को संसद में बजट पेश किया। यह मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्णकालिक बजट है। वित्त मंत्री ने आम बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखने की कोशिश की है। वित्त मंत्री ने कई दवाइयों से कस्टम ड्यूटी खत्म कर दी है।

### स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपये

मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में कई बड़े ऐलान किया है। इसमें से एक स्टार्टअप को लेकर भी है। वित्त मंत्री ने स्टार्टअप के लिए फंड का ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्टार्टअप को लेकर कहा कि सरकार के 10 हजार करोड़ रुपये के योगदान से फंड की व्यवस्था की जाएगी यानि जो लोग स्टार्टअप शुरू करेंगे उनके लिए 10 हजार करोड़ का लोन दिया जाएगा।

### स्टार्टअप : 5 लाख महिलाओं, एससी और एसटी उद्यमियों के लिए 2 करोड़ रुपये का ऋण


वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के दौरान यह भी जानकारी दी है कि सरकार पहली बार 5 लाख महिलाओं, एससी और एसटी उद्यमियों के लिए 2 करोड़ रुपये का ऋण देगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि नया फंड न केवल उभरते उद्यमियों को सहायता प्रदान करेगा, बल्कि घरेलू पूंजी निवेश को भी बढ़ावा देगा।

### युवाओं के लिए ऐलान




- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा।
- 500 करोड़ रुपए से 3 एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- देश में 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी।
- मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी।
- देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेश होगा।
- पटना आईआईटी में होस्टल सुविधाएं बढ़ाई जाएगी।
- मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा देंगे।
- स्किल बढ़ाने के लिए 5 राष्ट्रीय स्तर के सेंटर बनाए जाएंगे।
- सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।

### व्यापारियों के लिए ऐलान



- एमएसएमई के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ होगी।
- सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव।
- 7 टैरिफ रेट हटेंगे। अब देश में 8 टैरिफ रेट ही रह जाएंगे।
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टियर-2 शहरों में बनाए जाएंगे।
- देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने राष्ट्रीय योजना बनेगी।
- नई लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।
- बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी बनेगा।
- सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी होंगे।
- पहले वर्ष 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।
- शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़कर 30 हजार रुपए होगी।

### पांच वर्षों में 75,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी

इस बजट में मेडिकल छात्रों के लिए भी गुड न्यूज़ है। अगले पांच वर्षों में 75,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी। इस में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटें बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, केंद्र सरकार भारतीय भाषाओं की पुस्तकों को डिजिटल रूप में उपलब्ध कराने के लिए 'भारतीय भाषा पुस्तक योजना' लागू करने जा रही है। यह पहल छात्रों और शोधकर्ताओं को उनकी मातृभाषा में उच्च गुणवत्ता वाली पढ़ने के लिए किताबें और मटेरियल उपलब्ध करवा सकती है।

### किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख

वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट आम आदमी की खर्च करने की क्षमता बढ़ाने वाला होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर को बढ़ाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करते हुए निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाना, घरेलू भावना को ऊपर उठाना और बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट 2025 में गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए 10 व्यापक क्षेत्रों को शामिल किया हैं। कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात विकास के इंजन हैं. बजट में वित्त मंत्री द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लिमिट को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। इससे किसानों को सस्ता लोन पाने में मदद मिलेगी।

### इलेक्ट्रिक कारों की कीमतें कम की जाएंगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक कारों की कीमतें कम की जाएंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि लिथियम-आयन बैटरी पर लगने वाले टैक्स में कटौती की जाएगी। सरकार इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर को बढ़ाने के लिए कदम उठा रही है। बजट में ईवी सेक्टर को प्राथमिकता दी गई है, जिससे इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने वाले लोगों को राहत मिलेगी। 2024 में ऑटो सेक्टर में जो मंदी देखी गई, उसमें अब सुधार की उम्मीद है। इस फैसले से आम जनता के साथ-साथ ऑटो कंपनियों को भी फायदा होगा। सरकार ने लिथियम बैटरियों और संबंधित उद्योगों पर टैक्स में छूट दी है। इससे स्थानीय उत्पादन बढ़ेगा, आयात पर निर्भरता घटेगी और इलेक्ट्रिक वाहन व इलेक्ट्रॉनिक्स सस्ते होंगे।

### 7.7 करोड़ किसानों के लिए सौगात

निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए अल्पकालिक ऋण की सुविधा प्रदान करते हैं। संशोधित ब्याज सबवेंशन योजनाओं के तहत ऋण सीमा केसीसी के माध्यम से लिए गए ऋण के लिए 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी। इससे किसानों को बहुत लाभ मिलेगा।

### न्यू टैक्स रिजीम में 7 टैक्स स्लैब

| क्र. सं. | स्लैब | टैक्स |
|---|---|---|
| 1 | ₹0 लाख से ₹4 लाख तक | 0% |
| 2 | ₹4 लाख से ₹8 लाख तक | 5% |
| 3 | ₹8 लाख से ₹12 लाख तक | 10% |
| 4 | ₹ 12 लाख से ₹16 लाख तक | 15% |
| 5 | ₹16 लाख से ₹20 लाख तक | 20% |
| 6 | ₹20 लाख से ₹24 लाख तक | 25% |
| 7 | ₹24 लाख से ज्यादा | 30% |

### इनकम टैक्स को लेकर ये 5 बड़े बदलाव भी हुए

1. **रेंट से होने वाली इनकम पर टीडीएस छूट दोगुनी:** रेंट से होने वाली इनकम पर टीडीएस की सीमा 2.4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख की गई है। यानी अब 6 लाख रुपए तक के सालाना किराए पर टीडीएस नहीं काटा जाएगा।
2. **वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज से आय पर दोगुनी छूट:** वरिष्ठ नागरिकों को बैंक और पोस्ट ऑफिस के ब्याज से होने वाली कमाई पर मिलने वाली टैक्स छूट को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया गया है। यानी अब ब्याज की इनकम पर वरिष्ठ नागरिकों को 1 लाख रुपए तक की राहत मिलेगी।
3. **पिछले 4 साल के रिटर्न फाइल कर सकेंगे:** पुराने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की सीमा 2 साल से बढ़ाकर 4 साल की गई है। यानी यदि किसी करदाता ने अपना रिटर्न गलत फाइल किया हो या फाइल करना रह गया हो तो वह अब इस गलती को 4 साल के अंदर अपडेटेड रिटर्न फाइल करके ठीक कर सकेंगे।
4. **दो घर पर मिलेगा सेल्फ ऑक्यूपाइड हाउस का फायदा:** बजट में सेल्फ ऑक्यूपाइड हाउस पर टैक्स राहत दी गई है। इसका मतलब यह है कि अगर आपके पास दो घर हैं और आप दोनों घरों में रहते हैं, तो अब आप दोनों संपत्तियों पर टैक्स का फायदा ले सकेंगे। जबकि पहले टैक्स राहत सिर्फ एक सेल्फ ऑक्यूपाइड हाउस में ही मिलती थी।
5. **अगले हफ्ते आएगा नया इनकम टैक्स बिल:** सरकार अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाएगी। इससे टैक्स सिस्टम को ज्यादा आसान और पारदर्शी बनाया जाएगा। इसका मकसद टैक्सपेयर्स को बेवजह नोटिस और परेशानियों से बचाना है। इसके साथ ही केवाईसी प्रक्रिया भी आसान की जाएगी, जिससे बैंक और अन्य वित्तीय कामों में कम कागजी झंझट होगा।

### किसानों के लिए ऐलान



- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई।
- देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी।100 जिलों को फायदा होगा।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन।
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की गई।
- अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा।
- बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा।
- मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा।
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन।
- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाई जाएगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन- मार्केटिंग पर फोकस।
- असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

### तीन सरकारी यूरिया संयंत्रों को फिर से खोलने का ऐलान

यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ते हुए वित्त मंत्री ने पूर्वी क्षेत्र में तीन सरकारी यूरिया संयंत्रों को फिर से खोलने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, यूरिया आपूर्ति बढ़ाने के लिए, असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाला एक नया संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह पहल आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू उर्वरक उत्पादन को मजबूत करने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। लाखों कपास उत्पादक किसानों के लाभ के लिए सीतारमण ने कपास उत्पादकता के लिए पांच वर्षीय मिशन का अनावरण किया।

### कपास उत्पादकता के लिए मिशन की घोषणा

उन्होंने कहा कि लाखों कपास उत्पादक किसानों के लाभ के लिए मुझे कपास उत्पादकता के लिए मिशन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह 5 वर्षीय मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार की सुविधा प्रदान करेगा और अतिरिक्त-लंबे स्टेपल कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। किसानों को सर्वोत्तम विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कपड़ा क्षेत्र के लिए हमारे एकीकृत 5एफ विजन के अनुरूप, यह किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगा। भारत के पारंपरिक कपड़ा क्षेत्र को फिर से जीवंत करने के लिए गुणवत्तापूर्ण कपास की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

### तकनीकी रिसर्च के लिए 10,000 फ़ेलोशिप

अगले 5 वर्षों में आईआईटी और आईआईएससी में तकनीकी रिसर्च के लिए 10,000 से अधिक फेलोशिप प्रदान की जाएंगी। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जाएगी

### विपक्ष ने बजट को निराशाजनक कहा...

"देश के खजाने का एक बड़ा हिस्सा चंद अमीर अरबपतियों के कर्जे माफ करने में चला जाता है। मैंने मांग की थी कि बजट में ये ऐलान किया जाए कि आगे से किसी अरबपति के कर्जे माफ नहीं किए जाएंगे। इस से बचने वाले पैसे से मिडिल क्लास के होम लोन और व्हीकल लोन में छूट दी जाए, किसानों के कर्जे माफ किए जाएं। इनकम टैक्स और जीएसटी की टैक्स दरें आधी की जाएं। मुझे दुख है कि ये नहीं किया गया।
-अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के पूर्व सीएम

"हमारे लिए बजट के आंकड़ों से ज्यादा महाकुंभ में मची भगदड़ में मरने वालों का डेटा महत्वपूर्ण है। सरकार यह नहीं बता पा रही है कि कितने लोग मरे, लापता हुए या घायल हुए। क्या यही है आपके विकसित भारत की परिभाषा कि भगदड़ में लोग मरेंगे।
-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

"बजट में जब हम राज्यों के बारे में बात करते हैं तो हमने देखा है कि बिहार को बहुत महत्व दिया गया है, जबकि हम तेलंगाना जैसे राज्यों की भी उम्मीद कर रहे हैं कि इसे बहुत महत्व मिलना चाहिए था। आज के बजट भाषण में एक राजनीतिक एजेंडा है।
-किरण कुमार चामला, कांग्रेस सांसद

"यह बजट विकसित भारत और प्रधानमंत्री के नए और ऊर्जावान भारत के सपने को पूरा करने के संकल्प के लिए है। हर क्षेत्र की प्रॉपर स्टडी करने के बाद नया मैप तैयार किया गया है। यह एक कंप्लीट बजट है जो भारत को आगे ले जाएगा और न केवल भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि इसे विश्वगुरु के रूप में स्थापित करेगा।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

"गरीबों, मध्यम वर्ग और सभी के लिए एक अद्भुत बजट पेश किया गया है। मैं पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को एक शानदार बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।
-रवि किशन, भाजपा सांसद

"अब 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई संकट नहीं आएगा। इनकम टैक्स देने वालों को बड़ी राहत देने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। -शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री



"यह बजट बुलेट इंजरी (गोली के घाव) पर बैंड-ऐड लगाने जैसा है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की जरूरत थी, लेकिन यह सरकार विचारों के मामले में दिवालिया है।
-राहुल गांधी
लोकसभा में विपक्ष के नेता

## एक्सप्रेस खबरें...

### बसपा ने उठाई आधार कार्ड अपडेट में होने वाली समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** बहुजन समाज पार्टी ने आधारकार्ड को लेकर केन्द्रों में आम जनमानस को होने वाली दिक्कतों को लेकर मुद्दा उठाया है। इस सम्बन्ध में पार्टी नेताओं ने शनिवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्या निराकरण की मांग की है। बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि मौजूदा समय में छात्रों, किसानों, पेंशनधारकों व विभिन्न योजनाओं में आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे लोग आधारकार्ड से सम्बन्धित कार्य के लिए आए दिन परेशान होते है। ऐसे में आधारकार्ड अपडेट केन्द्र ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत सचिवालयों में बनाए जाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही आधार कार्ड अपडेट के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध वसूली पर रोक लगाते हुए प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाए। साथ ही छात्रों के आधारकार्ड अपडेट का दायित्व प्रत्येक विद्यालय में निःशुल्क कराया जाए। इन मुद्दों को लेकर शनिवार को बसपा जिला प्रभारी रावेन्द्र वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, बसपा नेता अधिवक्ता विनय पाल, राजकमल वर्मा, प्रेम सिंह जाटव, संतोष, अजय सिंह, छत्रपाल वर्मा, रोहित सिंह पटेल, मान सिंह, जगदीश यादव आदि ने ज्ञापन सौंपा।

### पति से झगड़े के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के खांखरी में पति से हुई मामूली कहासुनी के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खांखरी निवासी रामू कुशवाहा की आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वह इटावा के पास पानीपुरी का धंधा करता था। जबकि उसकी पत्नी शिवकुमारी 45 वर्ष गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकत्री थी। वह मेहनत कर अपने एक पुत्र व पुत्री का प्रतिपाल करती थी। कुछ दिन पहले रामू घर पर आ गया था और आए दिन शराब पीने को लेकर पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। शुक्रवार की देर रात किसी बात को लेकर पत्नी ने आवेश में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। पत्नी की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर शुक्रवार की देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से उसके 16 वर्षीय पुत्र आतिश व 14 वर्षीय पुत्री प्रिया सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में थाना प्रभारी शिवशंकर सिंह का कहना है कि अभी किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों की शोध पत्रिकाओं के आनलाइन एक्सेस की मिलेगी सुविधा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अकादमिक गुणवत्ता की दिशा में सतत सराहनीय उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। नैक के मूल्यांकन में ए डबल प्लस के सर्वोत्तम गुणवत्ता ग्रेड प्राप्ति के बाद भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना को प्राप्त कर अकादमिक एवं शोध में अधिकाधिक गुणवत्ता तथा नवीन ज्ञान के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं का एक्सेस ग्रामोदय के विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक विश्वविद्यालय के आईपी एड्रेस से करेंगे। ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में 35 इंटरनेशनल पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिकाओं की कंसोर्टिया के अंतर्गत उपलब्धता हो गई है। केंद्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो रघुवंश वाजपेई ने बताया कि कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के मार्गदर्शन एवं उनके प्रयासों से ही 35 से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन शोध पत्रिकाएं ग्रामोदय विश्वविद्यालय को कंसोर्टिया में प्राप्त हो गई है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे सभी विद्यार्थी, शिक्षक, शोधार्थी आदि विश्वविद्यालय के आईपी एड्रेस द्वारा एक्सेस करके शोध पत्रिकाओं का अध्ययन कर सकते हैं। इन्फ्लीबनेट सेंटर अहमदाबाद द्वारा प्रथम चरण में यह सुविधा 2027 तक के लिए प्राप्त हुई है।

# बसंत पंचमी और प्रयागराज महाकुंभ मेले के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने ली बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



प्रयागराज महाकुंभ व बसंत पंचमी मेले के दृष्टिगत मंडलायुक्त की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सकुशल मेले का संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि पिछले मेलों के आयोजनों के अनुभव से सीखकर सभी विभाग समन्वय बनाकर एक्टिव होकर कार्य करें तथा इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। रेलवे विभाग को निर्देशित किया कि आवागमन के लिए मार्ग ठीक होने चाहिए तथा समस्या होने पर पुलिस विभाग से समन्वय बनाकर व्यवस्था सुनिश्चित करें। रोडवेज विभाग को बस स्टैंड पर अतिरिक्त बसें खडी करने के निर्देश दिए ताकि आवागमन में यात्रियों को असुविधा न हो। अधिशासी अधिकारी कर्वी को भीड़ बढ़ने पर लोक निर्माण विभाग के बगल में खाली पड़ी जमीन होल्डिंग एरिया बनाने तथा बने हुए होल्डिंग एरिया में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही लटके हुए विद्युत तारों को भी सही कराने के निर्देश दिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि जाम की स्थिति में एक तरफ से ट्रैफिक चलाते रहे तथा कोई भी दुर्घटना नहीं होनी चाहिए। होल्डिंग एरिया में सभी मूल सुविधाएं होनी चाहिए। ग्राम प्रधान व स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं के खाने-पीने की भी व्यवस्था कराएं। कहा कि फोर्स में महिलाकर्मियों को भी सिविल ड्रेस में तैनात करें। सभी सिपाहियों के पास सिटी रहनी चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को होल्डिंग एरिया में एंबुलेंस सहित डॉक्टर स्टाफ भी तैनात करने के निर्देश दिए। सभी महत्वपूर्ण जगहों के सीसीटीवी कैमरे संचालित रहने के निर्देश दिए। भीड़ की स्थिति में मंडल के सभी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आपस में समन्वय कर भीड़ को होल्डिंग एरिया में रोके।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकार राजकमल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक्सल टूटने से पलटी श्रद्धालुओं से भारी लीडर, एक की मौत

उरई। डकोर कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर जा रही श्रद्धालुओं से भरी लीडर अचानक एक्सल टूटने से पलट गई। हादसे में लोडर पर सवार करीब डेढ़ दर्जन लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया। राजस्थान के जिला धौलपुर थाना बाड़ी क्षेत्र के ग्राम रजाने की धीमरी निवासी बसो पत्नी लक्ष्मण, लक्ष्मण, सोनो पत्नी लाखन, लाखन सिंह, मथुरा पत्नी धर्मवीर, कंचन, प्रीती, महेश, विशाल, केदार, लोरी, मोहनिया समेत 16 श्रद्धालु दो दिन पहले लोडर में सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने गए थे। बताया गया है कि वहां से स्नान करने के बाद सभी लोग शुक्रवार को चित्रकूट चले गए थे। चित्रकूट में स्नान के बाद सभी श्रद्धालु लोडर पर सवार होकर एक्सप्रेसवे से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रात में अचानक एक्सल टूट जाने के कारण से एक्सप्रेसवे पर पलट गया। हादसे के बाद वहां चीख पुकार मच गई, और घटना की खबर पुलिस को दी गई। सूचना के बाद एक्सप्रेसवे की एंबुलेंस व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान 60 वर्षीय लाखन सिंह की मौत हो गई। जबकि कम घायलों को रात में ही प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया था।

# जिला प्रशासन ने लोकेशन माफियाओं पर की प्रभावी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । उरई

- अवैध खनन और परिवहन में लिप्त वाहन चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। 31 जनवरी की रात को कालपी क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक वाहन से लुकेशन देने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो अवैध खनन में लिप्त वाहनों का मार्गदर्शन कर रहा था।

उपजिलाधिकारी कालपी और पुलिस क्षेत्राधिकारी कालपी की उपस्थिति में की गई इस छापेमारी के दौरान, वाहन संख्या यूपी 14 एक्यू 4950 को रोका गया। इस वाहन में सवार व्यक्ति ने पुलिस और प्रशासनिक टीम के सामने और पीछे चलकर लोकेशन देने का काम किया, जिससे अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों को बिना किसी परेशानी के अवैध परिवहन करने में मदद मिल रही थी। पूछताछ के दौरान पकड़े गए व्यक्ति का नाम गौतम कुमार यादव बताया गया, जो जालौन जिले के कालपी क्षेत्र का निवासी है। गौतम कुमार यादव से जब्त किया गया मोबाइल फोन, जिसमें अवैध खनन और परिवहन से संबंधित कई महत्वपूर्ण चैट्स और लोकेशन डाटा पाए गए, प्रशासन की जांच में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि वह कई अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर जालौन, हमीरपुर, झांसी और मध्य प्रदेश तक अवैध खनन परिवहन में लिप्त था। खनिज लिपिक उमेश कुमार ने इस मामले में कई संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की पहचान की है, जिनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इसके अलावा, एक और साक्ष्य सामने आया है जिसमें यह जानकारी मिली कि कुछ अन्य व्यक्तियों द्वारा गंगाराम प्रनामी मार्केट से लोकेशन देने का कार्य किया जाता था, जिनके खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है। अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ यह कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता और लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत की गई है।

## एसओजी ने छात्रा का हत्यारोपी मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई



तीन दिन पहले वीए की परीक्षा देकर लौट रही एक छात्रा की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस घटना को अंजाम देने वाले का पुलिस ने हाफ एनकाउंटर कर दिया है। यह मुठभेड़ धुरट-टिकरिया नहर के पास हुई। हत्या करने वाले युवक के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही एनकाउंटर की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के साथ अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुटे है। एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमीटा में गुरुवार को रूरा अड्डू निवासी बीए की पढ़ाई करने वाली 19 वर्षीय छात्रा खुशी का शव मिला था, जिसकी बेरहमी से हत्या की गई थी। हत्या के खुलासे के लिए एसओजी के साथ एट कोतवाली व कोटरा थाने की पुलिस टीम को लगाया गया था। इसी दौरान एसओजी के साथ एट कोतवाली पुलिस को सूचना मिली छात्रा खुशी की हत्या करने वाला धुरट जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाली टिकरिया के पास नहर के पास घूम रहा है। जिसकी सूचना पर एसओजी और एट पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने संदिग्ध घूम रहे युवक को देखकर उसके पास जाने की कोशिश की तभी उसने पुलिस पर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी।

जिसको देखते हुए पुलिस ने अपना बचाव किया और जवाबी फायरिंग की, इस दौरान बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई और वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लिया और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मनीष पुत्र वीरेंद्र ग्राम छिरावली थाना कोटरा बताया। इस दौरान उसने खुशी की हत्या करने की बात कबूल की है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोका बरामद किए। वही मुठभेड़ की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे जिन्होंने मामले की हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल शुरूकर दी।

### हर मोर्चे में असफल है भाजपा सरकार



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के नेता सिद्धार्थ पाण्डेय ने शनिवार को मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के बियावल सेक्टर के चकौर में पीडीए चैपाल लगाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर असफल है। वर्तमान समय में सपा मुखिया अखिलेश यादव जनहित के मुद्दों को मजबूती के साथ उठा रहे है। विगत लोकसभा चुनाव की भांति उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में भी सपा को सफलता मिलेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जगदीश यादव, सेक्टर प्रभारी अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

# जिला जज ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर जाना बाल अपचारियों का हाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना के तहत शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल अपचारियों से वार्ता कर उनके सर्वांगीण विकास के सम्बन्ध में जानकारी ली।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि समिति द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में बाल अपचारियों के शैक्षणिक विकास के लिए समर्पित पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली गई। साथ ही प्रेषित सूची के अनुसार जो पुस्तके उपलब्ध नहीं है, उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में आवासित बाल अपचारियों से वार्ता कर समस्याओं की जानकारी ली गई। साथ ही सभी को निःशुल्क अधिवक्ता के सम्बन्ध में बताया गया कि यदि किसी बाल अपचारी के पास अधिवक्ता न हो, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है।

इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी, क्षेत्राधिकारी सदर राजकमल, सदर तहसीलदार चन्द्रकान्त तिवारी, नायब तहसीलदार मंगल यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, संस्था प्रभारी बीर सिंह, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य शिवशंकर त्रिपाठी, अर्चना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## शासनादेश की अनदेखी कर पेट्रोल पंप पर असुविधाओं का लगा अंबार

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह

- हवा पानी तो दूर की बात, पंप पर नहीं है मजबूत अग्निशमन यंत्र

**उरई।** शहर के राजमार्ग वी-मार्ट के सामने स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर शासनादेशों की अभेलना करते हुए असुविधाओं का अंबार लगा हुआ है। हवा पानी तो दूर की बात है घनी बस्ती में स्थित पेट्रोल पंप पर अग्निशमन यंत्र भी मजबूत नहीं बताए जा रहे हैं। जैसे कि पेट्रोल पंप पर पीने के लिए स्वच्छ साफ़ पानी होना ज़रूरी है। पेट्रोल पंप पर महिला, पुरुष, और दिव्यांग लोगों के लिए शौचालय की सुविधा अतिआवश्यक है। इतना ही नहीं बल्कि पेट्रोल पंप पर फ़र्स्ट ऐड बॉक्स होना भी ज़रूरी है. इसमें पट्टी, ऑइंटमेंट, पेनकिलर, पैरासिटामॉल जैसी दवाइयां होनी चाहिए। पेट्रोल पंप पर फ़ायर एक्सटिंग्विशर होना ज़रूरी है.और पंप पर फ़ोन की सुविधा होनी चाहिए। इसलिए कि आपात स्थिति में आप इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन यहां तो स्वच्छ और साफ जल की जगह टोपी लगाकर खुले में दो पानी के लिए मटके रख दिए गए। वर्षों पुराने हवा टैंक को पिंजरे में बंद कर ताले के हवाले कर दिया गया। महिला, पुरुष, और दिव्यांग लोगों के लिए शौचालय की बात कहे तो एक शौचालय तो है लेकिन लोगों का कहना है कि वह ज्यादातर ताले से जड़ा रहता है। बता दें कि सम्बन्धित उच्च अधिकारियों के अनुसार पेट्रोल पंप पर आने वाले ग्राहकों से अभद्रता करने पर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई का भी आदेश है। इतना ही नहीं बल्कि राजमार्ग स्थित वी मार्ट के सामने धनी बस्ती में जरूरी अग्निशमन यंत्रों का होना अनिवार्य है। फिलहाल यह सब जांच का विषय है और अब देखना यह है कि जिम्मेदारों दारा कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं।

# जिले में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । उरई




शासन की मंशानुरूप समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें प्राप्त फरियादियों की शिकायत का निस्तारण भी किया गया।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील जालौन के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियो की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष आज कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 17 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष शिकायतो के मौके जाकर तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए और प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर जाकर उचित कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करना है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनता को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में उरई तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें फरियादियों द्वारा 27 शिकायती प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। माधौगढ़ तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें फरियादियों द्वारा 41 शिकायतें दी गई, जिसमें से तीन शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण किया गया। कालपी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसी प्रकार कौंच तहसील समाधान दिवस में 14 शिकायत फरियादियों द्वारा शिकायती पत्र दिए गए, जिसमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, उपजिलाधिकारी न्यायिक विशेश्वर यादव, सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी, जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### किशोरी की मिट्टी लादकर जा रहे टैक्टर से कुचलकर मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** जानवरों को चारा लेने जा रही किशोरी को तेज रफ्तार मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे किशोरी ट्रैक्टर के समीप गिर गई और पहिया चढ़ने से उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के मढ़ा भगवानपुरा निवासी स्व. अफसर की पुत्री रवीना 19 वर्ष परिजन तारावती व लक्ष्मी के साथ दोपहर जानवरों को चारा लेने जा रही थी। इस दौरान ऊंचाई की तरफ से मिटटी लेकर आ रहे तेज रफ्तार टैक्टर ने किशोरी को जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोरी सड़क पर गिर गई और ट्रैक्टर उसे पहिए से किशोरी को रौंदते हुए निकल गया। मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने किशोरी को सीएचसी में पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही ट्रैक्टर चालक ने मिटटी खाली कर मौके से भाग गया। मामले में सीओ राम सिंह का कहना हैं कि खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिटटी खनन के लिए परमीशन ले ली गई थी।

## समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण- मंडलायुक्त

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

तहसील समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में तहसील सभागार में किया गया। जिसमें आयुक्त सहित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को तहसील सभागार में चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में हुए तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि सभी शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर स्थलीय निरिक्षण कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। कहा कि जनसुनवाई में नाला, पेन्शन, जमीन, चकरोड, तालाब, विद्युत, जल जीवन मिशन आदि से सम्बन्धित जो भी समस्याएं प्राप्त हुई है, उसका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराए। जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक से कहा कि जमीन से सम्बन्धित समस्याओं का पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण कराकर निस्तारण कराए। शिकायतकर्ताओं से कहा कि जब निस्तारण के लिए विभागीय जांच टीम स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचे तो उन्हें भी सही जानकारी दे ताकि जल्द से जल्द निस्तारण हो सकें। पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई कर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने उपस्थित तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल को निर्देश दिए कि सभी अपने विभागों से सम्बन्धित शिकायतों का शासन की मंशानुरूप ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकमल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्राकृतिक खेती के लिए 10 तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि जनपद में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना (रसायन मुक्त खेती) वित्तीय वर्ष 2024-25 से क्रियान्वयन के लिए भारत अथवा राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह योजना उन ग्राम पंचायतों तथा क्षेत्रों में संचालित की जानी है, जहां पर परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र में गौ-आधारित प्राकृतिक खेती योजना संचालित न हो। बताया कि ऐसे कृषक जिनके पास एक हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो तथा जिसमें वह 0.4 हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक कृषि करने का इच्छुक हो। बताया कि इस योजनान्तर्गत एक कलस्टर में 0.4 हेक्टेयर क्षेत्रफल के 125 कृषक चयनित किये जायेंगे। कलस्टर में एक ग्राम पंचायत या दो ग्राम पंचायतों के कृषक सम्मिलित हो सकते हैं।

# अमावस्या मेले में धर्मनगरी आए श्रद्धालुओं को अधिकारियों ने वितरित की खिचड़ी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार सहित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपद में चल रहे मौनी अमावस्या मेले के अवसर पर रामघाट में पूजा-अर्चना कर अमावस्या मेले में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।

जनपद में चल रहे मौनी अमावस्या मेले के अवसर पर शनिवार को चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार ने पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह आदि ने महाकुंभ प्रयागराज मेला 2025 व मौनी अमावस्या के अवसर पर रामघाट पर पूजा-अर्चना की। पूजन-अर्चन के पश्चात अधिकारियों ने मेले में धर्मनगरी आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान मंडला आयुक्त ने कहा कि यह मेला पांच तारीख तक चलेगा। मेले में श्रद्धालुओं के खाने पीने की भी व्यवस्था की गई है। इस दौरान लगभग 3 हजार लोगों खिचड़ी का वितरण किया गया। कहा कि बसंत पंचमी को देखते हुए बिजली, पानी आदि की व्यवस्था की गई है, जिससे कि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो। मंडलायुक्त ने ड्यूटि में लगे पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि सभी तत्परता के साथ ड्यूटि करते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न होने दें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकार राजकमल, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।



**प्रधानमंत्री के सुरक्षा दस्ते एसपीजी के बजट में...**

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए शनिवार को लोकसभा में पेश किए गए बजट में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लिए निर्धारित राशि में अच्छा खासा इजाफा देखने को मिला है। खास बात है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप एसपीजी के बजट में कटौती की गई है। ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी में स्पिरिचुअल टूरिज्म की असीम संभावनाएं : सीएम योगी आदित्यनाथ

## प्रयागराज में दुनिया के 73 देशों के राजनयिकों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया संवाद

- अमेरिका, रूस, यूक्रेन, बांग्लादेश समेत 73 देशों के राजनयिक पहुंचे प्रयागराज, संगम में लगाई डुबकी
- महाकुम्भ नगर के पुलिस लाइन सभागार में विदेशी राजनयिकों ने साझा किए अपने अनुभव
- दुनियाभर के राजनयिकों ने किये बड़े हनुमान जी और अक्षयवट के दर्शन



**जन एक्सप्रेस । महाकुम्भ नगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व के 73 देशों के सौ से अधिक राजनयिकों संग शनिवार शाम संवाद किया। महाकुम्भ नगर स्थित पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने विदेशी राजनयिकों को महाकुम्भ और प्रयागराज के महात्म्य से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि भारत के अधिकांश तीर्थ गंगा तट पर ही स्थित है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्पिरिचुअल टूरिज्म में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने राजनायिकों का प्रयागराज में स्वागत करते हुए कहा कि उन सभी की ये यात्रा निश्चित रूप से स्मरणीय साबित होगी। जब वो यहां से लौटेंगे तो स्वयं के साथ यादगार अनुभव लेकर जाएंगे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया महाकुम्भ को कौतूहल की दृष्टि से देख रही है। आप सभी का यहां आना हमे प्रफुल्लित करता है। महाकुम्भ का ये पर्व हम सभी को आनंदित करता है। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगमस्थली पर बसा प्रयागराज दुनिया की प्राचीन नगरी है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है। अबतक देश और-दुनिया से करीब 35 करोड़ लोग यहां आकर संगम स्नान कर चुके हैं। 26 फरवरी तक 45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। इस अवसर पर विदेशी राजनयिकों ने भी अपने अनुभवों को सीएम योगी के सामने साझा किया।

**अक्षयवट और बड़े हनुमान का किया दर्शन**

संगम स्नान के बाद सभी राजनयिकों ने यूपी टूरिज्म की लक्जरी बसों से महाकुम्भ मेले का भ्रमण करते हुए अक्षयवट कॉरीडोर और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन किया। अक्षयवट कॉरीडोर में राजनयिकों कों सरस्वती कूप का भी दर्शन करवाया गया। भारतीय संस्कृति में नदियों, वृक्षों की पूजन परंपरा और उनके आध्यात्मिक महत्व को जान कर कई देशों के राजनयिक विशेष रूप से प्रभावित हुए। हनुमान मंदिर का दर्शन कर राजनयिकों का काफिला मेला क्षेत्र में बने पुलिस लाइन के सभागार पहुंचा। सभागार में राजनयिकों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा तथा प्रयागराज से विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद थे।

### त्रिवेणी संकुल में हुआ विदेशी मेहमानों का स्वागत

भारत की प्राचीन परंपरा और संस्कृति का साक्षात्कार करने 73 देशों राजनयिक प्रयागराज के महाकुम्भ में सम्मिलित हुए। आस्था और आध्यात्म के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ में राजनयिकों का सबसे पहले अरैल क्षेत्र स्थित त्रिवेणी संकुल में यूपी सरकार की ओर से स्वागत और अभिनन्दन किया गया। वहां से सभी राजनयिकों को जेटी बोट के जरिए पवित्र त्रिवेणी संगम का दर्शन करवाया गया। उन्हें देश की सनातन संस्कृति और उसमें पवित्र संगम व महाकुम्भ की महत्ता के बारे में बताया गया। कुछ देश के राजनयिकों ने संगम में पवित्र स्नान और गंगा जल का आचमन भी किया।

# केंद्रीय बजट से अर्थव्यवस्था को मिलेगी उड़ानः योगी

- विकसित भारत की संकल्प सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा बजट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2025-26 को %स्वस्थ भारत-सुरक्षित भारत% की जीवंत झांकी बताया है।उन्होंने कहा कि बजट विकसित भारत की संकल्प सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री के प्रति आभार जाताया।योगी ने एक्स अकाउंट पर लिखा कि वंचित को वरीयता, अंत्योदय को प्रमुखता देते व देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संकल्प पथ पर तेज गति से ले जाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार व केंद्रीय वित्त मंत्री को धन्यवाद।सीएम ने लिखा, पीएम ने इसे % ज्ञान% का बजट बताकर केवल चार अक्षरों में परिभाषित कर दिया है। जी यानि गरीब, वाई यानि युवा, ए यानि अन्नदाता और एन यानि नारी शक्ति को सशक्त करने से ही देश आत्मनिर्भर और विकसित बनेगा।बजट में अगले पांच वर्षों में पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का टर्म लोन देने की योजना, उनके सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता व समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अगले तीन वर्षों में सभी जिलों में डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना का प्रावधान है। बजट में 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त करने का निर्णय मध्यम वर्ग सहित देश के करोड़ों नागरिकों को लाभान्वित करने वाला है। समूचे मध्यम वर्ग को बधाई। बजट में युवाओं के सशक्तिकरण के लिए %सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ स्किलिंग% व %सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन एआइ फॉर एजुकेशन% की स्थापना का निर्णय अत्यंत सराहनीय है। इससे करोड़ों युवाओं को नवाचार व कौशल विकास के नए अवसर मिलेंगे। आगामी पांच वर्षों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना, ग्रामीण सेकेंडरी स्कूलों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्राडबैंड कनेक्टिविटी, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाएगी। किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण की सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख करने का निर्णय भी अत्यंत अभिनंदनीय है।

# बजट से यूपी की पर्यटन संभावनाओं को लगेंगे पंख-जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

केंद्रीय बजट में पर्यटन सेक्टर में रोजगार को बढ़ाने और शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों में निवेश के साथ विकास करने की घोषणा की गई है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इसमें उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों को भी शामिल किया जाएगा क्योंकि प्रदेश न सिर्फ धार्मिक, आध्यात्मिक बल्कि ईको टूरिज्म भी तेजी से बढ़ रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या भी साल दर साल बढ़ रही है।प्रदेश में श्रीकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट, नैमिषारण्य, कुशीनगर, आगरा आदि धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों के विकास के बाद पर्यटकों की संख्या में काफी उछाल आया है। वर्ष 2023 में जहां कुल 48 करोड़ देशी-विदेशी पर्यटक उत्तर प्रदेश आए वहीं वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 65 करोड़ हो गई है। इसमें भी विदेशी पर्यटकों की संख्या 16 लाख से बढ़कर 22 लाख हुई है। एक पर्यटक प्रत्यक्ष रूप से छह लोगों को रोजगार देता है। ऐसे में प्रदेश में आने वाले लाखों पर्यटक कई लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दे रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए सहयोग करने से इसे और बढ़ावा मिलेगा। देश के सर्वश्रेष्ठ 50 पर्यटन स्थलों के विकास की घोषणा की गई है। इससे प्रदेश में पर्यटन विकास को और गति मिलेगी। स्वदेश दर्शन योजना- 2 के तहत नैमिषारण्य, प्रयागराज व महोबा का चयन किया गया है। इसके तहत धनराशि भी स्वीकृत हो गई है। भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के विकास पर फोकस किया गया है।केंद्रीय बजट में यूपी को काफी कुछ मिला है।

# अधिकारी नहीं मानते मुख्यमंत्री का आदेश

- मुख्यमंत्री आदेश के बावजूद सरकारी जमीन से अवैध कब्जा खाली कराने नहीं पहुंचते अधिकारी
- मुख्यमंत्री से लेकर मंडलायुक्त तक चार बार सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत कर चुका है पीड़ित
- 18 नवंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय से अवैध कब्जा पाए जाने पर कब्जा मुक्त करने का आदेश हुआ था पारित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



**पीड़ित ने सम्बंधित अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप**

संतोष कुमार रावत ने बताया कि ग्राम बेहसा की सीलिंग व नवीन परती जमीन की पैमाइश व सीमांकन किए जाने की चार बार तारीख तय की गई, तय तारीख पर भी सम्बन्धित अधिकारी नहीं पहुंचे और मन मुताबिक लगा देते हैं रिपोर्ट।

संपूर्ण समाधान दिवस सरोजनी नगर तहसील में लिखित शिकायत करने पहुंचे पीडित संतोष कुमार रावत ने बताया कि हमारे गांव बेहसा में स्थित खसरा संख्या 1421 रकबा 1.6910हे0, 1422 रकबा 0.2020हे0 सीलिंग व खसरा संख्या 1418 रकबा 0.1670हे0 जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती दर्ज हैं। जिसपर क्षेत्रीय भू-माफियाओं की नजर है और यह भू-माफिया क्षेत्रीय लेखपाल सुनील तिवारी से सांठगांठ कर जमीन कहीं और सस्ती खरीद लेते हैं और कब्जा सीलिंग व नवीन परती जमीन पर करा देते हैं, जिसकी शिकायत पीड़ित लगातार देता चला आ रहा है, यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री व मंडलायुक्त को चार-चार बार प्रार्थना पत्र दे चुका हूं, मुख्यमंत्री कार्यालय में 18 नवम्बर 2024 को दिए प्रार्थना पत्र को कार्यालय द्वारा संज्ञान में लेकर सरकारी भूमि पर कब्जा पाए जाने पर शीघ्र कब्जा मुक्त करने का आदेश पारित हुआ था, उसके बावजूद भी अभी तक संबंधित अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की।

### गुडंबा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई मुठभेड़, आरोपी के पैर में लगी गोली, गिरफ़्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के गुडंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को समय लगभग रात्रि 12.05 बजे थाना गुडंबा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या -477/2024 थाना गुडंबा मे वांछित इनामिया अभियुक्त सैफ पुत्र मकबूल की आने की सूचना जरिए, मुखबिर खास द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस फोर्स द्वारा चौकी क्षेत्र बेहटा में चेकिंग की जा रही थी, तभी दो व्यक्ति एक बाइक पर आए जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया, जिसमें पुलिस द्वारा आत्म सुरक्षार्थ उन बाइक सवार पर फायर किया गया जिसमें सैफ पुत्र मकबूल निवासी सोहीपुर घंटे बाराबंकी उम्र करीब 24 वर्ष के पैर में गोली लगीं और अन्य अभियुक्त हलीम मौके से अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। वहीं गुडंबा पुलिस ने घायल अभियुक्त को मौके पर गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया, जिनके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस, 2 देशी बम बरामद किये गये है।

# भिठौली क्रॉसिंग के पास ट्रेन दुर्घटना एक व्यक्ति की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट मड़ियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत समय करीब 11.40 बजे दिन में भिठौली क्रांसिग के पास एक व्यक्ति किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। वहीं सूचना पर थाना मड़ियांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से पूछताछ करने के दौरान मृतक के पुत्र दिवाकर घटनास्थल के पास अपने पिता को खोजते हुये मौजूद मिले,जिनके द्वारा मृतक की शिनाख्त संतूराम यादव पुत्र स्व0 लहरी यादव मूल निवासी ग्राम व पोस्ट कैथी चौबेपुर वाराणसी हालपता-से0.4 सहारा स्टेट थाना जानकीपुरम लखनऊ को अपने पिता के रूप की गई। वहीं मृतक के पुत्र दिवाकर द्वारा पुलिस को बताया गया कि उनके पिता काफी समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका इलाज़ अस्पताल में चल रहा था। वहीं मड़ियांव पुलिस के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि किसी अज्ञात ट्रेन के आने के कारण क्रांसिंग का गेट बन्द था, तभी अचानक संतूराम ट्रेन गेट से कुछ दूरी पर अचानक ट्रेन के सामने आ गये, जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मड़ियांव पुलिस ने शव का पंचायतनामा की कार्यवाहीं पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हिन्दुओं की जान चली गई,अब तो जागो सरकारः अखिलेश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ को लेकर समाजवादी पार्टी के मुखिया और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने केंद्र और राज्य सरकार को घेरा। संसद भवन परिसर में मीडिया से मुखातिब अखिलेश यादव ने कहा कि बजट से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि लोग कुंभ में रिश्तेदारों को ढूंढ रहे हैं। मुख्यमंत्री कई बार वहां गए, केंद्रीय गृह मंत्री वहां गए, आज उपराष्ट्रपति पहुंचे और प्रधानमंत्री भी जाएंगे। ऐसे महाकुंभ में जहां कई लोगों की मौत हो गई और सरकार मृतकों और लापता लोगों की संख्या बताने में विफल रही। सपा प्रमुख ने कहा कि हिंदुओं की जान गई है। सरकार को जाग जाना चाहिए। मैंने पहले भी कहा था कि वहां सेना बुलानी चाहिए। यह पहली बार है जब संतों ने शाही अमृत स्नान करने से इनकार कर दिया है।

### बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यानः ब्रजेश

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। यह आम आदमी का बजट है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा। दूरदर्शी बजट है,जो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। आत्मनिर्भर भारत का यह बजट स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव बनेगा। इस बजट में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

### भावुक योगी को रामभद्राचार्य ने लगाया गले

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

महाकुंभ में भगदड़ के चौथे दिन सीएम आदित्यनाथ प्रयागराज पहुंचे। वो अफसरों के साथ जहां भगदड़ मची थी,वहाँ का जायजा लिया। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद से जानकारी ली। किस ओर से भीड़ आई और भगदड़ मच गई, रेस्क्यू कब और कैसे शुरू किया गया। इसके बाद सीएम योगी ने संतों से आशीर्वाद लिया।सीएम योगी तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य से मिलने पहुंचे तो उन्होंने सीने से लगा लिया। रामकमलदास वेदांती महाराज और सतुआ बाबा उनके सामने में जगतगुरु बनाये गए। सीएम ने कहा कि अब तक 32 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगा चुके हैं। बसंत पंचमी पर होने वाले स्नान के लिए तैयारियां पूरी है। आज शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। योगी भी संगम घाट तक गए। दोनों ने पक्षियों को दाना खिलाया। महाकुंभ में 77 देशों के डेलीगेट्स पहुंचे हुए हैं। योगी ने संतों की सभा में उनका आभार व्यक्त किया।

# शिया पीजी कॉलेज में लीगल एड क्लिनिक बैज उद्घाटन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

शिया पीजी कॉलेज के विधि संकाय में स्थित मूट कोर्ट में आज दोपहर 2 बजे लीगल एड क्लिनिक के बैज इनाग्रेशन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एवं विधि संकाय इंचार्ज प्रो. एस. सादिक हुसैन आबिदी को लीगल एड क्लिनिक के डायरेक्टर डॉ. वहीद आलम ने बैज पहनाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद डिप्टी डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र कुमार एवं डॉ. उग्रसेन वर्मा ने वरिष्ठ फैकल्टी मेंबर्स डॉ. एस. मोहसिन रजा (एसोसिएट प्रोफेसर) और डॉ. अजयवीर को बैज लगाया। इसके उपरांत अन्य फैकल्टी सदस्यों को भी क्रमवार बैज पहनाया गया। लीगल एड क्लिनिक की कोर कमेटी के छात्र सदस्यों को भी डायरेक्टर डॉ. वहीद आलम, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र कुमार एवं डॉ. उग्रसेन वर्मा द्वारा बैज लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. वहीद आलम ने लीगल एड क्लिनिक की स्थापना के उद्देश्य स्पष्ट किए और छात्रों को समाज के वंचित वर्गों को विधिक सहायता एवं जागरूकता प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक एवं विधि छात्र होने के नाते समाज की बेहतरी के लिए कार्य करना अनिवार्य है। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने छात्रों को समाज के बीच जाकर विधिक सहायता कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्राचार्य प्रो. एस. सादिक हुसैन आबिदी ने लीगल एड क्लिनिक के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया और भविष्य में भी इसी तरह कार्य करते रहने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर डॉ. एजाज़ हुसैन, डॉ. प्रबोध गर्ग, डॉ. छत्रपाल, डॉ. कमलजीत मणि मिश्रा, डॉ. नूरीन जैदी, डॉ. कसीम हैदर नक़्वी, डॉ. विनय तिवारी समेत अमन रईस,खुर्शीद काजमी,मो हसनैन, अब्दुल अहद, खुशनुमा, शबीना सिद्दीकी, गजनम, कासिम खान, सलमान गाजी, मो0 तालिब, विश्वजीत गौरव उपस्थित रहे।



# अटकलें खत्म, पांच को ही कुंभ में डुबकी लगाएंगे पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महाकुंभ का दौरा तय

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

तमाम अटकलों के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी का महाकुंभ का दौरा तय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच फरवरी को प्रयागराज जाकर संगम में डुबकी लगाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी का विमान बुधवार सुबह 11 बजे बम्हरौली हवाई अड्डे पर लैंड करेगा। यहां से अरैल डीपीएस हेलीपैड जाएंगे और इसके बाद निषादराज क्रूज़ में सवार होकर प्रधानमंत्री गंगा स्नान और पूजन के लिए गंगा नदी पर जाएंगे।

### नेत्र कुंभ कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गंगा स्नान और पूजा के बाद सेक्टर 6 में बनाए गए स्टेट पवेलियन का अवलोकन भी करेंगे। तत्पश्चात नेत्र कुंभ कार्यक्रम के लिए रवाना हो जाएंगे। नेत्र कुंभ प्रधानमंत्री के दौरे का मुख्य कार्यक्रम है। इससे पहले पीएम मोदी का 5 फरवरी का दौरा रद्द करने की खबरें आईं थीं। हालांकि उन खबरों पर अब पूरी तरह से विराम लग गया है।



**नेत्र कुंभ में भी बनेगा रिकॉर्ड**

रोगियों की चिकित्सा सेवा के साथ ही नेत्र कुंभ में नेत्रदान का भी रिकॉर्ड बनेगा। अब तक देशभर के 480 लोगों ने नेत्रदान के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। इससे भी अच्छी बात ये है कि दान करने के वालों की आयु सीमा भी 12 से 78 वर्ष के बीच है। नेत्र कुंभ में पांच लाख से अधिक नेत्र रोगियों की सेवा का लक्ष्य है।

### राजनीतिक स्वार्थ का है बजटः मायावती

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

केन्द्र की मोदी सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आज बजट पेश कर दिया है, जिसमें नौकरी पेशा लोगों और किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। विपक्षी नेताओं ने भी अपना पक्ष रखा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बजट पर कहा कि ये राजनीतिक स्वार्थ पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने एक्स पर कहा कि देश में महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी की जबरदस्त मार के साथ ही सड़क, पानी, शिक्षा, सुख-शान्ति आदि की जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण 140 करोड़ की भारी जनसंख्या वाले भारत में लोगों का जीवन काफी त्रस्त है, जिसका केन्द्रीय बजट के माध्यम से निवारण होना जरूरी है।

# मामूली विवाद में युवक के ऊपर जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर का प्रयास करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त एक अदद अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस व लोहे का पंच बरामद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट गोसाईगंज पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत विरुहा चौराहे पर तेज स्पीड से बाईक चलाने को लेकर हुए विवाद में युवक के ऊपर जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर का प्रयास करने वाले एवं लोहे की राड व पंच से मारपीट करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, घटना में प्रयुक्त एक अदद अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस व एक अदद लोहे का पंच बरामद। पुलिस ने शातिर अभियुक्त हर्षित वर्मा उर्फ हर्षित सोनी पुत्र धनीराम वर्मा निवासी बाजार मध्य कस्बा व थाना गोसाईगंज लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। वहीं वादी मुकदमा कपिल वर्मा पुत्र चन्द्रिका प्रसाद वर्मा निवासी कासिमपुर विरुहा थाना गोसाईगंज लखनऊ द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत करायीं गई, प्राप्त तहरीर के अनुसार दिनांक 31.01.2025 को दोपहर करीब 3.00 बजे जब वह अपने साथी अन्नू वर्मा के साथ बाईक से अपने घर से गोसाईगंज कस्बा जा रहा था तभी विरुहा चौराहे के पास हर्षित वर्मा अपने दो साथियों के साथ वहां आ गया और बाईक तेज चलाने की बात को लेकर कहासुनी व गाली गालौज करने लगा।वादी मुकदमा के द्वारा गाली देने से मना करने पर अभियुक्त के द्वारा अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर उसको लोहे की राड व पंच से मारा पीटा गया तथा जान से मारने की नियत से अवैध तमंचा सीने में लगा दिया गया और फायर करने का प्रयास किया गया किन्तु फायर नहीं हो सका।घटना की सूचना थाना स्थानीय को मिलने पर पुलिस द्वारा मौके पर विरुहा चौराहे पंहुचकर अभियुक्त हर्षित वर्मा उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसकी जामा तलाशी से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद लोहे का पंच बरामद हुआ, तमंचे के चैम्बर में एक अदद जिन्दा कारतूस लगा हुआ था। अभियुक्त के दोनों साथियों की तलाश की जा रही है। नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को जेल भेजा गया है।

# संबंधित अधिकारी विकास कार्यक्रमों की समीक्षा कर प्रगति में सुधार लाएं: डीएम

जन एक्सप्रेस । अमेठीह्य



जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें।एवं अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें।इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये।उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें।और प्रगति में सुधार लाएं।डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार,योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों,दवाओं की उपलब्धता,स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति,टीकाकरण, पंचायती राज विभाग,समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना वितरण,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,पेंशन योजना भौतिक वित्तीय,दिव्यांगजन पेंशन योजना, प्रोबेशन विभाग की योजना, ग्राम्य विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना,आवास योजना ग्रामीण,राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन,महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन,खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना,आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारेमें विधिवत जानकारी ली।तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने,विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशानुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्ति,ग्रामों का ऊर्जीकरण,ट्रान्सफार्मरों का प्रतिस्थापन, कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण,बाल विकास एवं पुष्टाहार सहित जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।डीएम ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये।इसके साथ ही उन्होंने आईजी आरएस,मुख्यमंत्री पोर्टल,जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट को कहा।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं।जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी,उनके विरुद्ध कड़ीकार्रवाई की जाएगी।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,जिला विकास अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने तहसील सलोन में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

## शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण करें अधिकारी :डीएम



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सलोन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैजिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सलोन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 115 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 02 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराएपुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम सलोन मिथिलेश कुमार त्रिपाठी परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश चंद्र मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लेखपाल पर रिश्वत का आरोप तहसील में महिला ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले की अमेठी तहसील परिसर में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया,जब भीमी मंगापुर गांव की रहने वाली राजकुमारी तिवारी ने हल्का लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहसील में हंगामा कर दिया।महिला का कहना है,कि लेखपाल ने पहले दस हजार रुपए रिश्वत लेकर सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य रुकवाया था। लेकिन अब वही लेखपाल विपक्षियों से मिलकर अवैध निर्माण करवा रहा है।राज कुमारी ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि जब उन्होंने इस अवैध निर्माण का विरोध किया।और वीडियो बनाने की कोशिश की,तो लेखपाल ने कथित रूप से उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया।महत्वपूर्ण दस्तावेज भी फाड़ दिया।शनिवार को तहसील में लेखपाल को देखते ही महिला आक्रोशित हो गई।और लेखपाल से तीखी बहस शुरू हो गई।बहस बढ़ने पर लेखपाल वहां से बचकर निकलने लगा तो महिला ने उनका पीछा किया।और खतौनी कार्यालय तक दौड़ाया।

घटना की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार नमृता मिश्रा मौके पर पहुंचीं।और महिला को शांत कराया।उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच की जाएगी। यदि लेखपाल दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस घटना के बाद तहसील परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

# न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



सलोन न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल सलोन में बसंत पंचमी का उत्सव बहुत ही धूम धाम के साथ मनाया गया प्रधानाचार्य डॉ निशी श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती जी का पूजन एवं वंदन के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें स्कूल की मेघावी छात्राओं जिसमें सुनैना मौर्य अनबिया फारुकी एवं मानवी केसरवानी तस्मिया कृति शर्मा ने नृत्य प्रस्तुत किया

प्रबंधक शिवेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने बसंत पंचमी के शुभ अवसर पे घोषणा की इस बार के नवीन शैक्षिक सत्र में स्कूल के सभी बच्चों को बिना शुल्क के कंप्यूटर प्रैक्टिकल एजुकेशन दी जाएगी साथ ही विभिन्न स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम जिसमें फ्री इंग्लिश स्पीकिंग पर्सनेलिटी डेवलपमेंट वा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विशेष क्लासेज शुरू की जाएगी प्रधानाचार्य डॉ निशी श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही स्कूल के पास इंटरमीडिएट तक सभी स्ट्रीम की मान्यता सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन से जारी कर दी जाएगी स्कूल दिन प्रतिदिन उन्नति एवं प्रगति की ओर संचालित है इस मौके पर समस्त अध्यापक अध्यापिका स्कूल का स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# स्टाम्प वादों के त्वरित निस्तारण हेतु एकमुश्त समाधान योजना 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी: ए0डी0एम0 (फाइनेंस)

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

**इस योजना के तहत पक्षकार मात्र सौ रुपए के न्यूनतम अर्थदंड पर अपने लंबित वादों का करवा सकते हैं समाधान- अमृता सिंह**

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य में लंबित स्टाम्प वादों के त्वरित निस्तारण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से 'स्टाम्प कमी के वादों की समाधान योजना' को पुनः लागू करने का निर्णय लिया है। यह योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत पक्षकार मात्र 100 रुपए के न्यूनतम अर्थदंड और नियमानुसार ब्याज अदा कर लंबित वादों का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्टांप पंजीयन विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के तहत लंबित मामलों के निस्तारण के लिए तैयार की गई हैउन्होंने बताया कि यह समाधान योजना शासन के निर्देशानुसार 31 मार्च, 2025 की अवधि तक प्रभावी रहेगी। किसी भी पक्षकार द्वारा इस अवधि में योजना के प्रभावी रहने की अन्तिम तिथि से पूर्व पुष्टि की गई स्टाम्प कमी की धनराशि नियमानुसार ब्याज एवं रु0 100/- के टोकन अर्थदण्ड की धनराशि के साथ जमा करने पर उसे इसका लाभ प्राप्त होगा।

# पी डी ए चर्चा कार्यक्रम में कहा जनता से वादा ख़िलाफ़ी भ्रष्टाचार-इं.वीरेन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्देशित पीडीए चर्चा कार्यक्रम जनपद की सभी छः विधानसभाओं के विभिन्न सेक्टरों में आयोजित किए गएविधानसभा क्षेत्र सरेनी के सेक्टर बहाई में सेक्टर प्रभारी नसीब अहमद की अगुवाई में सैकड़ों किसानों,मज़दूरों एवं महिलायें पीडीए चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुई। पीडीए चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव में कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा सदैव पिछड़ों दलितों, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं को सम्मान एवं अधिकार देने का कार्य किया है नेताजी मुलायम सिंह यादव की सरकार में पंचायतों के चुनाव में आरक्षण देने का काम पिछड़ों को सत?ताईस प्रतिशत दलितों को इक?कीस प्रतिशत एवं महिलाओं को तेंतिस प्रतिशत हुआ है। जबकि भाजपा की सरकार विधानसभा एवं लोकसभा में आरक्षण देने का वर्षों से ढिंढोरा पीट रही लेकिन क़ानून आज तक नहीं लागू हुआ भाजपा देश प्रदेश की जनता से बड़े बड़े वादे करती है परंतु सत्ता मिलते ही वादे भूल जाती है जनता से सरकार द्वारा वादा खिलाफी भ्रष्टाचार है। बीजेपी पीडीए का अपमान कर रही है। कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक प्रतिनिधि दिव्यावर सिंह ने कहा कि बीजेपी विकास नहीं अफ़वाह फैलाती है।कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव जेपी यादव ने किया इस अवसर पर जिला सचिव रमेश मौर्या,शिवकुमार यादव,धर्मेंद्र धाकड़, रामनरेश यादव,इरफ़ान अहमद सहित अनेकों लोगों ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम में पीडीए पर्चा वितरित कर सभी को पीडीए पर जागरूक किया गयाविधानसभा ऊँचाहार क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग सेक्टर की पीडीए चर्चा बैठक ग्राम प्रधान शिवराम यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई पीडीए पर प्रमुख रूप से चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेंद्र यादव ने कहा बीजेपी सरकार किसानों को पाँच किलो राशन देकर झुनझुना पकड़ा रही जबकि एक एक किसान की बीघों फसल अन्ना जानवरों से चराकर किसानों की किवन्टालों फ़सल बर्बाद की जा रही।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष जगदेव प्रसादबबलू आदि अनेकों नेताओं द्वारा पीडीए पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया विधानसभा क्षेत्र सलोन के सेक्टर तिवारीपुर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम ब्लॉक अध्यक्ष आदर्श यादव सेक्टर प्रभारी हरि यादवविधानसभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव आदि की अगुवाई में संपन्न हुआ जिसमें पीडीए पर्चा देकर समाजवादी पार्टी की नीतियों पर चर्चा किया बीजेपी नेताओं द्वारा महापुरुषों के अपमान पर आक्रोश प्रकट किया उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा नहीं चाहिए भाजपाजनपद रायबरेली के हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर इकौनी के बनईमऊ में ग्रामीणों एवं महिलाओं से पीडीए चर्चा करते सेक्टर प्रभारी राघवेंद्र यादव सहित अनेकों पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।क्षेत्र में हो रहे अन्याय उत्पीड़न पर लोगों ने दुःख प्रकट किया सभी उपस्थित जनों ने समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। रायबरेली विधान सभा सदर के सेक्टर देवानन्दपुर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष कल्लू चौधरी समेत अनेकों वरिष्ठ नेताओं ने पीडीए के अधिकारों से लोगों को जागरूक किया।

# मोदी सरकार ने बजट के नाम पर आम आदमी को पकड़ाया झुनझुना अतुल



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं ऊंचाहार पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने जो बजट पेश किया है उसमें आम आदमी को टैक्स के नाम पर झुनझुना पकड़वाने का काम किया है। वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में किसानों को कुछ नहीं दिया,किसान ठगा महसूस कर रहा है।युवा बेरोजगारों को रोजगार के लिए बजट में कुछ नहीं है!साथ ही शिक्षा व चिकित्सा जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी होता है आम आदमी के लिए उसके लिए भी कुछ नया नहीं दिया है,इन अत्यंत जरूरी मुद्दों से केंद्र सरकार ने मुंह मोड़ लिया है।वित्त मंत्री का 2025-26 का यह बजट पूरी तरह से निराशाजनक रहा है।

# वसंत पंचमी: अयोध्या में 20 लाख लोगों के आने की संभावना, चार पहिया वाहनों का प्रवेश हुआ प्रतिबंधित

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

प्रयागराज महाकुंभ के श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह रामनगरी में निरंतर जारी है। शुक्रवार को भी आठ लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे और सरयू स्नान कर मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। वसंत पंचमी का स्नान रविवार को है। इस दिन अयोध्या में 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। सुरक्षा कड़ी करते हुए अयोध्याधाम में यातायात डायवर्जन लागू है।

अयोध्या में पूरा देश उमड़ रहा है। प्रयागराज से अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं में तकरीबन देश के हर राज्य के श्रद्धालु शामिल होते हैं। कुछ विदेशी व एनआरआई श्रद्धालु भी आ रहे हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए की गई व्यवस्था के चलते सरयू घाट, राम मंदिर व हनुमानगढ़ी में स्नान, दर्शन-पूजन करने के लिए पांच से आठ किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है। रामलला के दरबार में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन की व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को निश्शुल्क भोग प्रसाद भी वितरित किया जा रहा है। प्रसाद पाकर भक्त तृप्त नजर आते हैं। रामनगरी में जब से चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है और वाहनों को जिले की सीमा से ही डायवर्ट किया जा रहा है तब से रेलवे मार्ग से श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक आ रही है। इसको देखते हुए अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन की ओर केवल श्रद्धालुओं को ही आने-जाने की अनुमति दी जा रही है। स्टेशन की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। कमिश्नर गौरव दयाल, डीएम चंद्रविजय सिंह, आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी राजकरण नय्यर, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने शनिवार को मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

हनुमानगढ़ी में दर्शन की नई व्यवस्था हनुमानगढ़ी में रोजाना तीन से पांच लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं। सुगम दर्शन के लिए दर्शन मार्ग पर रेलिंग लगाई गई है, साथ ही बैरीकेडिंग भी की गई है। हनुमानगढ़ी में जगमोहन की ओर जाने वाले रास्ते को श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के कारण बंद कर दिया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार से श्रद्धालु मंदिर में घुस रहे हैं, दर्शन के बाद पीछे के मार्ग से निकासी हो रही है। जगमोहन में किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, इससे भीड़ नियंत्रण में आसानी हो रही है। इस वर्ष भी वसंत पंचमी दो दिन मनाई जाएगी। आचार्य शिवेंद्र ने बताया कि पंचमी तिथि पर रेवती नक्षत्र लगेगा तो सिद्ध योग, शुभ, मातंग, रवि, ययीजय, शुभ कर्तरी, बुधादित्य योग लगेगा। वसंत पंचमी पर मां को वस्त्र धारण कराकर स्थापित कराएं। मां को पीले फूल, चंदन, पीले रंग का भोग आदि नैवेद्य अर्पित करें। दो फरवरी को शाम से यह पर्व प्रारंभ होकर तीन फरवरी को उदया तिथि तक है। आचार्य शिवेंद्र ने बताया कि माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि की शुरुआत दो फरवरी को सुबह 09¬14 बजे होगी और तीन फरवरी को सुबह 06¬52 बजे समाप्त होगी। शास्त्र सम्मत विधान के अनुसार दो फरवरी रविवार को दोपहर के समय माघ शुक्ल पंचमी तिथि व्याप्त होने से वसंत पंचमी मनाई जाएगी।

## नग्न अवस्था में युवती का शव, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

अयोध्या थाना क्षेत्र के एक गांव के बाहर एक युवती का शव नग्न हालत में पड़ा मिला है। लोगों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के सहनवा गांव के बाहर एक युवती का शव नग्न अवस्था में मिला है। युवती दो दिन से लापता थी। परिजनों व स्थानीय लोगों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं. | 1158–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 31.01.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्थानों पर शेष स्टेशनों/आवासीय भवनों और एल.सी. गेटों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों का प्रावधान। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 4,53,87,845/– (चार करोड़ तिरपन लाख सत्तासी हजार आठ सौ पैंतालिस रुपये केवल) |
| 4. | बयाना राशि | रु. 3,77,000/– (तीन लाख सतहत्तर हजार रुपये केवल) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6. | ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 24.02.2025 को 11:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 11:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1158–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक: 31.01.2025 355/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा शुक्रवार को जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पाकशाला, महिला बैरक, जेल चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का अवलोकन किया गया। जेल चिकित्सालय में सचिव द्वारा मानसिक रोग से ग्रसित बन्दियों से बात कर उनका हालचाल जाना गया सचिव द्वारा महिला बंदियों हेतु चलाई जा रही स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला बंदियों को प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता की उपलब्धता के बाबत जानकारी ली गयी इसके अतिरिक्त ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक करने हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिन बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है निरीक्षण दौरान व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल राजकुमार सिंह, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल जय सिंह यादव व उपकारापाल धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे।

# कोचिंग संचालक लापता हाईवे किनारे मिली बाइक

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के कीटियावा गांव निवासी कोचिंग सेंटर संचालक गंगेश मिश्र रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए हैं।उनकी बाइक लखनऊ-वाराणसी हाईवे के किनारे मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में मिली है।लेकिन गंगेश का अब तक कोई पता नहीं चल सका है।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गंगेश मिश्र शुक्रवार दोपहर को बाइक से घर के लिए निकले थे।जब वे देर रात तक घर नहीं पहुंचे,तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की।शनिवार को गौरीगंज रोड पर हाईवे किनारे उनकी बाइक लावारिस अवस्था में मिली।लेकिन वे स्वयं वहां नहीं थे। इसके बाद परिजनों ने मुसाफिरखाना थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।मुसाफिरखाना थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।युवक की तलाश के लिए सर्विलांस टीम को सक्रिय किया गया है।पुलिस गंगेश की कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाल रही है।और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांची जा रही है।पुलिस का कहना है कि सभी संभावित कोणों से मामले की जांच की जा रही है।और जल्द ही गंगेश को ढूंढ निकालने का प्रयास किया जाएगा।वहीं लापता कोचिंग संचालक के परिवारजन बेहद चिंतित हैं।और पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



**अनशन पर बैठे समाजसेवी दीपक पंडित को...**

**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक बिजुआ में 1 फरवरी से सामाजिक कार्यकर्ता दीपक पंडित भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं। को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित होती रही... शेष पेज 07 पर...

# छात्रा की हुई हत्या, शरीर पर 40 से अधिक चोट के निशान मिले

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

महाराजपुर में 12 साल की किशोरी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उसके शव को खेत में फेंक कर आरोपी फरार हो गए। हत्या करने से पहले आरोपियों ने किशोरी को यातनाएं दी। उसके शरीर को बुरी तरह से नोचा। विरोध पर उसे बेरहमी से पीटा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर से लेकर पैरों तक 40 से अधिक गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। वही रेप की आशंका के चलते स्लाइड बनाकर जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इसकी वीडियो ग्राफी भी कराई गई है। वही शव को मिले 48 घंटे बीत गए हैं लेकिन अभी तक पुलिस हत्यारो का सुराग लगा पानी में ना काबिल साबित हुई है। महाराजपुर थाने के साथ ही क्राइम ब्रांच और सर्विलांस की टीम हथियारोंपी की तलाश में जुटी हुई है। आपको बताते चलें महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 27 जनवरी की शाम को 4:30 बजे एक 12 साल की किशोरी जो कक्षा आठ में पढ़ती थी। किशोरी अपनी बकरियों को चढ़कर घर वापस लौट रही थी। मगर एक बकरी खेत में छूट गई। उसे खोजने के लिए एक किशोरी अपनी मां और बहन के साथ खेत की और गई। बकरी को खोजते हुए मां बेटी एक साथ दूसरे रास्ते पर निकल गई। जबकि किशोरी अकेले रह गई। काफी देर बाद जब बकरी नहीं मिली तो मां बेटी घर आ गई। देर शाम तक किशोरी के घर वापस न लौटने पर परिवार और गांव के लोगों ने काफी तलाश किया लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। इस वजह से परिवार के सभी सदस्यों को किशोरी की बहुत चिंता हुई। 30 जनवरी की सुबह किशोरी का शव खून से लथपथ हालत में अरहर के खेतों में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से लेकर कई अफसर मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड में भी मौके पर पड़ताल की। पुलिस में जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



## 3 दिन से लापता सातवीं की छात्रा का खेतों में मिला शव

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन दिन से लापता बच्ची का शव गुरुवार सुबह खेतों में पड़ा हुआ मिला है। बच्ची के शरीर पर गहरी चोटों के निशान हैं और कपड़े भी अस्त-व्यस्त अवस्था में मिले हैं। ईंट भट्ठे के पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुलिस और परिजनों को शव मिलने की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि बच्चे सोमवार शाम को घर से निकली थी। उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी थी। स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटनास्थल से पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस रेप के बाद हत्या के आशंका जता रही है। फॉरेंसिक टीम ने ईंट भट्ठे से कई साक्ष्य बरामद किए हैं। कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के साथ-साथ पुलिस महकमे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक महाराजपुर के एक गांव के रहने वाले एक परिवार की सबसे छोटी बेटी उम्र लगभग 12 वर्ष जो कि गांव के ही कॉन्वेंट विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ती थी। सोमवार शाम को किसी काम से घर से बाहर निकली थी। बेटी जब देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो परिवार में मां पिता दो बड़ी बहनें और छोटे भाई को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास के घरों में पूछताछ की। लेकिन बेटी का कहीं कोई पता नहीं चला। कहीं पर भी न मिलने पर गांव के बाहर खेतों और नदी के आसपास उसकी तलाश की गई। रात भर परिजन और ग्रामीण बच्ची को ढूंढते रहे। इसके बाद परिजनों ने पुलिस में किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। काफी खोजबीन की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। तीन दिन बाद गुरुवार के सुबह गांव के बाहर एक ईंट भट्ठे के पास से गुजर रहे ग्रामीणों को अरहर के खेत में बच्ची का शव मिला। ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद क्षेत्रीय पुलिस ने घटना की संदिग्धता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया और घटना स्थल से अहम साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। बच्ची का शव मिलने के बाद से मां भाई बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बच्ची को हस्त व्यस्त और खून से लथपथ देखकर पिता और मां बार-बार बेहोश हो जा रहे थे। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे के अनुसार पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। चौकी स्थिति से पुलिस रेप कर हत्या के आशंका जता रही है। मृतक किशोरी के शरीर पर गंभीर छोटे और खरोंच के निशान मिले हैं। बच्चों के कपड़े भी फटे हुए थे। घटना की सूचना मिलती ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। फॉरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलाया गया है। इसके अलावा डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंचा। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। बच्ची के शोक की बरामदगी के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ने का प्रयास करेगी।

**साक्ष्य के आधार पर होगी कार्रवाई**

सूचना मिलते ही कानपुर पुलिस कमिश्नर कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। उन्होंने बच्ची के परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जांच के दौरान ज्वाइंट सीपी हरीश चंदर, डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, शाहिद आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस कमिश्नर ने अफसर को घटना के जल्द खुलासा करने की दिशा निर्देश दिए है। वही डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पूछताछ के लिए पड़ोस के गांव के कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस घटना के हर एंगल की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। घटना में शामिल दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### चाचा और भाई ने कहा मां से ना बिगड़ती तो बच जाती जान

किशोरी के चाचा ने बताया कि 27 जनवरी को बिटिया बकरियों को चराने गई थी। जब वह घर लौटी तो 5 में से चार बकरियां थी। एक बकरी गायब थी। उसे भेजने के लिए बिटिया की मां और बहन गई थी। जब तीनों घर से निकले तो थोड़ी देर में मां और एक बेटी साथ घर वापस लौट आई और बिटिया दूसरे रास्ते चली गई थी। बताया जा रहा है की आखिरी बार गांव के ही एक ग्रामीण ने उसे घर से एक सवा किलोमीटर दूर देखा था। भाई ने बताया कि गुरुवार को पिता के दोस्त कमलेश ने घटना की जानकारी दी थी। वह पास के बड़ा गांव के रहने वाले हैं। भाई के मुताबिक कमलेश ने पिता को फोन पर जानकारी दी की खेत में जाकर देखें कोई शव मिलेगा। संभवत वह किशोरी का हो सकता है। इस पर परिवार उनके बताएं स्थान पर पहुंचे वहां पर उन्हें शव मिला। भाई ने बताया कि कमलेश को इसके बारे में कैसे पता चला। इस बारे में जब उन्होंने कमलेश से पूछा तो उन्होंने बताया कि बड़ा गांव में कई लोगों को इस घटना के बारे में जानकारी थी। गांव में चर्चा हो रही थी। उन्होंने जो सुनी थी वही मेरे पिता को फोन कर बताई।

### किशोरी के मौत के बाद घर में नहीं जला चूल्हा

भाई ने बताया कि 27 जनवरी को जब से बिटिया लापता हुई घर में चूल्हा नहीं जला है। 500 ग्रामीणों के साथ हर स्थान पर खोजा गया मगर उसका कुछ पता नहीं चला था। 27 जनवरी को शाम को ही थाने में सूचना दी थी। आधे घंटे बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई थी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर निकले 40 चोट के निशान

किशोरी का पोस्टमार्टम डॉक्टर अजीत यादव और डॉक्टर प्रेम लता ने किया। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक किशोरी के शरीर पर 40 से ज्यादा चोटों के निशान मिले हैं। कंधे और चेहरे पर 18 चोटे मिली और कमर से नीचे तीन चोटे मिली है। किशोरी के मौत की वजह गला घोटें जाने की वजह से हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक गला दबाकर हत्या करने से पहले किशोरी को यातनाएं दी गई थी। उसे नोचा घासोटा गया था। इसके बाद उसकी किसी भारी वस्तु से जमकर पिटाई की गई थी। प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। लेकिन रेप के आशंका के चलते स्लाइड बनाकर जांच के लिए भेजी गई है।

# वन विभाग की बड़ी लापरवाही हादसों को दे रही दावत, ईश्वरीगंज में रोड पर झुका इमली का पेड़

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



**बिठूर।** कल्याणपुर बिठूर रोड स्थित ईश्वरीगंज गांव के मेन चौराहे पर इमली का पेड़ बुरी तरीके से झुक गया है। इमली का पेड़ इस कदर झुक गया है की बड़े वाहन निकलते समय अक्सर उससे टकरा जाते हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की गई लेकिन अभी तक विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी है। कई बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक ग्रामीणों की कोई सुनवाई नहीं हुई है। ऐसा नहीं कि इस रास्ते से कानपुर नगर के आलि अधिकारी ना गुजरते हो। लेकिन अभी तक किसी का भी ध्यान इस और आकर्षित नहीं हुआ है। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पति दिलीप कुमार निषाद उर्फ मल्लहू,राम सिंह, सुंदरलाल, बृज नारायण निषाद उर्फ छम्मी(एडवोकेट) ने बताया कि शायद ही ऐसा कोई दिन गुजरता होगा जिस दिन बड़े वाहन इस पेड़ की डाल से ना टकराते हो। रात के वक्त तो अक्सर बड़े वाहन इस झुके हुई इमली की डाल से टकरा जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि वन विभाग के अधिकारियों को किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार है। आपको बताते चले हाल ही में 23 मार्च से बिठूर महोत्सव भी होने जा रहा है। ऐसे में कानपुर शहर के अलावा कई शहरों से लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है। कुछ दिनों पहले जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी बिठूर महोत्सव से संबंध नाना राव पार्क, ब्रह्मावर्त घाट का निरीक्षण भी किया था। और संभावित बिठूर महोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की थी। ऐसे में यदि इस झुके हुए इमली के पेड़ को नहीं काटा गया तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# युवती को भगाने में मदद करने वाले युवक को पुलिस ने पीटा हालत बिगड़ी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कोहना थाने की पुलिस पर रानी घाट के रहने वाले एक परिवार में गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस ने उनके नाबालिक बेटे को हिरासत में लेकर बेरहमी से पीटा। इससे बेटे की हालत बिगड़ गई और उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर पुलिस का कहना है कि नाबालिक की मदद से ही उसका बड़ा भाई इलाके की रहने वाली एक लड़की को भगा ले गया है। पूछताछ के दौरान तबीयत बिगड़ने पर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था।

सूत्रों के मुताबिक कोहना थाना क्षेत्र के रानी घाट में रहने वाला बबलू का मोहल्ले की युवती से प्रेम प्रसंग था। 29 जनवरी को बबलू और युवती दोनों घर से लापता हो गए। ज्योति के परिजनों ने कोहना थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले की जांच कर रही पुलिस में सीसीटीवी देखा तो सामने आरोपी बबलू और युवती बाइक से जाते दिखाई दिए। कोहना थाना प्रभारी की माने तो दोनों को भगाने में बबलू के नाबालिक भाई ने भी सहयोग किया था। जांचके बाद कोहना पुलिस में मामले को अपहरण की धारा में तरमीम कर दिया। इसके बाद आरोपी के नाबालिक भाई को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। आप है कि पूछताछ के दौरान नाबालिक को इतनी बेरहमी से पीटा कि वह बेहोश हो गया। उसके पूरे शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मिले हैं। मामले की जानकारी मिलते ही कोहना पुलिस ने आनन-फानन मैं उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया। युवक को परिवार में ब्रह्म नगर चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। इसके साथ ही कोहना थाना प्रभारी समिति अन्य दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ पुलिस अफसर से शिकायत की है। मामले की जानकारी लेने पर एसीपी कर्नलगंज टीबी सिंह ने बताया कि नाबालिक और उसका भाई दोनों लड़की का अपहरण करने के आरोपी है। दोनों के खिलाफ सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग समेत कई साक्ष्य मौजूद हैं। नाबालिक को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था लेकिन बुखार होने के चलते छोड़ दिया गया। सामान्य रूप से बीमार था टी से किसी तरह की तबीयत नहीं बिगड़ी है।

# कैंसर रोगियों को समय से मिलेगी कीमोथेरेपी, रोगियों को टर्सरी केयर अस्पतालों में लाइन नहीं लगानी पड़ेगी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



केंद्रीय बजट में जिला अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाने का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि इससे रोगियों को समय से कीमोथेरेपी मिल जाएगी। इससे कैंसर रोगियों का जल्दी इलाज शुरू हो जाएगा। डॉ. काला ने बताया कि अभी रोगी बहुत देर से अस्पताल आते हैं। इनमें 20 से 30 फीसदी रोगी ही इलाज के लायक होते हैं। जिला अस्पताल में कैंसर डे केयर सेंटर खुलने से रोगियों के मर्ज की एक तो पहचान जल्दी हो जाएगी। इसके अलावा उन्हें सेंटर पर ही कीमोथेरेपी मिल जाएगी। समय से इलाज मिलने से रोगियों को फायदा होगा। अभी तीसरी और चौथी स्टेज में पहुंच पाते हैं। इससे सर्जरी के लायक नहीं होते। इसके अलावा टर्शरी केयर अस्पतालों में लंबी लाइन होती है। आपरेशन की वेटिंग लिस्ट लंबी होती है। इससे भी इलाज में देरी होती है। डे केयर सेंटर होने से रोगियों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है।

## प्रयागराज बसें जाने से दिल्ली-झांसी रूट के यात्री भटके

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

महाकुंभ में शनिवार को 24 घंटे में 283 बसें रवाना हुईं। इससे दिल्ली-झांसी रूट की बसों की संख्या कम हो गई। इन रूट पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, शटल बसों के भी प्रयागराज जाने से लोकल यात्रियों को टेंपो-ऑटो का सहारा लेना पड़ा। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि शहर से झकरकटी, चुन्नीगंज और ग्रीन सिटी बस अड्डे से प्रयागराज की बसें उपलब्ध हैं। शनिवार का दिन होने के चलते सुबह से ही विभिन्न रूटों से लौटी बसों को प्रयागराज रवाना किया गया। 450 साधारण, एसी और 50 शटल बसें प्रयागराज भेजी जा रही हैं। प्रयागराज महाकुंभ के लिए बड़ी संख्या में बसों के रवाना होने से अन्य रूटों पर फेरे घट गए। प्रमुख रूप से दिल्ली, आगरा, झांसी, बांदा और लखनऊ रूट के यात्रियों को बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। क्षेत्रीय प्रबंधक के मुताबिक किसी रूट पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर बसें तत्काल रवाना करने के निर्देश हैं। बसों के महाकुंभ जाने से थोड़ी समस्या जरूर है।

# वसंत पंचमी : हर-हर गंगे के जयकारे संग श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज रवाना, स्टेशन पर उमड़े श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



वसंत पंचमी पर अमृत स्नान के लिए प्रयागराज जाने वालों का रेला शनिवार से ही निकल पड़ा। सेंट्रल स्टेशन से शाम सात बजे के बाद प्रयागराज जाने वाली ट्रेनें फुल होकर गईं। हर-हर गंगे के जयकारे लगा श्रद्धालु रवाना हुए। स्टेशन अधीक्षक अवधेश द्विवेदी ने बताया कि वसंत पंचमी का अमृत स्नान रविवार को पड़ रहा है, जिसके चलते शनिवार सुबह से ही श्रद्धालु सेंट्रल स्टेशन रवाना होना शुरू हो गए। पहले से ही 50 मेला स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं, जो सेंट्रल स्टेशन से फुल होकर गईं। रात एक बजे के बाद भीड़ बढ़ी तो हर आधे घंटे में प्रयागराज के लिए मेमू रैक रवाना किए गए। शनिवार देर रात एक बजे तक स्पेशल समेत 48 ट्रेनें प्रयागरूट पर रवाना हुईं। प्रयागराज रूट की ट्रेनें प्रमुख रूप से प्लेटफॉर्म दो, तीन और चार से रवाना की जा रही हैं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आती देख यात्री जल्दी सीट लेने के लिए जान जोखिम में डालते दिखे। देर रात एक बजे के करीब मेला स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर दो, तीन पर आई तो यात्री पहले ही पटरी पर उतरकर दूसरी ओर चले गए। सुरक्षाबल यात्रियों को समझाते दिखे।

### सुरक्षा बल अलर्ट, कंट्रोल रूम से हुई निगरानी

वसंत पंचमी के स्नान के लिए यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर जीआरपी, आरपीएफ और वाणिज्य विभाग की क्यूआरटी तैनात रहीं। एसीएम संतोष त्रिपाठी के मुताबिक, स्टेशन की सुरक्षा में 600 से ज्यादा आरपीएफ, जीआरपी और पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। प्रयागराज रूट की ट्रेनें फुल होकर गईं। मेला स्पेशल को छोड़ दें तो अन्य ट्रेनों के आरक्षित कोच में भी यात्री चढ़ गए। स्टेशन पर स्थित कंट्रोल रूम से चप्पे-चप्पे की निगरानी हुई। संदिग्धों की तलाशी भी ली गई।

### मेडिकल कैंप पर बढ़ाया स्टाफ

मौनी अमावस्या पर ट्रेनें खचाखच भरी स्टेशन पहुंचीं थी। इस दौरान कई यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई थी। इसको देखते हुए स्टेशन पर बनाए गए फ्री मेडिकल सहायता कैंप में स्टाफ बढ़ाया गया। सात यात्रियों को शनिवार को मामूली दिक्कतें हुईं, जिन्हें दवा देकर गंतव्य को रवाना किया गया।

> स्टेशन पर यात्रियों को रवाना किए जाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। औसतन दिन में प्रत्येक आधे घंटे में एक गाड़ी प्रयागराज रवाना की जा रही है। आकस्मिक स्थितियों के लिए दस मेमू रैकर हैं जरूरत पड़ने पर उन्हें तत्काल रवाना करने के निर्देश हैं।
> – आशुतोष कुमार सिंह, डिप्टी सीटीएम

# नगर निगम ने जिस तालाब का कराया सुंदरीकरण, वह मिला सूखा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

महापौर प्रमिला पांडेय ने शनिवार को आपके वार्ड अभियान के दौरान बैरी में सूखा तालाब देख नगर निगम अफसरों को इसमें पानी की उपलब्धता के लिए निर्देशित किया। नगर निगम की ओर से 2017 में इस तालाब का सुंदरीकरण कराया गया था। शिविर में जलकल, मार्ग प्रकाश, नाली, सड़क, सीवर, सफाई आदि की 38 शिकायतें आईं, जिनमें से 14 का तत्काल निस्तारण हुआ। महापौर ने वार्ड 17 नारामऊ के अंतर्गत बैरी, बिठूर रोड में दोपहर में शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। लोगों की शिकायत पर वह चंद्रकेश्वर मंदिर के नजदीक स्थित तालाब के पास पहुंचीं तो उसमें पानी नहीं था।महापौर ने तालाब में सालभर पानी की उपलब्धता के लिए परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता की मौत, बेटा गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



बिठूर के नारामऊ मोड़ के पास हाईवे पर सड़क पार कर डिवाइडर फांदते समय तेज रफ्तार कार ने पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों करीब पांच फीट ऊपर उछलकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे उसकी नंबर प्लेट टूटकर सड़क पर गिर गई। हालांकि चालक मौके से कार लेकर भाग गया। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने पिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बेटे की हालत नाजुक बताई गई है। नारामऊ के नंगापुरवा गांव निवासी बाबू नारायण यादव (50) फजलगंज की एक बिस्किट कंपनी की निर्माण इकाई में काम करते थे। वहीं, पास में ही दूसरी फैक्टरी में उनका बेटा धर्मेंद्र कुमार यादव काम करता है। भतीजे नरसिंह ने बताया कि चाचा बाबू नारायण के परिवार में उनकी पत्नी मिथिला और बड़े भाई महेंद्र यादव है। वह लोग मूलरूप से चौबेपुर के जवासी बगिया के रहने वाले हैं। शुक्रवार को ड्यूटी खत्म करने के बाद रात 8:30 बजे पिता-पुत्र रोज की तरह सवारी वाहन से नारामऊ मोड़ पर उतरे। वहां से पैदल सड़क पार कर डिवाइडर पार कर रहे थे। उसी दौरान बिठूर से कल्याणपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। इससे दोनों काफी दूर उछलकर गिर गए। हादसे में घायल पिता-पुत्र की हालत देख आसपास के लोग दौड़े और कार सवार को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भाग निकला। बिठूर थाना प्रभारी प्रेमनारायण ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार आरकेनगर निवासी अमन के नाम रजिस्टर्ड है। वर्ष 2024 में ही कार खरीदी गई है। पुलिस कार और चालक की तलाश कर रही है।

# इंजीनियर से यौन शोषण का मामला : आईआईटी प्रशासन पर मामले को दबाने का आरोप, कहा, शिकायत के बाद भी नहीं की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

यौन शोषण की शिकार आईआईटी की साइबर सिक्योरिटी की प्रोजेक्ट इंजीनियर ने आईआईटी प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शिकायत के बाद भी आईआईटी प्रबंधन ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। न ही एफआईआर दर्ज कराने के लिए ट्रांसलेटर मुहैया कराया। मामला संज्ञान में आने के बाद विवेचक जल्द ही पूरे मामले को लेकर साइबर सिक्योरिटी लैब सी-3 आई हब के वाइस प्रेसिडेंट से पूछताछ करेगी।

> छात्रा ने अपनी तहरीर में मुख्य आरोपी शुभम मालवीय के साथ अन्य दोस्तों और लैब के वाइस प्रेसिडेंट नाम लिखा है। मामले को लेकर तहरीर में लिखे गए सभी लोगों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज की जा रही है।
> – राजेश कुमार सिंह, डीसीपी पश्चिम

अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली पीड़िता का आरोप है कि मूलरूप से इंदौर के रहने वाले सहकर्मी शुभम मालवीय ने शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक यौन शोषण किया। शादी के लिए जोर दिया तो उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत उसने पिछले साल 27 दिसंबर को साइबर सिक्योरिटी लैब के उच्च प्रबंधन से की थी। उस दौरान लैब के वाइस प्रेसिडेंट रोहित नेगी ने आश्वासन दिया था कि वह मामले में उचित कार्रवाई करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं किया। न ही आरोपी से उन्होंने कोई संपर्क नहीं किया। प्रशासन ने उल्टा मामले का दबाने का प्रयास किया। यहीं नहीं, शिकायत वापस लेने का भी दबाव बनाया गया। मामले की शिकायत लेकर जब वह कल्याणपुर थाने पहुंची तो प्रशासन द्वारा उसे हिंदी ट्रांसलेटर भी मुहैया नहीं कराया गया। इसके चलते वह अंग्रेजी में तहरीर लिखकर थाने पहुंची जहां थाने में मौजूद एक दरोगा ने तहरीर हिंदी में ट्रांसलेट करने में मदद की थी। इसके बाद 26 जनवरी का कल्याणपुर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### विदेश भागने की फिराक में आरोपी

पीड़िता के रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद से आरोपी फ्लैट में ताला बंद कर गायब हो गया है। पीड़िता ने आरोपी के विदेश भागने की आशंका जाहिर की है।

## जमीन बेचने के नाम पर 16.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी, पिता-पुत्र समेत चार पर एफआईआर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जमीन क्रय करने के नाम पर पिता-पुत्र समेत चार लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति से लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बनियापुरवा कटरी निवासी बीआर अहिरवार ने अपने अन्य हिस्सेदार के साथ मिलकर नोएडा के सरफाबाद सेक्टर निवासी यादराम से नोएडा स्थित जमीन खरीदने के लिए एक इकरारनामा किया था। इकरारनामा के अनुसार अहिरवार ने अपने हिस्से के 16.50 लाख रुपये चेकों के माध्यम से उनके खाते में जमा किए।

# पांच घंटे तक नहीं बना एक भी प्रमाण पत्र, सीएमओ पर भड़के डीएम

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बाल भवन परिसर में शनिवार को दिव्यांगों के लिए लगाए विशेष शिविर में पांच घंटे बाद भी कोई प्रमाण पत्र जारी न हो पाने के कारण जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह भड़क गए। डीएम के तेवर देख आनन फानन शाम चार बजे तक 14 लोगों के प्रमाण पत्र बनाए गए, जिन्हें डीएम ने दिव्यांगों को सौंपा। जिले में दिव्यांग पेंशन में आधार प्रमाणीकरण के लिए 657 आवेदन, एनपीसीई के लिए 560 आवेदन लंबित हैं। प्रमाण पत्र बनाने के भी आवेदन काफी समय से लंबित हैं। दिव्यांगों की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने शनिवार को अनूठी पहल के तहत संपूर्ण समाधान दिवस परिसर में ही दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर लगवाया था। सुबह 10 बजे शिविर का जिलाधिकारी ने शुभारंभ किया था। दोपहर दो बजे जिलाधिकारी तहसील दिवस समाप्त होते ही दिव्यागंजन शिविर पहुंचे। शिविर में 30 से अधिक लोगों की भीड़ देख उन्होंने कारण पूछा तो बताया गया कि सर्वर गड़बड़ है, कंप्यूटर एक ही है। यह सुनकर डीएम सीएमओ हरिदत्त नेमी पर बरस पड़े। जिला दिव्यांग अधिकारी विनय उत्तम को भी फटकार लगाई। कहा कि सारे सर्टिफिकेट आज ही बनेंगे तभी यहां से सभी लोग जाएंगे। आवेदकों से खाना मिलने की बात पूछी तो उन्होंने इन्कार कर दिया। डीएम ने कर्मचारी को फटकारते हुए वहां से भगा दिया। इसके बाद आनन फानन लंच पैकेट बांटे गए। शिविर में दिव्यांग बोर्ड के डॉक्टरों ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड तैयार किए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की टीम ने विभागीय योजनाओं के तहत पंजीकरण किया। राजस्व टीम ने दिव्यांगजनों के आय प्रमाण पत्र बनाए।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ऋतुराज वसन्त, सरस्वती और सारस्वत भारत

**वसन्त और सरस्वती पूजा के योग को समझते हुये गोस्वामी श्रीतुलसीदास जी के निरूपण का विशेष सन्दर्भ उल्लेखनीय है। वे श्रीरामचरितमानस में एक सादृश्य विधान करते हुये वे कहते हैं कि श्रद्धा मानव की अन्त:प्रकृति का वसन्त है। मन तथा इन्द्रियों का निग्रह करते हुये नियमों का पालन, श्रद्धा रूपी वसन्त के पुष्प हैं। ज्ञान इसका फल है तथा भगवद्भक्ति इस फल का परम मधुर रस है। बाह्य प्रकृति में जो वसन्त है, अन्त:प्रकृति में वही श्रद्धा है। जैसे वसन्त ऋतु में वृक्ष-वनस्पतियों का निहित रस फूल-फल बनकर व्यक्त हो जाता है।**

*वसन्त की आहट है। उसकी पगचाप सुनाई पड़ने लगी है। रूप-रंग-रस और सौरभ से समृद्ध हुई धरती अपने हृदय का सञ्चित राग उड़ेल देने को मानो उत्सुक है। हो भी क्यों न ! वसन्त सभी ऋतुओं का अधिपति जो है, यह ऋतुराज है। इसका आश्रय पाकर चराचर जगत् में सर्वत्र माधुर्य और मनोहरता का प्रसार हो जाता है। वेदों के अनुसार वसन्त इस सृष्टि-यज्ञ का घृत है- 'वसन्तोऽस्यासीदाज्यं।' यह ब्रह्माण्ड जिसमें हमारा जीवन अधिष्ठित है, वसन्त इसका घी है, ग्रीष्म ईंधन है और शरद हवि है। वसन्त के घी होने में उसका वैशिष्ट्य निहित है। घी स्नेह है, यह रस का-राग का कारक है। महाकवि कालिदास इस वसन्त को प्रिय कहते हैं- 'सर्वं प्रिये चारुतरं वसन्ते।' मैथिल-कोकिल विद्यापति भी वसन्त का गुणगान करने से चूकते नहीं। वे वसन्त के जन्म की कथा कहते हैं। उनके अनुसार श्रीपञ्चमी वसन्त-प्रसवा तिथि है। नौ महीने और पाँच दिन के बाद वह शिशु वसन्त को प्रकट करने वाली है। वसन्त के जन्म के सुन्दर रूपक के साथ विद्यापति वसन्त के राजकीय वैभव का वर्णन करते हुये कहते हैं- 'आएल रितुपति राज बसंत। ऋतुओं के राजा वसन्त का आगमन हुआ। उसके आगमन पर केसर के पुष्पों ने स्वर्णदण्ड को धारण किया। वृक्षों के नए पत्ते राजा के लिए आसन बने। राजा वसन्त के सिर पर चम्पा के पुष्पों का छत्र सजाया गया है। आम्र मञ्जरी ऋतुराज के सिर का मुकुट बनी हुई है और कोयल उसके सामने पंचम स्वर में गा रही है। पक्षियों का समूह वहाँ आकर आशीर्वाद के मन्त्र पढ़ने लगा। कुन्द लता ने राजा वसन्त की पताका का रूप धारण कर लिया है। पलाश के पत्ते तथा लवंग लता ने एक होकर धनुष व उसकी डोरी का रूप धारण कर लिया है। राजा वसन्त के इन अस्त्र-शस्त्रों को देखकर शत्रु शिशिर ऋतु की सेना भाग खड़ी हुई।' इसी सुराज्य और सुशासन में प्रकट होती हैं देवी सरस्वती। सरस्वती जो वाणी की अधिष्ठात्री देवी हैं। बुद्धि-विद्या और समस्त बोध-विज्ञान की जननी हैं। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में सरस्वती को शास्त्रों की जननी, शुद्ध शान्तस्वरूपा एवं कविगण की इष्ट देवी कहा गया है। अपनी ज्ञान-परम्परा के कारण विश्व भर में समादृत भारत देश में सरस्वती 'भारती' कहलाती हैं। भारती जो भारत को धारण करती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त को देखते हुये यह अद्भुत बात सामने आती है कि वाग्देवी कहती हैं कि मैं ही 'राष्ट्री' अर्थात् राष्ट्र को धारण करती हुई इसकी स्वामिनी हूँ। मैं ही यज्ञ करने वालों की पहली आकांक्षा हूँ। देवता मेरा ही सर्वत्र अनुसन्धान करते हैं और मैं ही आत्मसाक्षात्कार पूर्वक समस्त समृद्धि को प्रदान करने वाली हूँ। रुचि और राग से समृद्ध ऋतुराज वसन्त के प्राकट्य के समय ही देवी सरस्वती के प्राकट्य का प्रसंग हमें प्राप्त होता है। शास्त्रीय व्यवस्था के अनुसार माघ शुक्लपक्ष में लक्ष्मी की प्रिय श्री देने वाली जो 'श्रीपञ्चमी' कहलाती है उसी तिथि को पूर्वाह्न में देवी सरस्वती का उत्सव किया जाना चाहिये- यहाँ यह समझना रोचक है कि सरस्वती का उत्सव तब हो जब स्नेह का, रस का, रुचि-राग का जागरण हो जाये। जो सृजनशील है, स्निग्ध है, रसमय है वही सरस्वती का साम्राज्य है। सृष्टि के आरम्भ में परमात्मा के मुख से प्रकट हुई देवी सरस्वती अपने स्वरूप से ही अपना सन्देश व्यक्त करती हैं। शुक्लवर्ण वाली, शुभ्र वस्त्र धारण किये हुये, हाथों में वीणा और पुस्तक सँभाले देवी सरस्वती भारत की चेतना का सांस्कृतिक स्वरूप हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**कड़कड़ाती ठंड के बाद बसंत ऋतु में प्रकृति की छटा देखते बनती है। पलाश के लाल फूल, आम के पेड़ों पर आए बौर, हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को सुहाना बना देती है। यह ऋतु सेहत की दृष्टि से भी बहुत अच्छी मानी जाती है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। देश के कई स्थानों पर पवित्र नदियों के तट और तीर्थ स्थानों पर बसंत मेला लगता है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में तो बसंत पंचमी के दिन से ही लोग समूह में एकत्रित होकर रात में चंग ढफ बजाकर धमाल गाकर होली के पर्व का शुभारम्भ करते हैं। बसन्त पंचमी के दिन विद्यालयों में भी देवी सरस्वती की आराधना की जाती है।**

# बसन्त पंचमी : प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व


रमेश सर्राफ धमोरा

**भारत के पूर्वी प्रांतों में घरों में विद्या की देवी सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की जाती है और वसन्त पंचमी के दिन उनकी पूजा की जाती है। उसके बाद अगले दिन मूर्ति को नदी या तालाब में विसर्जित कर दिया जाता है। देवी सरस्वती को ज्ञान, कला, बुद्धि, गायन-वादन की अधिष्ठात्री माना जाता है।**

बसंत पंचमी, प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी पर प्रकृति का खिलना और नई फसल आना भी देखा जाता है। बसंत पंचमी बहुआयामी त्योहार है जो बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और समृद्ध परंपराओं, कृषि महत्व और आध्यात्मिक प्रथाओं से भरा हुआ है। यह एक ऐसा दिन है जब प्रकृति की जीवंतता, देवी सरस्वती की भक्ति और कृषि समुदाय का जीवन उत्सव की एक खूबसूरत तस्वीर में एक-दूसरे से जुड़ जाता है। माघ महीने में जब बसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवें दिन यानी पंचमी को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसंत उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी, मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है, उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है। सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगे फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये बसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है। बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वों पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है। बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग बसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं। माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है। बसन्त पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिह्वा पर सरस्वती देवी का वास होता है, वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं। प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्माजी ने विष्णुजी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए। ब्रह्माजी को सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि ऐसा क्या किया जाए कि सभी बोलें और खुशी में झूमें। ऐसा विचार करते हुए ब्रह्माजी ने अपने कमण्डल से जल लेकर धरती पर छिड़का। जल छिड़कने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे- एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी। ब्रह्माजी ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कण्ठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूजनीय होगा।



**इस दिन विद्यार्थी, लेखक और कलाकार देवी सरस्वती की उपासना करते हैं। विद्यार्थी अपनी किताबें, लेखक अपनी कलम और कलाकार अपने संगीत उपकरणों और बाकी चीजें मां सरस्वती के सामने रखकर पूजा करते हैं।**

### एक्सप्रेस कविता

*तेरे नाम के आगे नाम लगा लेते है लोग,*
*ऐसे भी अपना काम बना लेते है लोग।*
*इतनी धूप, रोशनी है ज़माने में यहाँ,*
*कैसे नकली चेहरे छुपा लेते है लोग।*
*फकीर विश्वास से चला पत्थरों पर,*
*पत्थरों मो भी पिघला लेते हैं लोग।*

*दिलों में कालिख है जिन लोगों के,*
*सफेदी का मुखौटा लगा लेते है लोग।*
*आज शहर में सुनहरा उजाला है रोशन*
*अपने म्लान मनसूबे कैसे छुपा लेते है लोग।*
*अब उन्हें पहचानना मुश्किल है संजीव,*
*हर चेहरों पर नये चेहरे लगा लेते हैं लोग।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***अगर कुछ करना व बनना चाहते हो तो सर्वप्रथम लक्ष्य को निर्धारित करें, वरना जीवन में उचित उपलब्धि नहीं कर पाएँगे***

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 09:15 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 24:44 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | शिव, 09:08 |
| सूर्योदयः | 07:08 |
| सूर्यास्तः | 17:54 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 16:34-17:54 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:09-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

**है मचा बवाल !**

*लेकर के सुरक्षा को।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित।*
*जो सबका अधिकार ।।*


- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्किन में नई जान डालना है तो इन 5 तेलों को मिक्स करके लगाएं

**अनहेल्दी** लाइफस्टाइल और प्रदूषण आपकी स्किन को प्रभावित करता है। ऐसे में आपको पिग्मेंटेशन, रैशेज, झुर्रियां और डलनेस होने लगती हैं। इस समस्या से बचने के लिए आपको नियमित रूप से त्वचा की देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। त्वचा से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए आप घरेलू उपायों के साथ ही डाइट में भी बदलाव कर सकते हैं। वहीं एक्सपर्ट्स बताते हैं जब आप अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार सही तेल के मिश्रण (ऑयल ब्लेंड्स) का उपयोग करते हैं, तो आपकी स्किन हेल्दी और दमकती हुई दिखाई देगी।



**ऑयल ब्लेंड क्या होता है?:** प्राचीन काल से ही स्किन को हेल्दी और समस्याओं से बचाने के लिए एक या दो तेल का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, आज के समय में दो या दो से अधिक तेलों को मिलाकर एक तरह का ब्लेंड तैयार किया जाता है। इस मिश्रण के इस्तेमाल करने से त्वचा को कई फायदे मिलते हैं। साथ ही, कई तरह की समस्याओं को आसानी से दूर किया जा सकता है। कुछ एक्सपर्ट्स चार से पांच चीजों को मिलाकर ब्लेंड तैयार करते हैं।

**नारियल तेल और लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का मिश्रण:** इस मिश्रण से आप त्वचा को हाईड्रेट कर सकते हैं। नारियल तेल स्किन को गहराई से पोषण प्रदान करता है और स्किन को सॉफ्ट बनाता है। वहीं, लैवेंडर ऑयल में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंहासे और अन्य बैक्टीरियल इंफेक्शन को दूर करने या बचाव करने में सहायक होते हैं। यह ऑयल ब्लेंड ड्राई स्किन और सेंसेटिव स्किन के लिए उपयोगी माना जाता है।

**ऑर्गन ऑयल और टी ट्री ऑयल का ब्लेंड:** संवेदनशील त्वचा के लिए ऑर्गन ऑयल और टी ट्री ऑयल का ब्लेंड काफी उपयोगी होता है। आर्गन ऑयल आपकी स्किन को पोषण प्रदान करता है, वहीं टी ट्री ऑयल में एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो स्किन को बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। चेहरे को बेदाग बनाने के लिए आप इसका उपयोग कर सकते हैं।

**जोजोबा ऑयल और रोज वॉटर का मिश्रण:** जिन लोगों की त्वचा ऑयली होती है उनको जोजोबा ऑयल और गुलाब जल का इस्तेमाल करना चाहिए। जोजोबा ऑयल स्किन को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है। वहीं गुलाब जल स्किन को ठंडक प्रदान करता है। जब आप इन दोनों को ब्लेंड करके इस्तेमाल करते हैं, तो इससे सीबम (नेचुरल ऑयल) को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**कैस्टर ऑयल और जैतून तेल मिश्रण:** कैस्टर ऑयल त्वचा को गहराई से साफ करता है और डिटॉक्स करता है। वहीं, जैतून का तेल त्वचा को पोषण देता है और इसे मुलायम बनाता है। इन दोनों को ऑयल ब्लेंड स्किन को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है।

**बादाम का तेल और शहद का मिश्रण:** बादाम के तेल में विटामिन श्व होता है, जो त्वचा को स्वस्थ रखता है। वहीं, शहद एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर की तरह कार्य करता है और त्वचा को हाइड्रेटेड रखता है। या मिश्रण से त्वचा को चमकदार और मुलायम बनाता है।

**ऑयल ब्लेंड का कैसे उपयोग करें:** एंसेशियल ऑयल की दो से चार बूंदों के साथ आप प्रमुख ऑयल जैसे जैतून का तेल, बादाम का तेल और नारियल तेल को मिक्स कर सकते हैं। ऑयल ब्लेंड को इस्तेमाल करते समय आप पैच टेस्ट अवश्य करें। पैच टेस्ट में आप ऑयल ब्लेंड को चेहरे की स्किन पर अप्लाई करने से पहले हाथ की स्किन पर कुछ मिनट लगाकर देखते हैं। इसको आप रात को सोने से पहले लगा सकते हैं। साथ ही, लगाने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें। इससे ऑयल ब्लेंड आसानी से स्किन में अवशोषित हो जाता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# कर्तव्य पथ पर सांस्कृतिक संदेश


डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**इसमें कहा गया कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा कि वह- संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र्गान का आदर करे। स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे व उनका पालन करें।**

**भारत** के मूल संविधान को अनेक चित्रों से सुशोभित किया गया था। कर्तव्य पथ पर निकलने वाली झांकियों में भी किसी न किसी रूप में उन चित्रों का ही संदेश परिलक्षित होता है। इसके माध्यम से एक बार फिर मूल संविधान में अंकित ऐतिहासिक चित्र चर्चा में आते है। नई पीढ़ी को तो इनका जानकारी भी नहीं है। वस्तुतः भारत की स्वतंत्रता और संविधान निर्माण को अलग करके नहीं देखा जा सकता। दोनों भारत के गौरवशाली अवसर हैं। इससे हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। यह तो आप जानते हैं कि आज की तारीख को ही 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ था, लेकिन क्या आपको मालूम है कि मूल संविधान में अनेक चित्र थे। इनका निर्माण नन्दलाल बोस ने किया था। यह हमारे गौरवशाली अतीत की झलक देने वाले थे। गणतंत्र दिवस पर इनकी भी चर्चा होनी चाहिए। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस हमारे दो राष्ट्रीय पर्व हैं। दोनों एक ही सिक्के के दो गौरवशाली पहलू हैं। पन्द्रह अगस्त को देश स्वतंत्र हुआ। इसीलिए भारत का अपना संविधान बनाया गया। 26 जनवरी को संविधान लागू हुआ। भारत ने दिखा दिया कि वह अपना संविधान बनाने और चलाने में समर्थ है। संविधान सभा का विधिवत गठन 9 दिसंबर 1946 में हुआ था। दो वर्ष, ग्यारह महीने और अट्ठारह दिन में संविधान का निर्माण हुआ। संविधान लागू करने के लिए 26 जनवरी की तारीख ही क्यों चुनी गयी? अतः हमें 26 जनवरी के विशेष महत्व के बारे में जान लेना चाहिए। दरअसल 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में हुआ था। इसमें छब्बीस जनवरी को स्वतंत्रता दिवस मनाने का निर्णय हुआ। तबसे प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता रहा। आजादी के बाद संविधान 26 नवम्बर 1949 में बनकर तैयार हो गया था। 26 जनवरी तारीख इतिहास में पहले से दर्ज थी, अतः इसी तारीख को संविधान लागू करने का निर्णय लिया गया। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त हो चुका था, इसलिए संविधान छब्बीस जनवरी 1950 को लागू किया गया और यह दिन हमारा गणतंत्र दिवस बन गया। तीन सौ आठ सदस्यों ने 24 जनवरी 1950 को संविधान की दो हस्तलिखित कॉपियों पर हस्ताक्षर किए थे। मूल संविधान में प्रत्येक अध्याय के प्रारंभ में दिए गए चित्रों की जानकारी भी नई पीढ़ी को होनी चाहिए। प्रारंभ में अशोक की लाट का चित्र है। प्रस्तावना को सुनहरे बार्डर से घेरा गया है, जिसमें मोहनजोदड़ो के घोड़ा, शेर, हाथी और बैल के चित्र बने हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक कमल का भी चित्र है। अगले भाग में मोहन जोदड़ो की सील है। इसके बाद वैदिक काल की झलक है। इसमें ऋषि आश्रम में बैठे गुरु-शिष्य और यज्ञशाला है। मूल अधिकार वाले भाग के प्रारंभ में त्रेतायुग है। इसमें भगवान राम रावण को हराकर सीताजी को लंका से वापस ले कर आ रहे हैं। राम धनुष-बाण लेकर आगे बैठे हुए हैं और उनके पीछे लक्ष्मण और सीता हैं। नीति निदेशक सिद्धांतों के प्रारंभ में भगवान श्रीकृष्ण का गीता के उपदेश वाला चित्र है। भारतीय संघ के पांचवें भाग में गौतम बुद्ध की जीवन-यात्रा से जुड़ा एक दृश्य है। संघ और उनका राज्य क्षेत्र-1 में भगवान महावीर को समाधि की मुद्रा में दिखाया गया है। आठवें भाग में गुप्तकाल से जुड़ी एक कलाकृति है। दसवें भाग में गुप्तकालीन नालंदा विश्वविद्यालय की मोहर दिखाई गई है। ग्यारहवें भागमें मध्यकालीन इतिहास की झलक है। उड़ीसा की मूर्तिकला को दिखाते हुए एक चित्र को इस भाग में जगह दी गई है और बारहवें भाग में नटराज की मूर्ति बनाई गई है। तेरहवें भाग में महाबलिपुरम मंदिर है। शेषनाग के साथ अन्य देवी देवताओं के चित्र हैं। भागीरथी तपस्या और गंगा अवतरण को भी इसी चित्र में दर्शाया गया है। चौदहवें भाग में मुगल स्थापत्य कला है। बादशाह अकबर और उनके दरबारी बैठे हुए हैं। पीछे चंवर डुलाती हुई महिलाएं हैं। पन्द्रहवें भाग में गुरु गोविंद सिंह और शिवाजी को दिखाया गया है। सोलहवाँ भाग से ब्रिटिश काल शुरू होता है। टीपू सुल्तान और महारानी लक्ष्मीबाई को ब्रिटिश सरकार से लड़ते हुए दिखाया गया है। सत्रहवें भाग में गांधी जी की दांडी यात्रा को दिखाया गया है। अगले भाग में महात्मा गांधी की नोआखली यात्रा से जुड़ा चित्र है। गांधी जी के साथ दीनबंधु एंड्रयूज भी हैं। एक हिंदू महिला गांधी जी को तिलक लगा रही है और कुछ मुस्लिम पुरुष हाथ जोड़कर खड़े हैं। उन्नीसवें भाग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजाद हिंद फौज का सैल्यूट ले रहे हैं। बीसवें भाग में हिमालय के उत्तंग शिखरों को दिखाया गया है। इक्कीसवें भाग में रेगिस्तान के बीच ऊटों काफिला है। बाइसवें भाग में समुद्र है, विशालकाय पानी का जहाज है।

**नागरिक होना गर्व की बात है। सब राष्ट्रीय हित में कार्य करेंगे तो देश मजबूत होगा। इसी प्रकार हमको मूल अधिकारों की भी जानकारी होनी चाहिए। संविधान ने छह मूल अधिकार प्रदान किये हैं जो इस प्रकार हैं- समता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार और संवैधानिक उपचारों का अधिकार।**

## एक्सप्रेस खबरें...

### सभासद से जमीन के नाम पर मांगी पचास लाख की रंगदारी, मुकदमा

जन एक्सप्रेस। बहराइच। सभासद से जमीन के नाम पर पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगने तथा रकम न मिलने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने दो लोगों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। देहात कोतवाली क्षेत्र के सरस्वती नगर निवासी राजीव सिंह ने शुक्रवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया वर्तमान में वे वार्ड नंबर 17 से बीजेपी सभासद है। उनके पिता ने एक जमीन इंडियन बैंक द्वारा सार्वजनिक नीलामी संपति के माध्यम से रंजना सिंह धरसवां के जरिये बैनामा कर खरीदी है। जिस पर न्यायालय जिलाधिकारी के आदेश पर 13 सितंबर 2024 को बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने जमीन उन्हें भौतिक कब्जा परिवर्तन राजस्व मजिस्ट्रेट सदर व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कब्जा हटाते हुए सौंप दी। देहात कोतवाली के उप निरीक्षक विपिन सिंह ने बताया कि जमीन से संबंधित मामले में आरोपियों द्वारा धमकी देते हुए लाखों रुपये मांगे जाने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### वेटलैण्ड डे व बर्ड वाचिंग फेस्टिवल पर आज गुलजार होगा कतर्नियाघाट

जन एक्सप्रेस। बहराइच। आर्द्रभूमियों के संरक्षण और स्वस्थ मानव जीवन के उपयोग हेतु स्वच्छ जल/पेयजल की मात्रा बढ़ाये जाने के दृष्टिगत् आर्द्र भूमि के संरक्षण एवं बेहतर प्रबन्धन एवं आमजन के बीच जनजागरूकता के उद्देश्य से कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच अन्तर्गत 02 फरवरी 2025 को ''प्रोटेक्टिंग वेट लैण्ड्स फॉर अवर कॉमन फ्यूचर''की थीम पर ''विश्व वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल'' पूरे उत्साह से मनाया जायेगा।
यह जानकारी प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार को कतर्नियाघाट रेंज अन्तर्गत महादेवा ताल पर प्रातः 7 बजे से 10 बजे के बीच आर्दभूमि क्षेत्र महादेवा ताल का भ्रमण, बर्ड वाचिंग, मोबी वॉक व कैमरा वॉक आयोजित किया जायेगा जिसमें विशेषज्ञ एवं नेचुरलिस्ट, नेचर गाइड, शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी व बप्पा जी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। पूर्वान्ह 11 बजे कतर्नियाघाट रेंज के नेचर इण्टरप्रटेशन सेन्टर में प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा आर्दभूमि एवं पक्षी सम्बन्धी परिस्थितियों पर व्याख्यान तथा छात्र-छात्राओं द्वारा बर्ड स्केचिंग, क्ले मॉडलिंग, कचरा के समुचित उपयोग इत्यादि विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जायेगा। जिसमें शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी व बप्पा जी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राएं तथा विभागीय अधिरकारी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जबकि अपरान्ह 12:30 बजे कतर्नियाघाट रेंज के नेचर इण्टरप्रटेशन सेन्टर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दो अभियुक्तों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास

जन एक्सप्रेस। बहराइच। पाक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपियों को बीस - बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 80-80 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। वादिनी मुकदमा/पीड़िता उम्र 15 वर्ष जोकि बिहार राज्य की निवासिनी है, द्वारा दी गयी लिखित सूचना के आधार पर वादिनी दिनांक 28.04.2022 को छात्रवृत्ति का पैसा निकालने बैंक (बिहार राज्य) में गयी थी, जहां एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादिनी का अपहरण करके एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम धनीराम पण्डित को पैसा लेकर बेच दिया गया। धनीराम वादिनी को अपने घर ग्राम रामपुर धोबियाहार लाकर पीड़िता की शादी अपने लड़के अंकुश कुमार से कर दिया। जहां दोनों बाप-बेटे वादिनी के साथ गलत काम करते थे और घर से कहीं जाने नहीं देते थे व घर में ही बन्द रखते थे। जिसके सम्बन्ध में थाना खैरीघाट में वादिनी(पीड़िता) के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 22.05.2022 को मु0अ0सं0 पॉक्सो एक्ट बनाम धनीराम पण्डित, अंकुश कुमार व 01 अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

# अनशन पर बैठे समाजसेवी दीपक पंडित को 15 दिन में कार्रवाई का भरोसा दिलाया तहसीलदार सुखबीर सिंह ने

■ उसके बाद समाजसेवी दीपक पंडित ने तोड़ा अनशन

जन एक्सप्रेस। सुनहरा




लखीमपुर खीरी। ब्लॉक बिजुआ में 1 फरवरी से सामाजिक कार्यकर्ता दीपक पंडित भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं।को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित होती रही समाचार पत्रों में शनिवार को 10 बजे समाजसेवी दीपक पंडित अनशन पर बैठ गये भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अधिकारियों द्वारा अनशन तोड़ने का प्रयास किया जाता रहा लेकिन तहसीलदार सुखबीर सिंह
गोला के आने पर पुरी तरह से भरोसा दिलाया गया की 15 दिनों में सम्पूर्ण मामले की जांच कर के आगे की कार्रवाई की जाएगी दीपक पंडित द्वारा लिखित मांगने पर तहसीलदार गोला ने असमर्थता जताते हुए 15 दिन का समय मांगा और उसके बाद दीपक पंडित समाजसेवी ने अपना धरना समाप्त किया बताते चलें बिजुआ ब्लॉक में एक ठेका कर्मचारी है जो कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर है।और इसके द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुये ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देते हुये पूरे ब्लॉक की अधिकांश ग्राम पंचायतों में मानकविहीन इंटरलॉकिंग ठेके से लगाई है।और शौचालयों का रूपए निकाल कर खा गये आवासों के नाम पर आईडी जनरेट करके डबल मजदूरी निकाल ली वहीं दूसरी तरफ़ मनरेगा में फर्जी हाज़िरी लगाई जा रही है।और इन सबकी शिकायत ऑनलाइन जनसुनवाई में की गई तो ब्लॉक के अधिकारियों ने भी जांच में सारी हदों को पार करते हुए फर्जी आख्याओं को लगा दिया जबकि जन सुनवाई में सरकार कड़ा रूख किए हुए हैं। लेकिन जनपद में आईजीआरएस के नाम पर बहुत बड़ा खेल खेला जाता है। अगर इसकी जांच की जाए ज्यादा तरह आई जीआरएस विपक्षियों के पक्ष में लगी होती हैं और पीड़ित को यह बताया जाता है कि उसने बढ़ा चढ़ा कर प्रार्थना पत्र दिया है सारी बातें तथ्यहीन निराधार हैं क्योंकि यहां पर जब पीड़ित आइजीआरएस ऑनलाइन शिकायत करता है तो विभागीय कर्मचारी विपक्षियों को फोन करते है बताते है।तुम्हारे खिलाफ बहुत बड़ी शिकायत आई है जेल चले जाओगे यह होगा वह होगा और उन्हें बचाने के नाम पर पीड़ित को उल्टे झूठा साबित कर देती है ना पीड़ित से फोन किया जाता और ना पीड़ित से किसी तरीके का संपर्क किया जाता है ज्यादा तर मामलों में यही देखने को मिलेगा जो जांच का विषय है भ्रष्टाचार में लिप्त इन सभी लोगों की कार्यशैली से दुखी होकर आर पार की लड़ाई लड़ने के लिये मेरे पास इसके अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं बचा है।भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ एक समाजसेवी भूख हड़ताल पर बैठने पर मजबूर होना पड़ा भ्रष्टाचार के विरुद्ध किसी न किसी को तो आवाज बुलंद करनी पड़ेगी ही क्योंकि सब गलत होता नहीं देख सकते हैं। और भ्रष्टाचारियों को कमजोर आंकना भी ठीक नहीं है उनकी एक अलंग गणित होती है जिसका काफी लोग फायदा उठाते हैं। और मनोबल तोड़ने षड्यंत्र रचने का खेल खेला जाएगा सब बातें दरकिनार कर अगर यह कहा जाए किसके दम पर लगभग 12 सालों से एक ही जगह जमे रहना भ्रष्टाचार करना कारवाई न होना अपने आप में बहुत बड़ा प्रशन है जिसका जवाब किसी जिम्मेदार के पास नहीं है।

# डीएम एसपी की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

जिलाधिकारी खीरी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में तहसील मितौली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया साथ ही शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया।दिनांक 01.02.2025 को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी खीरी, श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा तहसील मितौली पर उपस्थित रहकर संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही महोदय द्वारा शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया।इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

## सामूहिक खिचड़ी भोज एवं शपथ ग्रहण समारोह आज

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति का सामूहिक खिचड़ी भोज एवं नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह पटेल संस्थान के सामने मिल कालोनी में कल दिनांक 2 फरवरी 2025 दिन रविवार समय दिन के 10ः00 बजे से आयोजित होगा। जिसमें पूर्व सांसद,राज्य सभा सदस्य रवि प्रकाश वर्मा, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सह प्रभारी उत्तराखंड एवं पूर्व धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा, खीरी से सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर, सदर विधायक योगेश वर्मा, निघासन विधायक शशांक वर्मा,स्नातक एमएलसी इंजी0अवनीश कुमार सिंह पटेल आदि अतिथि प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।अध्यक्ष संजील वर्मा मंत्री आशिकर वर्मा ने समाज के लोगों से कार्यक्रम में पहुचकर सफल बनाने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी संजय वर्मा ने दी है।

## विशाल सेठ का उनके द्वारा दिए गए सघन प्रशिक्षण के लिए सम्मान

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

सिटी मांटेसरी इण्टर कॉलेज कपूरथला लखीमपुर खीरी के प्रबंधक विशाल सेठ द्वारा गुवाहाटी आसाम में दिया गया भाषण कला सिखाने का प्रशिक्षण ।मारवाड़ी युवा मंच,गुवाहाटी ग्रेटर ने विशाल सेठ को गुवाहाटी आमंत्रित किया था। मंच भय,बॉडी लैंग्वेज, वॉइस मॉड्यूलेशन, माइक हैंडलिंग,कंटेंट डिजाइनिंग आदि विषयों पर दो दिन चला गहन प्रशिक्षण। हुए इनपुट और आउटपुट सेशंस। प्रतिभागियों को भाषण का अभ्यास विभिन्न विषयों पर कराया गया,हुई वीडियो काउन्सलिंग।मारवाड़ी युवा मंच गुवाहाटी ग्रेटर के अध्यक्ष हितेश ने विशाल सेठ का उनके द्वारा दिए गए सघन प्रशिक्षण के लिए सम्मान किया एवम धन्यवाद दिया।

## गोला,फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु निर्माण कार्य को 20 फरवरी की मध्य रात्रि तक आवागमन बंद

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। शनिवार वर्तमान में NH-730 पर स्थित गोला एवं फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, कार्य को कराये जाने हेतु वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से दिनाँक दिनाँक - 02.02.2025 की मध्य रात्रि से 20.02.2025 की मध्य रात्रि तक बंद किया जा रहा है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय खंड शुभ नारायण ने दी। इस दौरान वाहनों के रूट डायवर्जन का विवरण इस प्रकार से है। समस्त वाहन, जो बहराइच - नानपारा से पीलीभीत-बरेली की ओर आने-जाने वाले वाहनों को जिला लखीमपुर खीरी के NH-730 पर स्थित मनिकापुर तिराहे से होते हुये MDR-86 लखीमपुर - मोहम्मदी मार्ग से सिकंदराबाद चौराहे होते हुये MDR-76 (सिकंदराबाद - गोला मार्ग ) की ओर मोड़ा जायेगा, जहाँ से वाहन NH-730 गोला पर निकलेंगे।

## एनडीए सरकार के द्वारा आज का 14 वां बजट से नौकरी पेशा कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान: प्रो पंकज सिंह

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



प्रोफेसर पंकज सिंह प्राचार्य सीजी एनपीजी कॉलेज ने बताया एक फरवरी आज का बजट एनडीए सरकार का 14वां बजट है वर्षों बाद नौकरी पेशा कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान आई है जिसका नौकरी वाले बरसों से इंतजार कर रहे थेद्य टैक्स स्लैब बढ़कर 12 लाख रुपए कर दिया गया यह मोदी सरकार द्वारा नौकरी पेशा करने वालों को बहुत बड़ी राहत दी गई है। इससे नौकरी पेशा कर्मचारियों की प्रयोज्य आय बढ़ जाएगी जिससे उनकी क्रय शक्ति का विस्तार होगा और सबसे बड़ी बात है कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़कर ?5 लाख कर दी गई है। युवाओं और बेरोजगारों को प्रोत्साहन देने के लिए 10000 करोड़ स्टार्टअप फंड की व्यवस्था की गई है। यह भी एक युवाओं और रोजगारों में आशा की किरण जगाने वाला बजट है। सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर के दो की स्थापना की गई है यह मध्यवर्गीय परिवार के लिए बहुत बड़ी सुविधा है जिसके लिए हम सभी एनडीए सरकार को बधाई देते हैं।

# विनष्ट कराया गया 01 करोड़ 25 लाख 32 हजार रूपये कीमत का मादक पदार्थ

■ डीजीपी के निर्देश तथा एसपी के नेतृत्व में चलाया गया अभियान

जन एक्सप्रेस। बहराइच

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के नेतृत्व में जनपद स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा मादक पदार्थों के कुल 23 अभियोगों से संबंधित माल का निस्तारण/विनिष्टीकरण कराया गया। इस मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 01 करोड़ 25 लाख 32 हजार रूपये है। विशेष अभियान के क्रम में बहराइच पुलिस द्वारा विनष्टीकरण कराये गये कुल 37.126 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक, गांजा, चरस) जिसकी अनुमानित कीमत रु0 लगभग 01 करोड़ 25 लाख 32 हजार रूपये है। इस माल को जनपद बहराइच अन्तर्गत मटेरियल रिकवरी फैसिलिटेशन सेन्टर नगर पालिका बहराइच के इन्सिनेटर द्वारा निस्तारण/विनिष्टीकरण कराया गया।
उल्लेखनीय है कि जनपद के थानों में लम्बे समय से अवैध मादक पदार्थ (चरस/गांजा/स्मैक) जमा है, जिसके निस्तारण के लिए पुलिस महानिदेशक के निर्देश के क्रम व सुप्रीम कोर्ट द्वारा मादक पदार्थ के अधिग्रहण, भण्डारण, निस्तारण/विनष्टीकरण तथा न्यायिक पर्यवेक्षण हेतु जनपद में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी का गठन किया गया



है। कमेटी के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक बहराइच हैं । जनपद में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी डीडीसी द्वारा अवैध मादक पदार्थों, स्वापक औषधियों, प्रभावी पदार्थों और नियंत्रित पदार्थों के निस्तारण की कार्यवाही में शुक्रवार को ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय , चिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार, ईओ प्रमिता सिंह, प्रभारी फील्ड यूनिट उप निरीक्षक धर्मवीर की मौजूदगी मे जनपद के 10 थानों पर अवैध मादक पदार्थों से संबंधित पंजीकृत कुल 23 अभियोगों से कुल 37 किलो 126 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक, गांजा, चरस) का विनष्टीकरण मानक के अनुसार जनपद बहराइच अन्तर्गत मटेरियल रिकवरी फैसिलिटेशन सेन्टर नगर पालिका बहराइच के इन्सिनेटर द्वारा निस्तारण/विनिष्टीकरण कराया गया। जिसकी मौके पर फोटो/वीडियो ग्राफी करायी गयी है ।

## जनता जनार्दन के सपनों को पूरा करने वाला बजट लागू हुआ है: अभिषेक गुप्ता

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



खैराबाद नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता अभिषेक गुप्ता ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट आज संसद में पेश किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आज 8वीं बार बजट पेश कर इतिहास रचा। वित्त मंत्री ने आम लोगों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने बजट का स्वागत करते हुए बताया यह बजट युवा, गरीब, किसान, महिलाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। खासकर मिडिल क्लास के योगदान का ध्यान रखते हुए यह बजट अभूतपूर्व तोहफा लेकर आया है। बारह लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर आयकर से राहत दिए जाने के निर्णय उत्साहजनक है। मैं पीएम नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को एक शानदार बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।

# 12वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी प्रतियोगिता का पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारंभ

■ सात जनपदों के प्रतिभागी कर रहे प्रतिभाग, पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। बहराइच



जिले में गोरखपुर जोन की 12वी अंतर्जनपदीय आर्चरी महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता वर्ष 2025 का पुलिस अधीक्षक ने शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में सात जनपदों की टीम ने प्रतिभाग किया। गोरखपुर जोन की 12वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता वर्ष 2025 का आयोजन जनपद बहराइच के पुलिस लाइन ग्राउंड में किया जा रहा है। जिसमें गोरखपुर जोन के 07 जनपदों (गोरखपुर, गोंडा, महाराजगंज, देवरिया, संतकबीरनगर, बहराइच व सिद्धार्थनगर) की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह की ओर से प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने व अनुशासन बनाए रखने के लिए बताया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हीरालाल कन्नौजिया, क्षेत्राधिकारी महसी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, सभी टीम मैनेजर, खिलाड़ी, पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे साथ में निर्णायक मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक व मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सिधौली में आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ डा. रोशन जैकब एवं मा. विधायक सिधौली मनीष रावत की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। शिकायतकर्ता द्वारा पैमाइश की




शिकायत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कानूनगो प्रेम प्रकाश पाण्डेय को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये तथा जल्द से जल्द पैमाइश संबंधी प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश आयुक्त महोदया ने दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान आयुक्त महोदया ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने भी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 194 शिकायतों में से 17 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 80 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 19 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील बिसवां में प्राप्त 67 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 24 प्रार्थना-पत्रों में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# मंडलआयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नैमिषारण्य के हेलीपैड व विकास कार्यों की समीक्षा की

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ डा रोशन जैकब ने नैमिषारण्य के हेलीपोड पहुंचकर नैमिष धाम के पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए। धीमी प्रगति वाले कार्यों से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशक्ति बढ़ाते हुये प्रगति में सुधार किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमानुसार प्रक्रिया करते समय से वांछित भूमि कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध करायी जाये तथा मानकों के अनुसार मुआवजा भी वितरित किया जाये। सभी पक्षकारों के साथ समन्वय बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने तथा उन्हें योजनाओं के विषय में अवगत कराने ने निर्देश भी मंडलायुक्त ने दिए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समय से सभी आवश्यक प्रक्रिया को पूर्ण कर ले। मंडलायुक्त ने जोर देकर कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र में सभी स्थानों पर होने वाले विकास कार्यों में एकरूपता रखी जाए। पौराणिक महत्व के स्थानों, मुख्य मार्गों एवं प्रमुख स्थलों को आकर्षक बनाते हुए उन पर प्रकाश एवं सजावटी लाइटों आदि का समुचित



प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बाउंड्रीवाल की रंगाई पुताई व पेंटिंग का कार्य आकर्षक व मनमोहक होना चाहिए, जिसमे नैमिषारण्य की महत्ता प्रदर्शित हो। नियमित अंतराल पर साइन बोर्ड एवं संकेतकों का प्रबंध में सुनिश्चित किया जाये। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी कार्यदायी संस्थाएं एवं विभाग अपनी-अपनी कार्ययोजना व प्रपोजल को एक दूसरे से साझा करें, जिससे कार्य आकर्षक एवं एकरूपता में हो। कार्यदायी संस्थाओं के लेआउट व राजस्व नक्शे का आपस में मिलान कर सभी विसंगतियों को दूर करते हुए कॉरिडोर के निर्माण की कार्ययोजना व प्रस्ताव को अंतिम रूप दिए जाने के निर्देश दिये। कॉरिडोर में बैठने हेतु समुचित बेंच, डस्टबिन, टायलेट, पेयजल, साइन बोर्ड, प्रकाश आदि का प्रबंध किया जाये। उन्होंने पर्यटन विभाग से कराये जा रहे कार्यों के लेआउट का भी अवलोकन किया। मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं की समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली तथा उनका समुचित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। 84कोसीय परिक्रमा मार्ग से संबंधित कार्यों को भी समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार, उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, उपनिदेशक पर्यटन कल्याण सिंह व विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नेपाल पुलिस की मुठभेड़ में ड्रग्स कारोबारी गिरफ्तार

- नेपाल पुलिस और नारकोटिक्स ब्यूरो की संयुक्त टीम ने नशा कारोबारी पर की बड़ी कार्रवाई
- पुलिस मुठभेड़ के बाद आरोपित शख्स गिरफ्तार, उसके कब्जे से ब्राउन शुगर बरामद

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

भारत से सटे मित्र राष्ट्र नेपाल पुलिस प्रशासन और नारकोटिक्स ब्यूरो भैरहवा की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद प्रतिबंधित मादक पदार्थों की कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को ब्राउनसुगर की भारी खेप के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित घायल युवक को अस्पताल में इलाज करा, उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई।



मिली जानकारी के मुताबिक नेपाल राष्ट्र की ससस्त्र प्रहरी पुलिस व नारकोटिक्स ब्यूरो भैरहवा की संयुक्त टीम को मुखबिर से जरिए सूचना मिला की नवलपरासी के रामग्राम नगर पालिका-12, पचगांव में मादक पदार्थ ब्राउन शुगर का सौदा हो रहा है। इसी सूचना के आधार पर बीती रात संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद मादक पदार्थ के कारोबारी राजेश लोनिया को कड़ी मशक्कत से हिरासत में लिया है। जिला पुलिस कार्यालय के सूचना अधिकारी डीएसपी रेशम बोहरा ने बताया कि सूचना आधार पर संयुक्त टीम लोनिया के घर नजदीक आते ही उसके द्वारा पुलिस पर फायरिंग करने और असलहा छीनने का प्रयास किया है। आत्मरक्षा और जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने चार राउंड गोलियां चलाईं। पुलिस ने जैसे ही लोनिया को हिरासत में लेने का प्रयास किया तो स्थानीय लोगो का भीड़ इकट्ठा हो गया और उसके रिश्तेदारों ने पुलिस प्रशासन को घेर लिया। स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस ने हवाई फायरिंग भी किया।

इसी दौरान मादक पदार्थ की कारोबारी राजेश लोनिया ने पुलिस प्रशासन की असलहा छीनने की कोशिश की। पुलिस ने आत्मरक्षा और जवाबी कार्रवाई के दौरान आरोपित शख्स के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे हिरासत में लिया गया है। तलाशी के दौरान आरोपित के कब्जे से 93 पुड़िया यानी (95.98 ग्राम) ब्राउन शुगर की भारी खेप भी बरामद हुआ है। डीएसपी बोहरा ने बताया की गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति का इलाज भैरहवा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, जिसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पौधा तोड़ने को लेकर मारपीट, 15 पर केस

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल नौगावां निवासी के खेत में लगा कटहल व आम का पौधा तोड़ने को लेकर मारपीट में पुलिस ने 15 लोग पर केस दर्ज किया है। जंगल नौगावां निवासी लकमुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 जनवरी को उसकी अलीमुन निशा खेत में गई तो देखा कि हसीना और उसकी पुत्री अस्लीमा आम और कटहल के पौधे की डाल तोड़ रही हैं। विरोध करने पर हसीना, अस्लीमा, नजरे आलम, इरफान, समीना, अफरोज, लाडली, जहांगीर, शकीर, जुनैरा, मुसाफिर, सफीना, रुबी व सहामा ने उसे और मां को मारपीट कर घायल कर दिया। जंगल नौगावां निवासी लकमुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 जनवरी को उसकी अलीमुन निशा खेत में गई तो देखा कि हसीना और उसकी पुत्री अस्लीमा आम और कटहल के पौधे की डाल तोड़ रही हैं। विरोध करने पर हसीना, अस्लीमा, नजरे आलम, इरफान, समीना, अफरोज, लाडली, जहांगीर, शकीर, जुनैरा, मुसाफिर, सफीना, रुबी व सहामा ने उसे और मां को मारपीट कर घायल कर दिया। दइलाज व डॉक्टरी परीक्षण कराकर सूचना थाने पर दी।

# समस्याओं के निस्तारण में ढिलाई करने पर होगी कठोर कार्रवाई: डीएम



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

- संपूर्ण समाधान दिवस में आए 147 मामले, मौके पर 32 मामलों का निस्तारण

जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा तहसील नौतनवा सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुकर्रर तिथि के अंदर ही समस्याओं का निस्तारण कराएं। इस कार्य में ढिलाई कत्तई स्वीकार्य नहीं होगी।

जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी के समक्ष कुल 147 मामले आए। जिनमें उनके द्वारा मौके पर ही 32 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। वही चकबंदी संबंधी 01 प्रकरण में डीएम ने चकबंदी विभाग और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय मुआयना कर शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।अवशेष जन शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने समयांतर्गत शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने तहसीलदार नौतनवां को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में फीडबैक प्राप्त करने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण पश्चात जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर करें और निस्तारण आख्या को विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत स्तर पर देखें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जरूरतमंद फरियादियों को कंबल का वितरण भी किया। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी, तहसीलदार नौतनवां कर्ण सिंह व कई अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मजदूर यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी

### गडौरा चीनी मिल में चार कर्मचारियों को निकालने का मामला गरमाया

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद के चर्चित गडौरा जे0एच0वी0 शुगर मिल में कार्यरत चार कर्मचारियों को निकालने तथा मिल वर्करों की बाधित वेतन समेत अन्य समस्या एक सप्ताह के अंदर समाधान न होने पर मजदूर यूनियन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। चीनी मिल गड़ौरा मिल प्रबंधन द्वारा वेज बोर्ड के 14 कर्मचारियों को बीते एक जनवरी को हटा दिया गया। जिस पर मिल कर्मचारी पूर्वांचल चीनी मिल मजदूर यूनियन जे0एच0वी0 शुगर मिल गड़ौरा के अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा के नेतृत्व में 2 जनवरी को मिल परिसर में ही धरने पर बैठ गये। जैसे ही इसकी जानकारी मिल प्रबंधन को हुआ तो मिल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे मांगो पर सहमति बनने पर 12 कर्मचारी काम पर वापस लौट गए। वहीं अन्य कर्मचारियों को बाद में ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए कहा गया तभी से अब



तक निकालें गये कर्मचारियों को मिल प्रबंधन द्वारा काम पर नहीं रखा गया। पूर्वांचल चीनी मिल मजदूर यूनियन जेएचवी शुगर मिल गड़ौरा के अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने बताया कि मिल से निकाले गये कर्मचारियों को ड्यूटी ज्वाइन कराने व पिछले वर्ष 19 दिन का रोका गया वेतन, एरियर भुगतान कराने, वेतन बढ़ोतरी, ओवर टाइम, मृतक कर्मचारी का ग्रेच्युटी, पीएफ का अंशदान आदि मांगों को लेकर संबंधित अधिकारियों को पत्रक भेज अवगत कराया गया है अगर एक सप्ताह के अंदर समस्या समाधान नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी मिल प्रबंधन एवं शासन प्रशासन की

## सीके नायडू ट्रॉफी में जयदीप का चयन, आज दीमापुर में होगा मैच

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

सीके नायडू ट्रॉफी खेलने के लिए कुशीनगर के जयदीप सिंह का चयन किया गया है। वह चयनित होने वाले कुशीनगर के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। कसया नगर के शहीद अमिय त्रिपाठी नगर नौका टोला निवासी राधे श्याम सिंह के पुत्र जयदीप सिंह का चयन उत्तर प्रदेश सीके नायडू ट्रॉफी के 15 सदस्य टीम में हुआ है।कसया नगर के शहीद अमिय त्रिपाठी नगर नौका टोला निवासी राधे श्याम सिंह के पुत्र जयदीप सिंह का चयन उत्तर प्रदेश सीके नायडू ट्रॉफी के 15 सदस्य टीम में हुआ है। उत्तर प्रदेश का मैच नागालैंड के दीमापुर में एक फरवरी को खेला जाएगा। टीम में चयन होने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता में माता-पिता और पूरे परिवार का सहयोग बताया जा रहा है। कुशीनगर क्रिकेट एकेडमी के कोच मोहम्मद अजहरुद्दीन की भी भूमिका की सराहना की जा रही है।

# महिला पंचायत सहायकों ने ब्लॉक अधिकारी एडीओ कोऑपरेटिव को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

तराई -महिला पंचायत सहायकों ने एग्री स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे से महिला कर्मियों को हटाए जाने के संबंध में विकासखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन ब्लाक अधिकारी एडीओ कोपरेटिव को सौपा। महिला पंचायत सहायकों ने महिला सुरक्षा को ध्यान को रखते हुए ड्यूटी से हटाए जाने की मांग की है। महिला कर्मियों को इस सर्वे से तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जबकि महिला सुरक्षा को लेकर भी सरकार भी कर्मवद्ध है। ऐसे में महिला कर्मियों के साथ ड्यूटी लगाकर उनकी सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत के महिला पंचायत सहायकों ने एग्री स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे में महिला कर्मियों को हटाए जाने को लेकर विकासखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन



सौपा। महिला पंचायत सहायक सारिका सिंह ज्योति सुनीता उषा सीमा प्रियंका आरती नीतू शिवांगी गुप्ता रिमझिम सिंह बंदना प्रेरणा तिवारी मनीषा पूजा आदि ने ज्ञापन देकर बताया की एग्री स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे में महिला पंचायत सहायकों की ड्यूटी लगाकर महिला सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जबकि क्राप सर्वे का कार्य मुख्य रूप से कृषि एवं राजस्व विभाग का है। जिसमें वर्तमान में कर्मचारियों की कमी नहीं है। लेकिन फिर भी महिला पंचायत कर्मियों की ड्यूटी लगाकर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। वहीं तमाम ग्राम पंचायत जंगल क्षेत्र में आते हैं। ऐसे में महिला कर्मियों के साथ खेत जंगल के तरफ जाना खतरों से खाली भी नहीं है। निदेशालय का आदेश भी था कि पंचायत सहायकों से केवल जॉब चार्ट के अनुसार कार्य कराया जाएगा। लेकिन सर्वे कार्य में ड्यूटी लगाकर महिला कर्मियों का मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। चौहत्तर कला में तैनात पंचायत सहायिका विद्या शर्मा ने भावुक होकर बताया कि ग्राम पंचायत का सर्वे जंगली क्षेत्र में है। जिसके कारण जंगली जानवर व अप्रिय घटना का डर भी है। कई ग्राम पंचायत के कई माजरा है। जिसमें जंगली क्षेत्र भी आते हैं। जिसके कारण महिला कर्मियों को खेत खलिहान गन्ने की तरफ सर्वे में ड्यूटी करना जल माल व अस्मिता को भी खतरा है। जबकि पूर्व में कुछ पंचायत सहायकों के साथ घटना हो चुकी है। जबकि अन्य विभाग की महिला कर्मियों को इस सर्वे में नहीं लगाया गया है।

# गोरखपुर जनता दर्शन: सीएम योगी ने कहा, बिना चिंता कराएं इलाज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद शनिवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी।

सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद



को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद शनिवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए।

उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े।

हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी।

इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन का इलाज एम्स नई दिल्ली में कराने के लिए आर्थिक सहायता का निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आत्मीय संबल देते हुए कहा कि इस्टीमेट मंगवा लीजिए। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, इलाज का पैसा सरकार देगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा और चॉकलेट गिफ्ट कर आशीर्वाद दिया।

# अवैध निर्माण कर चल रहा था होटल व हुक्का बार, बिल्डिंग सीज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में अवैध होटल वहां संचालित हुक्का बार पर पुलिस की निगाहें हैं। अभी हाल में कुछ होटलों और हुक्का बार पर कार्रवाई करने के बाद फिर से शहर के एक होटल को सीज किया गया है। बिना नक्शे के अवैध तरीके से इसका निर्माण किया गया था।

शाहपुर क्षेत्र में एक बिल्डिंग में अवैध निर्माण कर फ्लाई इन होटल व रेस्टोरेंट/हुक्का बार जीनस बॉटल चल रहा था, जिसे शनिवार को




गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की टीम ने सील कर दिया। शाहपुर में गीता वाटिका के पास अनुराग सिंह के फ्लाई इन होटल के ऊपरी तल पर हुक्का बार का संचालन हो रहा था। अनिरुद्ध ओझा की ओर से इसका संचालन किया जा रहा था। 10 जनवरी को छापा मारकर पुलिस ने इसे पकड़ा था।

# सोलर कैमरे से नेपाल सीमा की होगी निगरानी तस्करी-घुसपैठ पर लगेगी लगाम- 51 जगह चिन्हित

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

महराजगंज के सोनौली बॉर्डर से पहले पड़ने वाले नौतनवा थाने में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। नगर के प्रवेश व निकास के सभी मुख्य मार्गों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसमें खनुआ मोड़, गांधी चौक, जय हिंद चौराहा, हास्पिटल तिराहा, जनता चौक रेलवे स्टेशन, पुराना नौतनवा, एक्सिस बैंक गली, छपवा, कुमार जनरल स्टोर, हनुमान चौक, सोनारी गली, भुंडी चौराहा, नवीन फल मंडी, बनैलिया माता मंदिर जगह पर कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं।

नेपाल सीमा के आसपास 50 से ज्यादा जगहों पर सोलर कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए जगह चिन्हित की जा चुकी है। ये कैमरे सूर्य की रोशनी से चार्ज होंगे। इनके लगने से सीमा पर होने वाली हर गतिविधियों पर पुलिस की नजर रहेगी और तस्करी और घुसपैठ की घटनाओं पर लगाम लगेगी। इसके लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा है, जहां से निगरानी होगी। दरअसल, हाल ही में नेपाल बॉर्डर के रास्ते ही पाकिस्तान की सीमा हैदर बच्चों के साथ प्रवेश कर गई थी। इसके बाद खूब हल्ला मचा था। इस प्रकरण के अलावा भी आए दिन अपराधियों के भागने और तस्करी से जुड़ी बातें सामने आती रहती हैं। बिजली की दिक्कत की वजह से हर जगह सीसीटीवी कैमरे लग पाना संभव नहीं था। इसलिए अब सोलर कैमरे लगवाए जा रहे हैं।

कैमरे लगवाने के लिए नेपाल सीमा से जुड़ी 50 से अधिक पगडंडियां चिह्नित की गई हैं। साथ ही सीमावर्ती थाना क्षेत्र में पड़ने वाले चौक और टोले में भी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। बॉर्डर से जुड़े कोल्हुई थाना क्षेत्र में 7 स्थानों पर 12 कैमरे, बरगदवा थाना क्षेत्र में 3 जगहों पर 7, निचलौल थाना क्षेत्र में 12 स्थानों पर 25, सोनौली में 11 स्थानों पर 21, नौतनवां में 4 स्थानों पर 14, परसामलिक में 8 स्थानों पर 16, ठूठीबारी में 6 स्थानों पर 9 समेत कुल 51 स्थानों पर 104 सोलर कैमरे लगाए जाएंगे।

महराजगंज के सोनौली बॉर्डर से पहले पड़ने वाले नौतनवा थाने में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। नगर के प्रवेश व निकास के सभी मुख्य मार्गों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसमें खनुआ मोड़, गांधी चौक, जय हिंद चौराहा, हास्पिटल तिराहा, जनता चौक रेलवे स्टेशन, पुराना नौतनवा, एक्सिस बैंक गली, छपवा, कुमार जनरल स्टोर, हनुमान चौक, सोनारी गली, भुंडी चौराहा, नवीन फल मंडी, बनैलिया माता मंदिर जगह पर कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं।

# जाम पर सीएम सख्त: अफसरों को चेताया...स्नान से लौट रहे श्रद्धालु न हों परेशान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

शुक्रवार सुबह से ही नौसड़ समेत कई स्थानों पर निजी और सरकारी बसों के एक साथ आने से लंबा जाम लगा रहा। दोपहर में गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने इस स्थिति को भांपा औप गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों से जाम से निजात पाने के लिए किए गए प्रबंधन की जानकारी ली। इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर में जाम लगने पर सख्त रुख अपनाया है। सीएम ने अधिकारियों को जाम के कारणों को चिन्हित कर उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिहार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज व अयोध्या गए हैं। उनके आवागमन को लेकर उचित व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि ट्रैफिक मूवमेंट बना रहे। साथ ही शहर में पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। महाकुंभ और अयोध्या से लौट रहे श्रद्धालुओं को तीन दिन से जाम का सामना पड़ रहा है। ज्यादा भीड़ जुटने से शहरवासी भी जाम से परेशान हैं।

शुक्रवार सुबह से ही नौसड़ समेत कई स्थानों पर निजी और सरकारी बसों के एक साथ आने से लंबा जाम लगा रहा। दोपहर में गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने इस स्थिति को भांपा औप गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों से जाम से निजात पाने के लिए किए गए प्रबंधन की जानकारी ली। इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का




आशीर्वाद लिया।

अयोध्या में भीड़भाड़ को देखते हुए किन स्थानों पर डायवर्जन किया गया है इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी। सीएम ने कहा कि सड़क किनारे पटरियों और नालों पर बने स्लैब पर ठेले-खोमचे लगाने वाले वेंडरों को व्यवस्थित किया जाए। सुनिश्चित हो कि वे वेंडिंग जोन में ही अपने ठेले-खोमचे लगाएं।

सड़क पर जहां भी जाम की स्थिति बनती है, कारणों को चिन्हित कर उसे दूर कराएं। बाजारों में वाहन पार्किंग में ही खड़े कराए जाएं। सड़कों पर गाड़ियां खड़ी होने से भी जाम लगता है।

मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि मल्टीस्टोरी आवासीय इमारतों के साथ ही व्यावसायिक इमारतों में भी पार्किंग की जगह खाली कराई जा रही है। शहर के विकास कार्यों के प्रगति की जानकारी डीएम कृष्णा करुणेश से ली। सीएम ने सड़क और ओवरब्रिज के साथ ही जल निकासी से जुड़े कार्यों को समय से पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रयागराज महाकुंभ से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही बसों के कारण शुक्रवार सुबह वाराणसी रोड पर भीषण जाम लग गया। बाघागाड़ा से नौसड़ तक गाड़ियों की कतारें लग गईं। करीब एक घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त टीम लगी तब जाकर रास्ता खाली हो सका।

# बजट 2025 सभी के लिए होगा लाभदायक

जन एक्सप्रेस। अवधेश तिवारी







**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के व्यापारियों, शिक्षकों तथा मध्यम वर्गीय लोगों ने बजट 2025 को सभी वर्गों के लिए लाभ देने वाला बताया है ।

व्यापारी नेता प्रमोद कुमार चौधरी तथा राज कुमार यादव ने बजट पर प्रक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि बजट 2025 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लाया गया नया टैक्स रिजीम स्वागत योग फैसला है । 12 लाख तक की इनकम को टैक्स फ्री किए जाने से लोगों के खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जिसका सीधा फायदा व्यापारियों को पहुंचेगा । व्यापारियों का मानना है कि कुछ और सराहनीय कदम भी लिए गए हैं जिनमें प्रमुख रूप से एमएसएमई के क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढाकर 10 करोड़ किया जाना, स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 20 करोड रुपए तक बढ़ाया जाना, छोटे उद्योगों के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड जारी करना, जिनकी सीमा 500000 रुपए होगी । लेबर इंटेंसिव सेक्टर के लिए सरकार प्रोत्साहन योजना लाएगी यह भी एक सराहनीय कदम है । फुटवियर और लेदर के क्षेत्र में विशेष योजनाएं बनाने की बात सरकार द्वारा की गई है इससे देश में और प्रदेश में फुटवियर और लेदर व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी और इससे रोजगार भी मिलेंगे । सर्वहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा व्यापारियों की मांगों को पुनः अनदेखा किया गया है । व्यापारियों को आ रही दिक्कतों को दूर करने की कोई कोशिश नहीं की गयी । व्यापारियों द्वारा लंबे समय से की जा रही जीएसटी सरलीकरण, ई-कॉमर्स पॉलिसी, रिटेल ट्रेड पॉलिसी के साथ अन्य सभी मांगो पर विचार नहीं किया गया है । बजट में प्रत्यक्ष रूप से खुदरा व्यापारियों के लिए किसी भी योजना का ऐलान न किया जाना निराशा पूर्ण है । प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बजट को सभी आय वर्ग के लोगोंके लिए फायदेमंद बताया है उन्होंने कहा कि यह बजट निम्न तथा मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष लाभकारी सिद्ध होगा । इसके साथ ही टैक्स मे सुधार किए जाने की घोषणा से उच्च वर्ग के लोगों को भी आर्थिक फायदा होगा उत्पादों के टैक्स में छूट प्रदान किए जाने से हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा । उन्होंने कहा कि इस बजट में महिला, किसान, व्यापारी, शिक्षक, नौकरी पेशा, बेरोजगार, गरीब व मजदूर सहित सभी वर्गों के लोगों का ख्याल रखा गया है।

# प्रेस क्लब का चुनाव संपन्न, शुकदेव चौरसिया अध्यक्ष व योगेश पांडे महामंत्री मनोनीत

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में प्रेस क्लब बलरामपुर शाखा तुलसीपुर वर्ष 2025 का गठन शनिवार को स्थानीय एमडीएस रिसॉर्ट में संपन्न हुआ। सुखदेव चौरसिया को पुनः 2025 के लिए प्रेस क्लब तुलसीपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

जानकारी के अनुसार 1 फरवरी को जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के निर्देशन में जिला उपाध्यक्ष एन यू मिट्ठू शाह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला उपाध्यक्ष एन यू मिट्ठू शाह ने निवर्तमान अध्यक्ष शुकदेव चौरसिया के नाम का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताते हुए प्रस्ताव पारित किया। तहसील अध्यक्ष शुकदेव चौरसिया ने अपने कमेटी का पुनर्गठन करते हुए महामंत्री पद पर योगेश कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष वसीम राइनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद हसन बास, उपाध्यक्ष शक्ति वर्मा, मुजीब अल्वी, रामपाल यादव, शादाब अहमद, सचिव काशी प्रसाद तिवारी पिंटू, प्रदीप मिश्रा ब्लॉगर, अश्वनी कुमार गुप्ता, ऑडिटर शंकर दयाल, प्रभारी अनुशासन समिति अनवर अहमद बबलू तथा कार्यकारिणी सदस्य पद पर मोहम्मद रिजवान व अमरनाथ त्रिपाठी को मनोनीत किया। कार्यक्रम के अंत में महाकुंभ में श्रद्धालुओं की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रख शोक प्रकट किया गया तथा ईश्वर से परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# हरिगढ़ साधना शिविर में हुआ देवी का अर्चन

## तीर्थराज प्रयाग में कल्पवास और आराधना से मिलती है अक्षय फल की प्राप्ति: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस। अलीगढ/प्रयागराज



माँ दुर्गा को समर्पित नव दिवसीय महापर्व नवरात्रि को सनातन धर्म में बड़े श्रद्धा एवं भाव से मनाया जाता है।साल में चार बार आने वाला यह महापर्व दो गुप्त और दो और प्रत्यक्ष नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है,प्रत्यक्ष नवरात्रि में जहां मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाती है,वहीं गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है। माघ महीने में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से गुप्त नवरात्रि पर्व मनाया जाता है। इस बार 30 जनवरी से गुप्त नवरात्र का आरंभ हो चुका है,जिसकी कलश स्थापना एवं अनुष्ठान इस बार वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में संगम तट पर किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष पूज्य स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में लग रहे अलीगढ के पहले शिविर हरिगढ़ साधना शिविर में इस बार गुप्त नवरात्रि की कलश स्थापना की गयी। प्रातः कालीन बेला में आचार्य गौरव शास्त्री की अध्यक्षता में आचार्य ऋषि शास्त्री,रवि शास्त्री,अंकित शास्त्री आदि आचार्यों द्वारा भगवान गणेश,माँ गंगा का ध्यान करते हुए भूमि,और अन्य देवताओं के आवाहन के साथ कलश स्थापित कर भगवती दुर्गा का पूजन अर्चन किया गया। श्री पंचायती अखाडा महानिर्वाणी के श्री महंत पंच परमेश्वर द्वारा सभी अचार्यों ने पूजन एवं वैदिक विधि विधान से दस महाविद्याओं में से पहले दिन की पूजा में देवी का पुष्पों से अर्चन करवाया।

स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने इस अवसर पर शिविर में उपस्थित भक्तों के समक्ष प्रवचनों के माध्यम से कहा कि तीर्थराज प्रयाग में संगम तट पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है,साधु सन्यासियों के दर्शन और संगम स्नान के साथ यहां महाकुम्भ में देवी की आराधना करने का श्रेष्ठ अवसर हम सबको प्राप्त हुआ है। वहीं पहली बार आयोजित अलीगढ के शिविर में श्रद्धालुओं को भी पावन और पवित्र गुप्त नवरात्रि पूजा करने का मौका मिला है। तीर्थो के राजा प्रयागराज में किया गया कोई भी पुण्य कार्य समूचे पापों का विनाश कर मोक्ष का भागी बनाता है।पूजन अर्चन के बाद नित्यप्रति होने वाली महाआरती में नवीन चौधरी,राजा शर्मा,अमित सिंह,अजीत चौहान,सौरभ रावत, सचिन सिंह, सौरभ शर्मा समेत अन्य लोगों ने भाग लिया और सांयकालीन कुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आयोजित किया गया।

# संस्थापक सप्ताह के पहले दिन एकल नृत्य, संस्कृत श्लोक व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के आदि संस्थापक महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ शनिवार को किया गया । पहले दिन के कार्यक्रम में आयोजित एकल नृत्य, रंगोली व संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता में अभिषेक, शिखा, मेनका व नितिन त्रिपाठी ने बाज़ी मारी।

जानकारी के अनुसार 1 फरवरी को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने आदि संस्थापक का शुभारंभ महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। सात दिनों तक चलने वाले संस्थापक सप्ताह के प्रथम दिन प्रो0 रेखा विश्वकर्मा के संयोजकत्व में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक प्रिया श्रीवास्तव, महिमा सोनी, सौम्या मिश्रा व अंजली गुप्ता ने एम ए प्रथम वर्ष की मेनका को प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की सुरेन्द्र व बीए 5वें सेमेस्टर की शगुन पाठक को तृतीय स्थान के लिए चुना गया । डॉ पूजा मिश्रा के संयोजकत्व में गीता श्लोक पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ पूजा मिश्रा, डॉ अवनीन्द्र दीक्षित व डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने एम ए प्रथम वर्ष के नितिन त्रिपाठी को प्रथम, बीएड प्रथम वर्ष के पार्थेश्वर दूबे को द्वितीय व बीए तृतीय वर्ष की शगुन को तृतीय तथा बीए तृतीय वर्ष के शिवा पाठक को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना। वहीं मणिका मिश्रा के संयोजकत्व में एकल नृत्य प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। निर्णायक सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह, डॉ वर्षा सिंह व मणिका मिश्रा ने छात्रा वर्ग में एम ए प्रथम वर्ष की शिखा पाण्डेय को प्रथम, बीए 5 वें सेमेस्टर की काजल को द्वितीय व बीए 5वें सेमेस्टर की हर्षिता श्रीवास्तव को तृतीय तथा छात्र वर्ग में बीए प्रथम सेमेस्टर के अभिषेक चौधरी को प्रथम, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के अजय शर्मा को द्वितीय व बीबीए प्रथम सेमेस्टर के सुजल गुप्ता को तृतीय स्थान के लिए चुना । कार्यक्रम का संचालन छात्र अतुल मिश्र ने किया। विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह, प्रो0 वीणा सिंह, डॉ आलोक शुक्ल, डॉ सुनील मिश्र, डॉ शिव महेंद्र, डॉ मो अकमल, डॉ स्वदेश भट्ट, डॉ राहुल, लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ भावना, डॉ शकुंतला सिंह, डॉ मनोज सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# राज मिस्टर व आस्था बनीं मिस सीएमएस

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सिटी मांटेसरी इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन विशुनापुर स्थित सिटी मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कालेज परिसर में किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। फिल्मी गीतों की धुन पर थिरकते नौनिहालों ने अतिथियों के दिल में अमिट छाप छोड़ी। तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रावस्ती के उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राजीव कुमार व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों के साथ प्रबंध निदेशक शाश्वत जोशी ने विद्यालय के प्रबंधक स्वर्गीय पटमेश्वरी प्रसाद जोशी संस्थापिका स्वर्गीय मंजूलता जोशी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। शिक्षिका अंजली पाठक के निर्देशन में छात्राओं ने सरस्वती वंदना व महजबीन बानो के निर्दशन में स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। शिक्षिका आकांक्षा सिंह के निर्देशन में कक्षा दो व तीन के बच्चों ने टीचर शुक्रिया गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चार व पांच की छात्राओं ने शिक्षिका रिया शुक्ला के निर्देशन में हम भीमराव के बच्चे हैं उनको समझा देना गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। इसके बाद कक्षा पांच के लड़कों ने हम फौजी इस देश की धड़कन गीत पर प्रस्तुति देकर दर्शकों में देशप्रेम का जज्बा भर दिया। कक्षा छह के लड़कों ने माता-पिता को समर्पित गीत प्रस्तुत किया। कक्षा सात की छात्राओं ने राम आएंगे गीत पर भावूपर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद गजानन गीत, रट्टा मार, बड़ी नीक लागे देशवा के माटी, शिक्षा व जल संरक्षण थीम पर समूह नृत्य पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। डिग्री कालेज की छात्राओं ने चुनरी-चुनरी, देशी गर्ल मैशअप, बरसो रे मेघा गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। एनसीसी प्ले, बागवान कहानी, अरे द्वारपालों, इंडियन सूट, इनक्रेडिबल इंडिया, मुझे रंग दे, मोरनी बनके, टिकुली जलेगी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन कर रहे प्रधानाचार्य केपी यादव ने अतिथियों व अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सहप्रबंधक मायाशंकर जोशी, ट्रस्टी रश्मि जोशी, प्रवृत्ति जोशी, मुख्य निरीक्षक एसपी पाठक, तुलसीपुर के प्रधानाचार्य एबी गुप्त, उतरौला प्रधानाचार्य धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य गोंडा एके मिश्र, शिक्षक रवींद्र सिंह, प्रेम कुमार, अखिलेश गुप्त, मोहम्मद अनवर, मयंक, यूपी सिंह, सिद्धार्थ सिंह, आशीष तिवारी, राजकुमार वर्मा, अरुण यादव, इसरार अहमद का विशेष योगदान रहा।

### मिस्टर व मिस सीएमएस का पहना ताज

वार्षिकोत्सव के दौरान मिस्टर व मिस सीएमएस का चयन किया गया। कक्षा 12 के छात्र राज शुक्ल को मिस्टर व कक्षा 10 की छात्रा आस्था मिश्रा को मिस सीएमएस चुना गया। प्रधानाचार्य केपी यादव व प्रबंधक शाश्वत जोशी ने दोनों को ताज पहनाते हुए शुभकामनाएं दीं।

# जूता बनाने से लेकर जादूगर के शो तक में खूब मिला नॉर्थ ईस्ट के छात्रों को दुलार

जन एक्सप्रेस। आगरा

पूर्वोत्तर भारत से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रकल्प शील यात्रा में आठ राज्यों से आए 30 प्रतिनिधि विद्यार्थियों का आज शील यात्रा के तीसरे दिन dr MPS world school के छात्रों के साथ संवाद किया । प्रांगण में प्रवेश के साथ ही छात्रों द्वारा सभी प्रतिनिधि विद्यार्थियों का तिलक लगा एवं माला पहना कर स्वागत किया गया ।

विद्यालय के अध्यक्ष स्काड्रन लीडर ए0 के0 सिंह क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल,डावर इंडस्ट्रीज चेयरमैन पूरन डावर, क्षेत्रीय मंत्री भाजपा राहुल चौधरी और पवन आग्री ने

दीप प्रज्ज्वलन ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के भारतीय सांस्कृतिक पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें छात्रों ने अलग अलग राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय के अध्यक्ष स्काड्रन लीडर ए0 के0 सिंह ने भारतीय संस्कृति और पूर्वोत्तर राज्यों की एकता के बारे में उपस्थित सभी समूह को संबोधित करते हुए कहा कि नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति भारतीय संस्कृति का एक अनमोल हिस्सा है। दोनों के बीच कई समानताएँ हैं जैसे विविधता में एकता, लोककला, आध्यात्मिकता और उत्सवों की समृद्धि। पूर्वोत्तर की परंपराएँ और रीति-रिवाज न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत बनाते हैं बल्कि यह भी दिखाते हैं कि भले ही भारत में कई भाषाएँ और संस्कृतियाँ हों लेकिन उसकी आत्मा एक ही है इसलिए हमें इस क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि भारत की सांस्कृतिक विरासत और अधिक मजबूत हो सके।

उत्तर विधानसभा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा ये प्रकल्प हर वर्ष लो भांति इस वर्ष भी आप हमारे मध्य पधारे हैं हमें स्वागत सत्कार का जो अवसर प्रदान किया है उसके लिए हम सभी आभारी हैं

आप लोगों के साथ जो रिश्ता बन गया है तो एक आग्रह आप सभी से बड़े विश्वास के साथ करना चाहता हूं कि जब आप इस यात्रा से वापिस अपने अपने राज्यों में लौटें तो बाकी सभी आपके साथ पढ़ने वाले सहपाठियों को भी आग्रह करें कि वे इस यात्रा का हिस्सा बने और सभी इसी प्रकार से भारत को खुशहाल समृद्ध और विश्वगुरु बना ने में अपने सार्थक प्रयास जारी रखें ।

# एसडीआरएल इंटर कॉलेज में मेधावियों को किया गया प्रमाण पत्र वितरण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज में शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार 1 फरवरी को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024-25 जो पिछले माह 19 अक्टूबर 2024 को जनपद बलरामपुर 125 विद्यालयों व महाविद्यालयों में आयोजित हुई थी । परीक्षा में लगभग 10900 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया था। सार्टिफिकेट वितरण के क्रम में आज भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024 में जनपद में सर्वाधिक प्रतिभाग विद्यार्थियों को कराने वाले सुन्दर दास राम लाल इण्टर कालेज बलरामपुर में विद्यार्थियों को गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा सार्टिफिकेट वितरित किया गया। जिला समन्वय समिति भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सदस्य सुनील वर्मा जी ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा सार्टिफिकेट प्रदान किया जाता है जिसमें तीन कटेगरी उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, व उत्तम होती है। उन्होंने बताया कि जिला समन्वय समिति द्वारा विद्यालय स्तर पर कक्षावार प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों का अभी सम्मान होगा बाद में मेरिट का निर्धारण कर जिला स्तर में प्राप्त होने वाले विद्यार्थियों को शक्तिपीठ पर सम्मानित किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी व व्यवस्थापक श्री सतीश चन्द्र मिश्रा जी ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी व इस परीक्षा के महत्व के बारे में सभी को बताया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य एन एन मिश्रा व ट्रस्टी सतीश चन्द्र मिश्रा द्वारा कक्षावार प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को सार्टिफिकेट व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कक्षा 5 से 12 तक कक्षावार प्रथम व द्वितीय स्थान में इशिता तिवारी, अक्षत शुक्ला, मानवी वर्मा, सिद्धांत, दीपक, प्रिन्स, विशाल, सिद्धि, आंचल, लकी प्रतिभागियों का सम्मान हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक लोकेश श्रीवास्तव, टीपी तिवारी, उमेश कुमार, सत्यम, सनी सिंह, शिवपूजन, रूचि सिंह व नीतू सिंह सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मी तथा मेधावी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जनपद के सभी तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर




जनपद में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया।

तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले। कार्यालय में जो भी लाभार्थी/नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से यथा संभव मौके पर जाकर एवं उभय पक्षों की उपस्थिति में प्रकरण का निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों को भटकना न पड़े और प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सार्वजनिक जमीनों पर भूमियों/संपत्तियों, चकमर्गों , खलिहान पर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। समस्त नगर निकायों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने और सरकार के मंशानुसार प्रत्येक जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा नवीनीकृत तहसील टांडा के सभागार का फीता काट कर लोकार्पण किया गया।

तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 48 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 16 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 32 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज कुमार, उप जिलाधिकारी टांडा तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता तथा उप जिलाधिकारी आलापुर के समक्ष कुल 44 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमे से 10 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया तथा शेष 34 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर के समक्ष 80 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमें से 02 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। शेष 78 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी भीटी के समक्ष कुल 20 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिसमें से 03 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष 17 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया।

तहसील जलालपुर मे संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी जलालपुर के समक्ष कुल शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमें से 67 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

# गोस्वामीज मॉम्स प्राइड विद्यालय में सात दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का हुआ भव्य आयोजन






**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गोस्वामीज मॉम्स प्राइड विद्यालय, जो सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध है, ने सात दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य युवाओं को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना रहा। इस आयोजन में प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने मशाल प्रज्वलित कर किया। पहले दिन विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लेमन रेस, सेक रेस, 100 मीटर दौड़, स्लो साइकलिंग रेस, शटल रेस, फ्रॉग रेस, जलेबी रेस, हर्डल रेस और ड्रैग द बैल रेस शामिल थीं।

### खेल स्पर्धाओं के विजेता

100 मीटर दौड़ में लड़कों की श्रेणी में आरिश, दिवित, साकिब और लड़कियों की श्रेणी में आरुषि, शिवांगी ने जीत दर्ज की। 200 मीटर दौड़ में हिमांशी, कामनी, नाज़ विजयी रहे। वहीं, बाधा दौड़ में दक्ष, अनन्या और पुनीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
कार्यक्रम का सफल संचालन खेल शिक्षकों रामधारी यादव, अभिनव तिवारी, तमन दीक्षित और निधि अग्रवाल के सहयोग से हुआ। खेल गतिविधियों ने विद्यार्थियों के भीतर ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जिससे मैदान में रोमांच बना रहा। विद्यालय के चार प्रमुख क्लब लीजेंड, सुप्रीम, एलीट और विक्टर ने भी शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों और विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन ने सराहा और प्रतिभागियों को सेकंड राउंड के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय ने इस खेल महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक भावना से अवगत कराया, बल्कि उन्हें मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

### छोटे बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन

प्ले ग्रुप, नर्सरी और किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी खेल प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
**फ्रॉग रेस और हर्डल रेस (प्ले ग्रुप):** अद्विक, आरुष, रावी, हर्षित, समीहा, सृष्टि, तोषित, मोक्ष, ऋतिक, वैदिक, पॉइंचा, श्रीशा, वेदांत, रक्षित, अब्दुल्लाह, मिस्टी, रियांश, आराध्या, अतिक्ष, दिव्यांश विजेता रहे।
**सैक रेस (नर्सरी):** काव्यांश, आशी, साद, नूराज़, रिचा, दक्ष, प्रतिष्ठा, विराट, सावन्या, डिंपल, सोहम विजेता बने।
**ड्रैग द बॉल रेस (किंडरगार्टन):** यशवी, सम्राट, सात्विक, अभिषेक, शिवम, वियान, आव्यांश, जसकरन, दीपक, शिवांश, शौर्य, आरना, चित्रा, सौम्या, चिराग, आरव ने सफलता प्राप्त की।

# तेंदुआ की निगरानी को गंभीर नहीं अफसर, नहीं पंहुची टीम

- आबादी के निकट गन्ने के खेतों में चहलकदमी कर रहा तेंदुआ
- हरीपुर रेंज के जंगल से निकले तेंदुआ का दुर्जनपुर कला में मिला था शव

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** जंगल से निकलकर आबादी के आसपास चहलकदमी कर रहे तेंदुआ के प्रति वन विभाग के अफसर गंभीर नहीं है। तेंदुआ एक सप्ताह से रिहायशी इलाके में घूम रहा है। शनिवार निगरानी के लिए लगाई गई टीम मौके पर नहीं पंहुची।वन विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में रोष है।
पीटीआर की हरीपुर रेंज में तेंदुआ का कुनबा लगातार बढ़ रहा है।सर्दी का मौसम शुरू होते ही तेंदुआ जंगल से सटे गन्ने खेतों में डेरा जमा लेते हैं। सामाजिक वानिकी विभाग की ओर से निगरानी में लापरवाही के कारण मानव वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है।हरीपुर रेंज के जंगल से निकले दो तेंदुआ बीते एक सप्ताह से दुर्जनपुर कला और लाह गांव के आसपास चहलकदमी कर रहे थे।शुक्रवार जंगल से निकले एक तेंदुआ की मृत्यु हो गई।सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर कला में आबादी से पांच सौ मी. दूर वर्कशाप के पास तेंदुआ का शव पड़ा मिला था।बुधवार देर शाम गन्ने के खेत में छिपे तेंदुआ ने लाह निवासी ओमप्रकाश पर हमला कर घायल कर दिया था।ग्रामीण पर हमले के बाद से तेंदुआ लाह,दुधिया खुर्द के आसपास गन्ने के खेतों में डेरा जमाए हुए हैं।शाम होते ही गन्ने से निकलकर आबादी के आसपास चहलकदमी करते देखा जा रहा। रिहायशी इलाके में घूम रहे तेंदुआ के प्रति वन विभाग के अफसर तनिक भी गंभीर नहीं है।एक तेंदुआ की मौत के बाद भी शनिवार निगरानी के लिए लगाई गई टीम गांव नहीं पंहुची।इन दिनों किसान खेतों में खड़े गन्ने की छिलाई कर रहे हैं। तेंदुआ भी गन्ने के खेतों में डेरा जमाए हुए हैं।निगरानी टीम की लापरवाही से मानव वन्यजीव संघर्ष की घटना से इन्कार नही किया जा सकता है। आबादी के आसपास घूम रहे तेंदुआ को भी खतरा बना हुआ है। वन विभाग की मनमानी कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में रोष है।

> लाह में तेंदुआ की मॉनिटरिंग के लिए टीम को लगाया गया है। शनिवार टीम के गांव न पंहुचने की जानकारी नहीं है।
> –रोहित जोशी, प्रभारी रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर

# खेत पर फसल देखने जा रहे प्रधान पति पर धारदार हथियार से हमला

- गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध दर्ज की प्राथमिकी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** खेत पर फसल देखने जा रहे प्रधान पति पर चार आरोपितों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। गांव की तरफ भाग कर बमुश्किल जान बचाई। आरोपित ने दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दुधिया खुर्द निवासी नरेश वर्मा ग्राम प्रधान के पति है। शनिवार वीरपाल अपने ससुर जग्गू के साथ मारपीट कर रहा था। प्रधान पति के घर पहुंचे जग्गू ने बताया कि वीरपाल उसे जान से मार देगा।जिसके बाद मौके पर पहुंचे प्रधान पति ने बीच बचाव कर विवाद शांत करा दिया।आरोप है कि बीच-बचाव कराने से गुस्साएं वीरपाल ने प्रधान पति को जान से मारने की धमकी दी। शनिवार प्रधान पति सुबह लगभग साढ़े सात बजे खेत पर सरसों की फसल देखने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वीरपाल ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रधान पति की गर्दन और हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।आरोपितों के हमले में प्रधान पति गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव धर्मापुर की तरफ भाग कर जान बचाई। गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।आरोपितों ने दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति हैं। जिससे उन्हें जान माल का खतरा है। पुलिस ने एक नामजद सहित चार आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।अपराध निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधान पति की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बजट 2025,26 में छोटे व्यापारी, किसान युवा, महिलाओं की बल्ले बल्ले: अनूप अग्रवाल

- बजट में केंद्र सरकार ने सुनी छोटे व्यापारी की आवाज
- देश के व्यापारियों ने किया आम बजट का स्वागत

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



आज संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2025- 26 का देश का बजट पेश किया बजट में आम छोटे व्यापारी व आम नागरिक को 12 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स में पूरी छूट देकर व्यापारियों व आम नागरिकों का मन जीत लिया है देश के व्यापारी इस बजट का स्वागत करते हैं किसान के लिए उसके क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से 5 लाख, उधर बिहार में मखाना बोर्ड बनाने की घोषणा पर किसानों व व्यापारियों दोनों को लाभ होगा साथ ही एमएसएमई की लोन की सीमा 5 करोड़ से बढाकर 10 करोड़ की गई है इससे एमएससी में उद्योगों को व्यापार करने में लाभ होगा साथ ही आईआईटी में सीट बढ़ाने तथा मेडिकल की सिटी बढ़ाने की घोषणा की गई है साथ ही टीवी और एलसीडी पर कस्टम ड्यूटी 5त्न से घटकर ढाई परसेंट कर दी है इससे टीवी में एलसीडी सस्ते होंगे तथा आम आदमी की खरीद की रेंज में आ जाएंगे, उधर देश के सीनियर सिटीजंस को आईटीआर भरने की सीमा 2 साल से बढ़ाकर 4 साल कर दी है इससे देश के बुजुर्गों को आईटीआर भरने में सुविधा होगी व्यापारी स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हैं कि उनकी कैबिनेट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में व्यापारियों एवं आम आदमी के हितों का ध्यान रखा गया है हम देश के व्यापारी उनका आभार व्यक्त करते हैं।

### गन्ना किसानों को शासन से मिली धनराशि, भुगतान हुआ शुरू

**पीलीभीत।** शासन से गन्ना किसानों के भुगतान के लिए 24 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। इस धनराशि के मिलने के बाद, किसानों के खातों में आर.टी.जी.एस. के जरिए भुगतान ट्रांसफर कर दिया गया है। इसमें 14 करोड़ रुपये बीसलपुर चीनी मिल को और 10 करोड़ रुपये पूरनपुर चीनी मिल को मिले हैं। बीसलपुर चीनी मिल ने 12 जनवरी 2025 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है, जिससे अब तक मिल का 90 प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान हो चुका है। वहीं, पूरनपुर चीनी मिल ने 8 जनवरी 2025 तक के गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों को भेजा है और अब तक मिल का 83 प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान हो चुका है।

## केंद्र सरकार का बजट किसान, नौजवान, युवा, व्यापारी और महिला विरोधी: जगदेव सिंह जग्गा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने आज लाए गए बजट पर अपना बयान जारी करते हुए कहा की इस बजट में सरकार ने किसानों की उम्मीदों को एक बार फिर नकार दिया। जिसमें एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की मांग को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ किया गया। कृषि ऋण माफी का मुद्दा इस बजट में पूरी तरह से गायब हैं। पीएम किसान भुगतान को मुद्रास्फीति से जोड़ने की बात भी ठंडी बैठ गई। पीएम फसल बीमा योजना में सुधार का कोई संकेत नहीं मिला। सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में दलितों को कुछ नहीं मिला आदिवासियों को कुछ नहीं मिला पिछड़ों को कुछ नहीं मिला अल्पसंख्यको को कुछ नहीं मिला किसानों को कुछ नहीं मिला युवाओं को कुछ नहीं मिला व्यापारियों को कुछ नही मिला यह बजट देश की 90त्न आबादी की आजीविका पर डाका डालने वाला बजट हैं। यह बजट केवल झूठे वादों और खोखली घोषणाओं का पुलिंदा हैं।




# चांट फिरोजपुर में बच्चों को दिलाई टीवी जागरूकता की शपथ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** टीवी उन्मूलन हेतु सौ दिवसीय सघन चिकित्सा अभियान चलाया जा रहा है। इंडिया रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से चांट फिरोजपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को टीवी जागरूकता की शपथ दिलाई गई। शाखा के जिला अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में टीबी उन्मूलन हेतु सौ दिवसीय सघन चिकित्सा अभियान चलाया जा रहा है ।शनिवार पूरनपुर क्षेत्र के चांट फिरोजपुर के कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को टीवी जागरूकता शपथ दिलाई गई।बच्चों को टीवी के बारे में जानकारी की दी गई।बताया कि वह अपने आसपास,अपने परिवार में किसी व्यक्ति को लगातार खांसी, बुखार और निरंतर वजन काम होने की दशा में चिकित्सीय परामर्श लें। नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर जांच करवाएं।सरकार के द्वारा सभी जांच और दवाइयां बिल्कुल निशुल्क है। अवैतनिक सचिव ने बताया पांच फरवरी दिन बुधवार को विद्यालय में पीलीभीत टीवी अस्पताल के द्वारा एक टीवी उन्मूलन हेतु कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निशुल्क एक्सरे एवं दवाइयां का वितरण किया जाएगा।कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य निरंजना शर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आम जन के शिकायतों का निस्तारण प्रभावी ढंग से निस्तारित करायें अधिकारी: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तहसील मछलीशहर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि फरियादियों की सुनवाई करते हुए प्रभावी निस्तारण कराया जाए जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके। जिलाधिकारी के द्वारा समस्त लेखपाल को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं की ऐसी समस्याएं जिनका निस्तारण मौके से किया जाना संभव है उसे प्राथमिकता देते हुए निस्तारित कराएं। जिलाधिकारी के द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान 96 शिकायते प्राप्त हुई, जिसमें लगभग 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में तहसील मडियाहूं के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अन्य तहसीलों में भी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

### वाहन खड़ा करने के विवाद में विधायक पुत्र से मारपीट में आठ पर केस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के पटैला बाजार में गत सोमवार को स्कार्पियो वाहन खड़ा करने को लेकर हुए विवाद के बाद विधायक पुत्र से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद सहित आठ के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पट्टी नरेंद्रपुर गांव निवासी पूर्व विधायक स्व राम पारस रजक के पुत्र शिवम गत 27 जनवरी को पटैला बाजार में सब्जी खरीदने गये थे। वह सब्जी मंडी के पास अपना स्कार्पियो वाहन खड़ा कर सब्जी की दुकान पर चले गए। आरोप है कि तभी वहां प्रमोद वर्मा,किशन वर्मा, राहुल वर्मा,लालजी के अलावा चार अज्ञात लोग पहुंच वाहन स्वामी को इंगित कर अपशब्द बोलने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोग उसे मारने पीटने लगे।

# आयकर में राहत से नौकरीपेशा लोगों के चेहरे पर खिली मुस्कान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



केन्द्रीय बजट में 12 लाख तक की आय पर आयकर शून्य किये जाने से मध्यम आय वर्ग वाले परिवारों में खुशी का माहौल है। नौकरीपेशा लोग तो बेहद खुश हैं क्योंकि 12 लाख की वेतन से होने वाली आय के अलावा 75 हजार रूपए स्टैंडर्ड डिडक्शन की छूट के चलते 12 लाख 75 हजार रुपए तक की आय आयकर से मुक्त रहेंगी। सदन में बजट भाषण पढ़ते हुए जैसे ही 12 लाख रुपए तक की आय को आयकर से मुक्त करने की घोषणा केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की नौकरीपेशा लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। विकास खंड मछलीशहर के कम्पोजिट विद्यालय बामी के अध्यापकों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में उनके केवल तीन- चार स्टाफ ही आयकर से मुक्त थे लेकिन आगामी कर निर्धारण वर्ष में केवल दो - तीन ही स्टाफ को आयकर देना होगा शेष स्टाफ को आयकर से मुक्त रहने की सम्भावना है। विकास खंड मछलीशहर के ही अभिनव प्राथमिक विद्यालय अदारी के प्रधानाध्यापक आंनद प्रकाश सिंह ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में उनके विद्यालय के सभी चार शिक्षकों को आयकर देना पड़ा है किंतु आगामी वित्तीय वर्ष में तीन स्टाफ को आयकर नहीं देना पड़ेगा। विकास खंड महराजगंज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंगराह में कार्यरत शिक्षक दिनेश पाल ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में उनके विद्यालय में कार्यरत तीनों शिक्षकों को आयकर देना पड़ा है किंतु आगामी वित्तीय वर्ष में सभी तीन शिक्षकों के आयकर से मुक्त रहने की सम्भावना है। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर के प्राथमिक विद्यालय मोलनापुर के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार मणि त्रिपाठी ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में उनके यहां के सभी स्टाफ को आयकर से मुक्त रहने की सम्भावना है। विकास खंड रामनगर के प्राथमिक विद्यालय सेऊर के अध्यापक नागेन्द्र सिंह ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में उनके सभी चार स्टाफ ने आयकर दिया है लेकिन आगामी वित्तीय वर्ष में सभी को आयकर से मुक्त हो जाने की सम्भावना है।

# अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर चला बुलडोजर



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- जिला पंचायत से बगैर नक्शा पास कराए विकसित की जा रही थी कालोनिया
- प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर अवैध कालोनाइजरों में खलबली

**पूरनपुर।** अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों को जिला पंचायत और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुलडोजर चला कर ध्वस्त करा दिया।इन कॉलोनियों का नक्शा पास नहीं कराया गया था।कार्रवाई को लेकर कॉलोनाइजरों में खलबली मची रही। पूरनपुर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से कॉलोनिया विकसित की जा रही है। कालोनाइजरों जिला पंचायत से नक्शा पास कराए बगैर मनमाने तरह से कालोनिया विकसित कर रहे हैं।भूमि को आवासीय भी नहीं कराया जा रहा है।जिला अधिकारी ने नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को नामित कर जांछ टीम गठित की।जांच में अधिकांश कालोनिया अवैध पाई गई। जांच में अवैध पाई गई कालोनियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।सिरसा रोड पर स्थित गैरतपुर जसी के गाटा संख्या 11 के 41,42 में कालोनाइजरों ने अवैध रूप से सड़कें बिछा कर कॉलोनियों विकसित करना शुरू कर दी थी।शनिवार मौके पर पंहुची जिला पंचायत और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने दो कालोनियों की नींव,सडक और दीवारों को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई शुरू होते ही कालोनाइजरों में खलबली मच गई।शाम होने के कारण कार्रवाई को रोक दिया गया। नायाब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने बताया कि कालोनियों को अवैध रूप से विकसित किया जा रहा था।आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पुनरावृत्ति पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# यह आम आदमी, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है: पुष्पराज सिंह

- वित्त मंत्री ने गरीबों, मध्यम वर्गीय के लिए शानदार बजट पेश किया है और कृषि क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र जैसे कई क्षेत्रों को कवर किया: आमोद सिंह

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**





मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा। मोदी सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है। जो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। आत्मनिर्भर भारत का यह बजट स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव बनेगा। इस बजट में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा उन्होंने आगे कहा कि आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट बल गुणक है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री को इसके लिए बधाई देता हूं। आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे? ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि आज देश %विकास भी, विरासत भी% के मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं। इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए %ज्ञान भारत मिशन% को शुरू किया गया है। बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है। बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। इस सरकार के पहले दो कार्यकालों के दौरान किए गए परिवर्तनकारी कार्य एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे यह सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने में सक्षम हुई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बजट की सराहना करते हुये कहा कि वित्त मंत्री ने गरीबों, मध्यम वर्गीय के लिए शानदार बजट पेश किया है। कृषि क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र जैसे कई क्षेत्रों को कवर किया है, इस शानदार बजट पेश करने के लिए मैं पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को साधुवाद देना चाहता हूं और मै इस बजट का स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है। 2014 मे कर स्लैब को बढ़ाकर 2.5 लाख कर दिया गया, जिसे 2019 में बढ़ाकर 5 लाख और 2023 में 7 लाख कर दिया गया। नई व्यवस्था के अंतर्गत 12 लाख रुपये तक की आय अर्थात पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर आय को छोड़कर प्रति माह 1 लाख रुपये की औसत आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा, वेतनभोगी वर्ग के लिए, 12.75 लाख की वार्षिक आय तक कोई आयकर लागू नहीं है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग को 75,000 का मानक कटौती लाभ उपलब्ध है।

# हमारा इबादत का तरीका अलग-अलग है लेकिन खुदा एक है: आरिफ मोहम्मद खान

■ बिहार के राज्यपाल ने शिक्षाविद अशोक शुक्ला का किया सम्मान

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**




महात्मा गांधी का वैचारिक दर्शन कमजोर को प्रताड़ित करने के लिए बिल्कुल नहीं है। सिद्धांत एवं सांस्कृतिक मूल्य ही उनके विचार है। जिसमें भारतीय संस्कृति की वह धारा सम्मिलित है जिससे पूरे जगत के मानव का कल्याण छिपा संभव है। यह बात गांधी स्मृति दिवस के समापन पर गांधी भवन में आयोजित गांधी स्मृति व्याख्यान के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कही। श्री खान ने कहा कि महात्मा गांधी बंटवारे के खिलाफ थे। वह नहीं चाहते थे कि भारत का विभाजन होकर एक अलग देश बने। मार्टिन लूथर किंग और नेंल्सन मंडेला भी महात्मा गांधी को अपना आदर्श मानते थे। जो वास्तव में समय-समय पर हमारे समाज के बीच में आकर मानवता एवं अहिंसा के विचार को आगे बढ़ाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के मुल्कों में युद्ध चल रहा है। एक देश दूसरे देश को धमकी देता है। ऐसे समय महात्मा गांधी के विचार प्रसांगिक हो जाते है। उन्होंने कहा कि हमारा इबादत का तरीका अलग-अलग है, लेकिन खुदा एक है। भारत दुनिया की अकेली संस्कृति है जिसने सबको नकार दिया है। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा और के.डी सिंह बाबू के चित्र परा माल्यार्पण किया। तदोपरान्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने अखिल भारतीय शिक्ष संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, पीजीआई के सीनियर इंडोक्राइन सर्जन डॉ ज्ञान चन्द, वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, वरिष्ठ गांधीवादी अमीर हैदर, नगर पंचायत फतेहपुर के चेयरमैन मो. इरशाद अहमद, नगर पंचायत देवा के अध्यक्ष हारून वारसी, शिक्षाविद अशोक शुक्ला, सेवा सोसाइटी के अध्यक्ष मो उमैर किदवई, महात्मा गांधी क्लब के अध्यक्ष सलाउद्दीन किदवई और समाजसेवी भवानी दत्त भट्ट को मानव सेवा सम्मान से विभूषित किया। सभा को आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन चन्द तिवारी, विजय लक्ष्मी आई हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक सिंह वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, देवा शरीफ वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वासिक रफीक वारसी ने सम्बोधित किया। सभा की अध्यक्षता अरविन्द कुमार सिंह गोप ने की। इस मौके पर उ.प्र सहकारिता के पूर्व अध्यक्ष धीरेन्द्र वर्मा, समाजसेवी रंजन शर्मा, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, धनंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा समेत आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



एक विवाहिता का शव संदिग्ध हालातों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला।सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने मृतका के पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस ने आरोपी पति को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है।असंद्रा थाना क्षेत्र के संडवा भेलू गाँव निवासी मल्हू विश्वकर्मा की पत्नी शिखा विश्वकर्मा का शव संदिग्ध हालातों में कच्चे मकान की छत पर लगे कुंडे से साड़ी के फंदे से लटकता मिला।मृतका के चेहरे पर चोट के गम्भीर निशान भी थे।इसकी सूचना पुलिस को दी गई ।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।मृतका के चेहरे पर चोट के निशान मिलने पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने छानबीन की।इसी बीच मृतका के पिता देवतादीन निवासी डीहा रहीमपुर थाना कोठी परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और पुत्री की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया।आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पिता की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को अपनी हिरासत में ले लिया है।चौकी प्रभारी दिलावलपुर प्रमेंद्र प्रताप सिंह ने पंचायत नामा भरकर शव को शव ग्रह भेजा है।इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।आरोपी पति को पूछताछ के लिए कस्टडी में लिया गया है।इस घटना को लेकर ग्रामीण तरह तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।बताया जाता है कि शिखा (मृतका)की शादी आज से करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी।जिसके तीन बच्चे हैं।क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट समीर कुमार सिंह मौका मुआयना करते हुए अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी ने नवनिर्मित मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया

**जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव।** राजमार्ग स्थित कोतवाली परिसर में नवनिर्मित मंदिर का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उद्घाटन किया। उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।



अजगैन कोतवाली परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने नवनिर्मित हनुमान जी के मंदिर का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान जिलाधिकारी व कप्तान ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया मन्दिर में सुन्दरकाण्ड का पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया है। देर शाम तक प्रसाद का वितरण चलता रहा। इस दौरान एडिशनल एसपी प्रेमचन्द, चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे समेत अन्य पुलिस कर्मी, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, प्रधान गुड्डू खान, मनोज पाण्डेय, रेशु तिवारी, धर्मेश प्रताप सिंह, गौरव आदित्य सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाई

**जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगा ली। किशोरी को फंदे से लटकता देख परिजन आनन फानन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस को बगैर सूचना दिए शव लेकर घर चले गए अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव जनसार निवासी खुशी पुत्री राजबहादुर 16 वर्ष ने शनिवार को घर के अंदर कमरे में पंखे की कुंडी में दुपट्टे से फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए सीएचसी से शव को लेकर चले गए। परिजनों के अनुसार खुशी बीमार रहती थी। जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठा लिया।मृतका कक्षा 8 की छात्रा थी। वह दो बहन मिश्री(4) व भाई युग (8) से बड़ी थी। पिता दुबई में रहकर नौकरी करता है। बेटी की मौत के बाद मां सुषमा सहित परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। अजगैन प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है परिजनों ने कोई तहरीर नही दी है। मौके पर दरोगा को भेजकर जांच कराई जा रही है।


### सपा नेता वीरेंद्र शुक्ला ने आम बजट को घोषणाओं का गुब्बारा बताया



**जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव।** संसद में बजट पेश होने के बाद आम जन में चर्चा का विषय रहा वहीं वरिष्ठ सपा नेता वीरेंद्र शुक्ला ने बताया के आम बजट घोषणाओं का गुब्बारा है जिसमें नौजवानों, किसानों व आम आदमी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है न पैट्रोल डीजल सस्ता किया न गैस सिलेंडर के दाम कम किए न खाद्यान्न के सस्ता किया किसानों के कर्ज माफी की घोषणा की न ही एमएसपी की घोषणा की नौजवानों के लिए किसी नई भर्ती की भी घोषणा नहीं की है वीरेन्द्र शुक्ला पूर्व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी उन्नाव 165 सदर विधानसभा उन्नाव ने चिंता व्यक्त करते हुए मंहगाई चरम पर है युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं उघोग पलायन कर रहे।

### फांसी के फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**जन एक्सप्रेस। मौरावां उन्नाव।** मौरावां थाना क्षेत्र के खैरताली गाँव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने फाँसी के फन्दे से लटक कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शिवानी (25)पुत्री राधेलाल यादव निवासी खैरताली मजरे चकसरैया ने शुक्रवार दोपहर लगभग 3-30 बजे घर के अंदर बने कमरे की छत में लगे छल्ले में साड़ी के सहारे फाँसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को हुई तो घर मे कोहराम मच गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सूत्रों की जानकारी से पता चला कि दिवंगत की शादी चार साल पहले बंगलहनखेड़ा थाना बिहार के निवासी धीरज यादव से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पति से अनबन होने के कारण वह अपने मायके में रह रही थी पति से विवाद के कारण वह काफी समय से मानसिक तनाव में थी और अक्सर गुमसुम रहती थी। तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की शिवानी की मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया है। उनकी मां शिवकली, छोटी बहन साक्षी और बड़े भाई शिवम का रो-रोकर बुरा हाल है।



# नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ने समय पर न आने पर बाबू को थमाया कारण बताओ नोटिस

■ संपूर्ण समाधान दिवस पहुंचकर बाबू ने लगाए गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**




बिल्हौर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा व नगर पालिका अध्यक्ष इखलाक खां ने नगरपालिका में तैनात लिपिक ओंकार सिंह को समय पर नगरपालिका कार्यालय न पहुंचने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है इसके बाद लिपिक ओंकार सिंह ने नगरपालिका अधिशासी अधिकारी, अध्यक्ष व बाबू पर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचकर आरोप गिनाने लगें वहीं नगरपालिका में तैनात मृतक आश्रित सफाई नायक ने लिपिक ओंकार सिंह पर पेंशन के नाम पर दस हजार रुपए लेने का आरोप लगाया पूर्व में तैनात रहे नगरपालिका सफाई नायक ने पेंशन के नाम पर ओंकार सिंह पर पंद्रह हजार रुपए लेने के साथ साथ दो हजार रुपए और मांगने के आरोप लगाएं जिसके बाद दोनों विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे ।वहीं नगरपालिका बिल्हौर में लिपिक पद पर तैनात अजय कुमार निर्माण कार्य बाबू ने बताया कि जब से मेरी तैनाती निर्माण कार्य पर हुई है तब से मुझको बाबू ओंकार सिंह द्वारा जाति सूचक गाली और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई ।नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा व चेयरमैन इकलाख खां , जितेन बाबू सहित सभी स्टाफ ने बताया ओंकार सिंह नगरपालिका लिपिक पद पर तैनात हैं ये समय पर कार्यालय नहीं आते जिसके बाद इनको नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है जो भी इनके द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं वह बेबुनियाद है । संपूर्ण समाधान दिवस में तीन सभासद जो ओंकार बाबू को अपनी गाड़ी से बैठाल कर ले गए थे वह मीडिया के कैमरे से बचते नजर आए।

# बिल्हौर तहसील के पूरा क्षेत्र के लेखपाल पर अभद्रता का आरोप

■ कई ऐसे अवैध निर्माण हो गये जिन्हें तहसील प्रशासन को भनक तक न लग सकी

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपूरा में लगातार पीडब्ल्यूडी की जमीन सहित ग्राम पंचायत पूरा की जमीनों पर हो रहे निर्माण कार्यों का सिलसिला जारी है वहीं उत्तरीपुरा में कई ऐसे अवैध निर्माण हो गये जिन्हें तहसील प्रशासन को भनक तक न लग सकी बड़ी बड़ी इमारतें खड़ी हो गई पूर्व लेखपाल पर कार्रवाई भी पूर्व में हुई लेकिन पिछले कुछ महीनों में जीटी रोड पर इस कदर निर्माण कार्य हुए लगभग चालीस साल पुराने काबिज एक दुकानदार ने बताया की मेरी दुकान को हटवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं जिसकी खबर सोशल मीडिया पर चली वहीं उत्तरी निवासी पत्रकार ने पूरा कस्बा में तैनात लेखपाल पियूष सिंह से जानकारी लेनी चाहिए लेकिन फिर क्या लेखपाल के तेबर इतने हाई हो गये कि लेखपाल ने फोन पर अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिसके बाद पीड़ित पत्रकार ने साथियों के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचकर बिल्हौर उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल पर आरोप लगाया जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार को आदेशित कर जांच कर कारवाई करने का आश्वासन दिया।

### उत्तरी पूरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ा जुआं

**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपूरा पुलिस को मुखबिर की खास सूचना पर जुआ खेलने की सूचना मिली मौके पर पहुंचे उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह यूटी उपनिरीक्षक देव सिंह दिवान बिजेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल धर्मपाल ने घेराबंदी करते हुए पूरा कस्बे में हो रहे जुआरियों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन चकमा देकर जुआं खेल रहे जुआरी मौके से भाग निकले फिर क्या पुलिस ने जुआरियों के पीछे दौड़ लगा दी और जुआरियों को खदेड़कर दबोच लिया पकड़े गए जुआरियों के पास से नगद रुपए और एक तास की गड्डी बरामद की पकड़ेंगे गये जुआरियों में मगन पुत्र मनोज कुमार ,मनीष पुत्र रामसिंह ,शुभम पुत्र राजेश रवि कुमार पुत्र श्रीराम पूरा निवासी बताया जिसके बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया बिल्हौरकोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया चौकी पुलिस ने सराहनीय कार्य किया।

# तहसील दिवस: 79 शिकायतों में 5 का मौके पर समाधान

■ मीडिया कर्मी ने लेखपाल पर लगाए अभद्रता करने के आरोप

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



बिल्हौर ब्लॉक परिसर में शनिवार को एसडीएम रश्मि लांबा व तहसीलदार तिमराज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में बीडीओ दिनेश वर्मा और नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। डिजिटल चैनल प्राइम न्यूज़ के रिपोर्टर क्षेत्र के उत्तरी गांव निवासी धीरज शुक्ला ने एसडीएम से शिकायत करते हुए बताया कि उनके द्वारा पूरा कस्बे में एक दुकान हटाने के मामले में खबर प्रसारित की गई थी। मामले के संबंध में जानकारी लेने के लिए तहसील में तैनात लेखपाल पीयूष सिंह से फोन पर वार्ता की थी। वार्ता के दौरान उक्त लेखपाल जानकारी देने की बजाय अभद्रता करने लगा। जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का दिया भरोसा। जादेपुर घस्सा गांव निवासी वृद्ध जगदीश नारायण ने शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने डेरापुर कानपुर देहात के बलई गांव निवासी रामनारायण से कृषि भूमि क्रय की थी। उनका नाम खतौनी में दर्ज हो गया था और वह जमीन पर काबिल भी हो गए थे। विक्रेता की मृत्यु के उपरांत गांव की ही रहने वाले राम कुमार ने एक फर्जी वसीयत दिखाकर उनको परेशान करना शुरू कर दिया और खेत में उनके द्वारा बोई गई कोई भी फसल को नष्ट करा देते हैं। बीते दिनों उनके द्वारा बोई गई लाही की फसल को अब वह जबरन काटना चाहते हैं। उन्होंने फसल और जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की। कसिगवां गांव निवासी अर्चना पत्नी विजय ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर पैसा लेकर अपात्रों को आवास दिलाने और पैसे के अभाव खुद को पात्र होने के बावजूद पात्र का नाम सूची में शामिल न करने का आरोप लगाकर शिकायत की। इसी तरह आई आईं 79 शिकायतों में पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसडीएम रश्मि लांबा ने अनुपम तिवारी,पीडब्ल्यूडी एआई को बुलाकर समझाया कि आपके विभाग की जमीन पूरा कस्बे में कब्जे हो रहे हैं वहां पर जांच कर नोटिस जारी करें और हम तक भेजें औरउसमे कानूनी प्रक्रिया कराकर कब्जा मुक्त कराई जाए।

### चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव**

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के संभरखेड़ा निवासी एक विवाहिता को ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। संभरखेड़ा निवासी ज्योति ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले सिलौलीगढ़ी निवासी राजवीर से हुई थी और उनकी एक बेटी भी है। ज्योति का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति राजवीर, सास सरसरी, ननद कल्पना और रजनी लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करते रहे। जब वह उनकी मांग पूरी नहीं कर सकी तो मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया।

### समाजवादी पीडीए पंचायत के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज**



नवाबगंज ब्लाक के गांव दिलवाल में मोहान विधानसभा प्रभारी डॉ आंचल रावत के मार्गदर्शन व विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में समाजवादी पीडीए पंचायत कार्यक्रम 164 मोहान विधानसभा के सेक्टर 28 ग्राम दिलवल नवाबगंज में संपन्न हुआ जिसका आयोजन विधानसभा उपाध्यक्ष अनुपम वर्मा व बूथ प्रभारी सीताराम गुप्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचन्द्र रावत जी ने की मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे अशोक सिंह ददुआ सदस्य जिला कार्यकारिणी, शिव सिंह चौहान की जिला सचिव नि. राष्ट्रीय सचिव राहुल यादव, जिला सचिव शिव सिंह चौहान, कार्यक्रम की संचालन संतराम यादव ने किया, सुजीत रावत विस अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, विधानसभा उपाध्यक्ष शिव शंकर यादव जी, बादल सिंह जी व आदि समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बहादुर पुर मझिगवां की तर्ज़ पर ही बनाये जाएं सभी अन्तेष्टि स्थल: डीएम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा, अन्त्येष्टि, गौशाला, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। विकास खण्ड सौरिख के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगंवा की तर्ज पर बनाये जाये अन्त्येष्टि स्थल। सरकार द्वारा अन्त्येष्टि स्थल बनाये जाने हेतु 25 लाख रू0 की धनराशि दी जा रही है। क्वालिटी का विशेष ध्यान दिया जाये। सरकार के पैसों का सदुपयोग करें। कहा कि अन्त्येष्टि स्थल पर स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई हेतु सफाई कर्मी एंव सोलर लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए। अन्त्येष्टि स्थल वहीं पर बनाये जाये, जहां पूर्व से शव दाह किया जा रहा हो। जनपद में 16 विलेज हॉट के सापेक्ष 10 निर्माणाधीन है तथा 03 विलेज हॉट का कार्य पूर्ण हुआ। कहा कि गांव की अर्थ व्यवस्था को कैसे दुरूस्त किया जाये, इस पर फोकस करें। गांव की अर्थ व्यवस्था के लिये लोकल मार्केट का होना आवश्यक है, इससे बहुत सारे रोजगार के अवसर मिलेगे। 5000 आबादी वाले गांव में विलेज हॉट को डेवलपमेंट किया जाये। जनपद में चयनित 31 मनरेगा पार्क के सापेक्ष 21 मनरेगा पार्क निर्माणाधीन तथा 2 पूर्ण हुये।

# 12 लाख कमाई तक टैक्स फ्री, अन्नदताओं को भी बड़ी राहत






**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 पेश किया। निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री के रूप में संसद में लगातार आठवीं बार बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने मध्यम वर्गीय लोगो को इस बजट में बड़ी राहत दी है। इसी के साथ कई चीजों के दाम भी कम किए गए हैं। इसके लिए सरकार ने कस्टम ड्यूटी कम करने का एलान किया। इस बजट में मध्यम वर्ग को बहुत बड़ी राहत दी गई है। जिनकी आय 12 लाख रुपये तक है या जिनका वेतन 12 लाख रुपये तक है, उन्हें अब सभी करों से छूट दी गई है। इसका लाभ सरकारी शिक्षकों पुलिस विभाग सरकारी कर्मचारियों को इस बजट का लाभ मिलेगा। इस बजट में किसान, व्यापारी,युवाओं का भी विशेष ख्याल रखा गया है। देश के अन्नादाताओं को इस बजट से बड़ी राहत मिली है। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढा दी है, सरकार ने बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी है।तथा किसानों के लिए बजट में अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस बढ़ाया जाएगा। दालों में आत्मनिर्भर बनने के लिए 6 साल का मिशन शुरु करने की बात कही गई है। इस बजट में कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन की घोषणा की गई। वही इस बजट में व्यापारियों का भी खास ख्याल रखा गया है।स्र्स्स्थ के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ कर दी गई है। वही 7 टैरिफ रेट हटने का ऐलान किया गया है,अब देश में 8 टैरिफ रेट ही रहेगा।वही सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी होंगे। पहले वर्ष 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

**आम जन की मिली-जुली प्रतिक्रिया**

- किसान अनूप पाण्डेय बताते है कि बजट में किसानों का पूरा ध्यान दिया गया है। किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से 5 लाख किए जाने का फैसला किसानों के लिए बहुत फायदेमंद होगा।
- अध्यक्ष इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एसोसिएशन बस्ती के अनिल सिंह रैकवार उद्यमी इस बजट को लेकर संतुष्ट हैं। अनिल सिंह रैकवार कहते हैं कि सरकार ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है। निश्चित रूप से व्यापारियों के लिए हितकर होगा।
- प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रवीश कुमार मिश्रा बताते हैं कि सरकार ने कर्मचारियों के हित में बजट पेश किया है। 12 लाख कमाई पर टैक्स जीरो होना बहुत अच्छी बात है। निश्चित रूप से सरकारी वर्ग के कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।
- बजट को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के सदर अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष शैल शुक्ला कहते हैं कि इस बजट से सरकारी कर्मचारियों को निश्चित तौर पर 12 लाख तक कमाई पर टैक्स में मिल रहे छूट का फैसला स्वागत योग्य है।

# विकसित भारत के सपनों को साकार करने वाला बजट: हरीश द्विवेदी

■ विकसित भारत के सपनों को साकार करने वाला बजट: हरीश द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



पूर्व सांसद व असम राज्य के प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत बजट विकासोन्मुखी और करोड़ों देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं तथा संकल्पों को पूर्ण करने वाला है। इसमें गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति एवं युवाओं समेत समाज के सभी स्तर के लोगों के सम्पूर्ण विकास का रोडमैप है। कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ विकसित भारत के संकल्प के मार्ग को प्रशस्त करने वाले जन-कल्याणकारी बजट है। मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा। मोदी सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है। जो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा।

# बजट 2025 : दिल्ली-एनसीआर में बढ़ेगा मेट्रो का दायरा, 31,239 करोड़ आवंटित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने दिल्ली और एनसीआर में आवाजाही आसान करने के लिए बजट में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय बजट में मेट्रो और आरआरटीएस के लिए विशेष प्रावधान किया गया। हालांकि आरआरटीएस के अभी फिलहाल किसी नई परियोजना के बाद विशेष राशि का प्रावधान नहीं किया गया है। लेकिन देश भर की मेट्रो परियोजनाओं के लिए भारी-भरकम राशि आवंटित की गई है। परिवहन सेवाओं में महत्वपूर्ण मेट्रो और रीजनल रैपिड रेल परियोजना (आरआरटीएस) न केवल लोगों को छोटे शहरों से बड़े शहरों में कम समय में यात्रा कराएंगी, बल्कि एनसीआर समेत अन्य छोटे शहरों में शहरीकरण और औद्योगीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### इन परियोजनाओं से मिलेगी रफ्तार

दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो की कई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इनमें रिठाला से नरेला, इंद्रप्रस्थ से इंद्रलोक और साकेत जी ब्लॉक से लाजपत नगर शामिल हैं। इन परियोजनाओं के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मौजूदा समय में डीएमआरसी राजधानी में तीन कॉरिडोर के 65 किलोमीटर निर्माण पर काम कर रही है। इनमें पिंक और मजेंटा लाइन का विस्तार और नई गोल्डन लाइन का कॉरिडोर शामिल है। तीनों कॉरिडोर पर कुल 45 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे। मजलिस पार्क से मौजपुर पिंक लाइन पर 12.3 किलोमीटर के कॉरिडोर है। वहीं, जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मजेंटा लाइन और नई गोल्डन लाइन जो एयरपोर्ट से तुगलकाबाद तक होगी है। इसमें जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक दो किलोमीटर के अंडरग्राउंड बने सेक्शन हाल ही में शुरू किया गया है। बाकी निर्माणाधीन परियोजनाएं 2026 में पूरी हो जाएंगी।



### मेट्रो के लिए 31,239 करोड़ रुपये की घोषणा

बजट में देशभर के मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार ने 31,239 करोड़ रुपये की घोषणा की है। वहीं, आरआरटीएस के लिए 2918 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। इससे मेट्रो और आरआरटीएस की प्रस्तावित परियोजनाओं को जल्द धरातल पर उतारने में मदद मिलेगी।



### दिल्ली-अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर का निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ

आरआरटीएस के पहले फेज में तीन कॉरिडोर का निर्माण करने की योजना है। इसमें दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं, दिल्ली-अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर का निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। इसके अलावा अन्य कॉरिडोर में दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लभगढ़-पलवल, गाजियाबाद-खुर्जा, दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक, गाजियाबाद-हापुड़, दिल्ली-शाहदरा-बड़ौत शामिल हैं। इन परियोजनाओं को अभी मंजूरी नहीं मिली है। इनको भी जल्द मंजूरी मिल सकती है। आरआरटीएस परियोजनाओं के पूरा होने से एनसीआर के किसी भी शहर से दिल्ली में सफर करने वाले कम समय में दिल्ली पहुंच सकेंगे।

### फेज-चार की तीन परियोजनाओं को पूरा होने में नहीं होगी कोई अड़चन

दिल्ली मेट्रो के फेज-चार की तीन प्रमुख कॉरिडोर रिठाला नरेला-कुंडली, इंद्रप्रस्थ से इंद्रलोक और साकेत जी ब्लॉक से लाजपत नगर कॉरिडोर के निर्माण की मंजूरी बीते साल मिली थी। इन तीनों कॉरिडोर पर निर्माण कार्य के लिए प्री टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बजट से उम्मीद है कि इन तीनों परियोजनाओं के निर्माण को लेकर कोई अड़चन नहीं आने वाली।

### दिल्ली से मेरठ का सफर का आसान

आरआरटीएस परियोजना के तहत अभी दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर पर निर्माण कार्य चल रहा है। वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू हो चुका है। कॉरिडोर के शेष हिस्सें दिल्ली में सराय काले खां और मेरठ साउथ से मेरठ के मोदीपूरम तक पर अभी काम चल रहा है। इसे इसी साल आगामी कुछ माह में पूरा करना है। बजट में इस बार 2918 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ऐसे में निर्माणाधीन हिस्सों का काम में कोई अड़चन नहीं आने वाली है।

# यह जनता जनार्दन का बजट: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट को जमकर सराहा। उन्होंने इसे जनता जनार्दन का बजट करार दिया। उन्होंने कहा, आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट बल गुणक है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री को इसके लिए बधाई देता हूं।

### नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी? इस पर फोकस

पीएम मोदी ने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे? ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है।

### देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा

उन्होंने कहा कि आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं। इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञान

### बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है। बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है।

### न्यू एज इकोनॉमी का भी ध्यान रखा गया

उन्होंने कहा कि देश के एससी, एसटी और महिला... जो नए उद्यमी बनना चाहते हैं, उनके लिए बिना गारंटी के दो करोड़ रुपये तक के लोन की योजना भी लाई गई है। इस बजट में न्यू एज इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए गिग वर्कर्स के लिए बहुत बड़ी घोषणा की गई है। पहली बार गिग वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और फिर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। थाना टीला मोड़ अंतर्गत पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 2 अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। दिल्ली एनसीआर में मोबाइल, चैन स्नेचिंग समेत वाहन चोरी की घटनाओं को करते थे । गिरफ्तार युवकों में लकी उर्फ अनुराग और लुकमान हैं। गिरफ्तार लकी पर चोरी, छीनैती एवं गैंगस्टर एक्ट में 3 मुकदमे तथा लुकमान पर 8 मुकदमे विभिन्न धाराओं में दर्ज है।



# प्रेमी के साथ मिलकर की थी हत्या, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

इंदिरापुरम थानाक्षेत्र अंतर्गत प्रहलादगढ़ी निवासी गुमशुदा व्यक्ति के गला दबाकर हत्या के घटना का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मृतक की पत्नी और उसका प्रेमी ही उसके हत्यारे निकले। घटना के संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार रोहित द्वारा अपने पिता के गुमशुदगी की रिपोर्ट 2 दिसंबर 2024 को दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पुलिस द्वारा छानबीन के दौरान ग्रीन बेल्ट में उसके पिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। जिसके बाद पुत्र रोहित द्वारा हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया ।पोस्टमार्टम के दौरान मृत्य का कारण गला दबाकर हत्या की बात सामने आई। जिसकी जांच पड़ताल शुरू हुई और पुलिस ने उसके ऊपर 10 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया। पुलिस जांच में हत्या का कारण प्रेम प्रसंग सामने आया है। मृतक गजराज पत्नी और बेटे के साथ प्रहलादगढ़ी के मकान में रहता था । जहां उसकी जान पहचान उसी मकान में रहने वाले जय कुमार राउत से हुई। जिसके बाद उसके पत्नी से जान पहचान बढ़ाकर उसके साथ अवैध संबंध बनाने लगा। जिसकी जानकारी मृतक गजराज को हुई तो वह मकान बदलकर रहने लगा लेकिन मृतक की पत्नी और जयकुमार ग्रीन बेल्ट के जंगल में मिलने लगे। इस बात के भनक लगने के बाद कि उसकी पत्नी अपने प्रेमी से मिलने जंगल की तरफ गई है ,वह उधर चला गया जहां उसने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद लोक लाज के डर से जयकुमार और गजराज की पत्नी ने मिलकर गजराज का गला दबाकर हत्या कर दिया। फिर दोनों अपने अपने घर चले गए।

# बजट 2025: यह केवल गोली के घावों पर पट्टी लगाने जैसा: राहुल गांधी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 2025-26 के केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस बजट को %गोली के घावों के लिए बैंडेज% जैसा बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार विचारों के मामले खोखली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक संकट को हल करने के लिए आमूलचूल बदलाव की आवश्यकता है।

### कांग्रेस ने भी की केंद्रीय बजट की आलोचना

इससे पहले कांग्रेस ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा था कि यह वास्तविक मजदूरी, समग्र उपभोग में उछाल की कमी, निजी निवेश की सुस्त दरों और जटिल जीएसटी प्रणाली जैसी बीमारियों का उपचार नहीं करता है, जिससे अर्थव्यवस्था पीड़ित है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार बिहार को बड़ी सौगात दे रही है, क्योंकि वहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी नीतीश कुमार की सरकार और इसी गठबंधन का अहम हिस्से आंध्र प्रदेश को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### जनता को गुमराह करने का प्रयास: मल्लिकार्जुन खरगे

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय बजट की आलोचना की और कहा कि यह मोदी सरकार का जनता को गुमराह करने का प्रयास है, जबकि यह प्रमुख आर्थिक समस्याओं को दूर करने में विफल रही है। उन्होंने सरकार पर बीते दशक में 54.18 लाख करोड़ रुपये का एकत्र करने के बाद मध्यम वर्ग को मामूली राहत देने का आरोप लगाया। खरगे ने कहा, वित्त मंत्री खुद दावा कर रही हैं कि 12 लाख रुपये तक की छूट से सालाना 80 हजार रुपये की बजत होगी, जो कि हर महीने केवल 6,666 रुपये है। इस बीच, पूरा देश महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है। लेकिन मोदी सरकार झूठी तारीफ पाने में व्यस्त है। उन्होंने बजट की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों और हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए ठोस उपाय नहीं किए गए हैं। खरगे ने कहा, मोदी जी ने महिला सशक्तिकरण के लिए एक बड़ा कदम उठाने का वादा किया था। लेकिन कुछ नहीं हुआ। किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए कोई रोडमैप नहीं है। कृषि यंत्रों पर जीएसटी में कोई रियायत नहीं है और दलित, आदिवासी, पिछड़े, गरीब और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा या छात्रवृत्ति की कोई योजना नहीं है।

## साप्ताहिक पैठ बाजारों पर पुलिस कमिश्नर की टेढ़ी नज़र

- जाम और जनता के शिकायत पर पैठ बाजार पर रोक की कवायद

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

जनपद गाजियाबाद में हर मोहल्ले में साप्ताहिक पैठ बाज़ार का संचालन बड़े स्तर से शुरू हुआ है। जिसके बाद इसका स्वरूप बढ़ने लगा है। पैठ बाजारों के बढ़ते स्वरूप ने आम जनता की सहूलियतों से ज्यादा उनकी परेशानियां बढ़ा दिया है। पैठ बाजार अक्सर मुख्य सड़कों से लेकर कालोनियों के अंदर तक संचालित होते जा रहे हैं। जिसमें आवागमन के साथ साथ लड़ाई झगड़े के साथ मोबाइल चोरी और समान चोरी की घटनाएं आम होती जा रही हैं। जिसको लेकर पुलिस कमिश्नर ने सख्त तेवर अपनाते हुए साप्ताहिक पैठ बाजारों पर नियंत्रण की कार्रवाई शुरू करने की बात कही थी। जनपद सीमा में साप्ताहिक पैठ बाजार एक संगठित व्यापार है। जिसका संचालन राजनीतिक कार्यकर्ताओं और माननीय नेताओं के करीबी लोगों द्वारा संचालित किया जाने के आरोप लगते है। जिसके कारण इनके खिलाफ शासन और प्रशासन में शिकायत बेअसर साबित होती है। दैनिक आधार पर तहबाजारी की तरह पैठ बाज़ार ठीकेदारी व्यवस्था के तहत इसका संचालन किया जाता है। पैठ बाजार संचालकों की दबंगई ऐसी है कि सारे रास्ते बंद करके बाजार संचालित किया जाता है। अगर किसी को आकस्मिक रूप से अथवा अस्पताल की एम्बुलेंस की जरूरत पड़ जाए तो भी रेहड़ी पटरी वाले अपना स्थान नहीं छोड़ते हैं। जो जन समस्या का बड़ा कारण बन रहा है। सार्वजनिक जगहों और राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी के कारण ऐसे अवैध व्यापार राजनीतिक संरक्षण के जमकर फल फुल रहे हैं।

# कोयला खदान हमला मामले में एनआईए की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने झारखंड तेतरियाखंड कोयला खदान आतंकी हमला मामले में खूंखार गैंगस्टर अमन साहू के छोटे भाई के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। शनिवार को एक बयान में जांच एजेंसी ने यह जानकारी साझा की है। मामले में एनआईए ने कहा कि यह हमला दिसंबर 2020 में सुजीत सिन्हा और अमन साहू आतंकी गिरोह के सदस्यों की तरफ से झारखंड के लातेहार में जबरन वसूली और कोयला खदान में व्यवधान पैदा करने के उद्देश्य से रची गई आपराधिक साजिश के तहत किया गया था। जांच एजेंसी की तरफ से जारी बयान के अनुसार, झारखंड के रांची जिले के आकाश कुमार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की कई धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है। जांच एजेंसी ने अपने बयान में कहा गया है कि वह अमन साहू और उसके सहयोगियों की कई संपत्तियों में भी धन का निवेश कर रहा था। इसमें आगे कहा गया है कि अमन साहू गिरोह झारखंड में कई जघन्य अपराधों में शामिल रहा है, जिसमें बम विस्फोट, गोलीबारी, आगजनी, साथ ही पुलिस अधिकारियों और जेल अधिकारियों पर गोलीबारी शामिल है। एनआईए जांच के अनुसार, यह गिरोह सरकारी काम और कानून व्यवस्था को बाधित करने के अलावा व्यापारियों और ठेकेदारों को जबरन वसूली/लेवी वसूलने के लिए आतंकित करने में भी शामिल रहा है। एनआईए ने कहा कि गिरोह ने अपने हिंसक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए राज्य के बाहर नक्सली संगठनों और अन्य आतंकी गिरोहों के साथ संबंध भी बनाए हैं।

### अब तक 26 आरोपियों पर पांच आरोप पत्र दायर

इसके साथ ही एनआईए ने मामले में अब तक 26 आरोपियों के खिलाफ पांच आरोप पत्र दायर किए हैं। मार्च 2021 में जांच का जिम्मा संभालने वाली एनआईए ने जांच के दौरान पाया कि झारखंड भर में कई आपराधिक मामलों में संलिप्तता के कारण वर्तमान में जेल में बंद आकाश साहू सीधे तौर पर खदान हमले की साजिश में शामिल था। उसने कहा कि वह आतंकी गिरोह के लिए आतंकी फंड को पनाह देने, उसे चैनलाइज करने और निवेश करने तथा बुनियादी ढांचा तैयार करने में लगा हुआ था। आकाश साहू आतंकी गिरोह का वित्तीय नोड था और कई चैनलों के जरिए लेवी और जबरन वसूली करता था। वित्तीय परतों का उपयोग करते हुए, वह कई फर्जी फर्मों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से उगाही गई धनराशि को सफेद कर रहा था।

# भाजपा में शामिल हुए आप के आठ विधायक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान को केवल चार दिन शेष बचे हैं। 5 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले राजधानी में बड़े-बड़े उलटफेर होते हुए नजर आ रहे हैं। इस कड़ी में जिन आठ विधायकों को शुक्रवार को आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया था, वो सभी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

### किसी को नहीं दिया था आप ने टिकट

बता दें कि 24 घंटे पहले ही इन सभी ने आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार और भेदभाव का आरोप लगाकर पार्टी से इस्तीफा दिया था। इन सभी को आप से टिकट नहीं मिला था, जिसकी वजह से ये सभी नाराज चल रहे थे। जबकि आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि इन विधायकों पर भाजपा और कांग्रेस ने दबाव बनाया है।

### सोशल मीडिया पर वायरल वायरल हैं त्यागपत्र

पार्टी से इस्तीफा देने वाले अधिकांश विधायकों के त्यागपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इस्तीफा देने वाले कस्तूरबा नगर से विधायक मदन लाल का कहना था कि उन्होंने छह अन्य विधायकों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को अपने त्यागपत्र भी भेज दिए हैं। मदन लाल के अलावा इस्तीफा देने वाले आप विधायकों में भावना गौर (पालम), नरेश यादव (महरौली), रोहित महरौलिया (त्रिलोकपुरी), पवन शर्मा (आदर्श नगर), बीएस जून (बिजवासन) और राजेश ऋषि (जनकपुरी), गिरीश सोनी (मादीपुर) शामिल हैं। इनका दावा है कि पार्टी और उसके नेताओं ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। जबकि वे वर्षों से ईमानदारी से काम कर रहे हैं। आप विधायकों के इस्तीफा देने के बाद दो अन्य विधायक ऋतुराज झा और दिलीप पांडे मीडिया के सामने आए। इन दोनों विधायकों को भी इस बार उम्मीदवार नहीं बनाया गया है। दोनों विधायकों ने शुक्रवार को वीडियो जारी कर कहा कि भाजपा और कांग्रेस द्वारा पद का लालच देकर आम आदमी पार्टी छोड़ने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

### विधायक ने की आलोचना

सात विधायक के इस्तीफे पर दिलीप पांडे और ऋतुराज झा ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें भी इस बार टिकट नहीं दिया, लेकिन वह पार्टी नहीं छोड़ रहे। वह पार्टी के सच्चे सिपाही हैं। झा ने कहा कि केजरीवाल ने उन्हें सब कुछ दिया और उन्हें 10 साल तक किरारी का विधायक बनाए रखा। आने वाले दिनों में उन्हें और जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

# प्रधानमंत्री के सुरक्षा दस्ते एसपीजी के बजट में कटौती, नक्सल के खात्मे के लिए सीआरपीएफ के बजट में भारी इजाफा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



वित्त वर्ष 2025-26 के लिए शनिवार को लोकसभा में पेश किए गए बजट में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लिए निर्धारित राशि में अच्छा खासा इजाफा देखने को मिला है। खास बात है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप एसपीजी के बजट में कटौती की गई है। गत वर्ष एसपीजी का बजट 506.32 करोड़ रुपये था, जबकि 2023-24 में यह बजट 446.82 करोड़ रुपये रहा था। वहीं इस बार एसपीजी के लिए 489 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल %सीआरपीएफ% जो उत्तर पूर्व, जम्मू कश्मीर और नक्सल में आतंकियों/नक्सलियों से लोहा ले रहा है, उसके बजट में भारी इजाफा हुआ है। गत वर्ष सीआरपीएफ के हिस्से में 31,543.20 करोड़ रुपये आए थे। इस बार के केंद्रीय बजट बजट में सबसे बड़े केंद्रीय बल सीआरपीएफ को 35,147.17 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बता दें कि गत वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में छोटी-मोटी चूक हुई हैं। पंजाब में 5 फरवरी 2022 को पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर बड़ी चूक सामने आई थी। पीएम मोदी बठिंडा से सड़क मार्ग के जरिए फिरोजपुर आ रहे थे। रास्ते में किसानों ने जाम लगा दिया। नतीजा, पीएम मोदी के काफिले को फिरोजपुर के प्यारेआणा फ्लाईओवर पर करीब 20 मिनट तक रूकना पड़ा। सुरक्षा कारणों की वजह से पीएम मोदी के काफिले ने फिरोजपुर जाने की बजाए यू-टर्न ले लिया था। एयरपोर्ट पर पहुंचे पीएम मोदी ने कहा था, वो जिंदा वापस लौट आए हैं, इसके लिए सीएम का धन्यवाद। प्रधानमंत्री की सुरक्षा चूक मामले में कई अफसरों पर गाज गिरी थी। उसके बाद एसपीजी की सुरक्षा प्रणाली में कई बदलाव किए गए। तकनीकी बदलावों पर खास फोकस किया गया। एसपीजी दस्ते में सर्विलांस के नई उपकरण शामिल किए गए। यही वजह रही कि इस बार स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के लिए तय बजट में कटौती की गई है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने पिछले 5 साल में देश में कई प्रकार के खतरों से निर्णायक लड़ाई लड़कर वर्चस्व स्थापित किया है। 5 साल पहले तक हमारे देश के सामने दशकों से चले आ रहे तीन नासूर-पूर्वोत्तर, वामपंथी उग्रवाद और कश्मीर देश की शांति, कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और भविष्य को चैलेंज दे रहे थे। सरकार की सख्त नीतियों और कठोर निर्णयों के कारण हमारी आने वाली पीढ़ी को इन तीनों खतरों की चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हमने इन खतरों पर लगभग निर्णायक विजय प्राप्त कर ली है। शाह ने कहा कि इन तीनों क्षेत्रों में हिंसक घटनाओं में 70त्न और मृत्यु में लगभग 86त्न की कमी दर्ज हुई है।

### 2024-25 का बजट ...

- एसपीजी के लिए 506.32 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे।
- गुप्तचर ब्यूरो का बजट 3,823.83 करोड़ रुपये तय किया गया।
- सीआरपीएफ को 31,543.20 करोड़ रुपये मिले थे।
- बीएसएफ के लिए 25,472.44 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे।
- सीआईएसएफ को 14,331.89 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।
- आईटीबीपी के लिए 8,634.21 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे।
- एसएसबी को 8,881.81 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।
- असम राइफल्स को 7,428.33 करोड़ रुपये का बजट मिला था।

### 2025-26 का बजट ...

- सीआरपीएफ को 35,147.17 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।
- सीमा सुरक्षा बल को 28231.27 करोड़ रुपये मिले हैं।
- सीआईएसएफ के लिए 16084.83 करोड़ रुपये का बजट मंजूर
- आईटीबीपी को 10370.08 करोड़ रुपये अलॉट हुए हैं।
- असम राइफल को 8274.29 करोड़ रुपये का बजट मिला है।
- एसएसबी के लिए 10237.28 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं।
- एसपीजी के लिए 489 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है।
- आईबी का बजट 3893.35 करोड़ रुपये रहेगा।

### भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के बजट में भी इजाफा हुआ

शाह ने कहा था, आसूचना ब्यूरो आईबी की कार्यपद्धति, सतर्कता, सक्रियता, निर्णायक भूमिका निभाना और यश लेने के समय किसी और को आगे करने की त्याग और समर्पण की एक परंपरा ने आज देश को सुरक्षित रखा हुआ है। पिछले 10 साल में आसूचना ब्यूरो की तत्परता, तीक्ष्णा और परिणाम लाने की क्षमता में काफी सुधार हुआ है। आसूचना ब्यूरो ने अपनी निष्ठा, साहस, त्याग और समर्पण की परंपरा को न केवल बरकरार रखा है बल्कि इसे आगे भी बढ़ाया है। आधुनिक चुनौतियों के सामने कठिन परिस्थितियों में विगत 5 साल में आसूचना ब्यूरो ने देश को सुरक्षित रखा है। खुफिया तंत्र यानी आईबी के बजट में इस बार मामूली सी बढ़ोतरी की गई है। जहां 2023-24 के दौरान आईबी के लिए 3,268.94 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए थे, वहीं गत वर्ष गुप्तचर ब्यूरो का बजट 3,823.83 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इस बार आईबी का बजट 3893.35 करोड़ रुपये रखा गया है। बजट में अलॉट हुई 3,823.83 करोड़ रुपये की राशि से सर्विलांस के नए उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके अलावा ब्यूरो में मौजूद तकनीकी स्टाफ की संख्या में इजाफा किया जाएगा। भारत चीन बॉर्डर पर तैनात आईटीबीपी के बजट में बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह से भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के बजट में भी इजाफा हुआ है। केंद्रीय बजट में एसएसबी और सीआईएसएफ के बजट में भी वृद्धि देखने को मिली है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)